राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 मुझे नहीं लगता की हम...

न्यू हैंपशर में रिपब्लिकन... 12

वर्ष : 11 | अंक : 253 | पटना, गुरुवार, 25 जनवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

ठंड का कहर : कोहरे व शीतलहर के साथ कनकनी बनी आफत, जनजीवन प्रभावित

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजधानी सहित सूबे के अधिकांश जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कंपकंपाती ठंड व शीतलर से पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त है। घर से निकलना दुभर हो गया है। कोहरे व शीतलहर के साथ कनकनी आफत बन गई है। बच्चों व बुजूर्गों के लिए यह ठंड किसी श्राप से कम नहीं। बेजुबान पशु पक्षियों का भी बुरा हाल है। मौसम विभाग की माने तो अगले कुछ दिन और राहत मिलने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के मुताबिक 25 से 29 जनवरी के बीच बिहार में अति शीत लहर पड़ने की संभावना है। जिसे देखते हुए मौसम विभाग ने सभी जिलों को रेड जोन घोषित कर दिया है। साथ ही मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि इस दौरान बिना जरुरत घरों से बाहर नहीं निकले। मौसम विभाग के द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार राज्य के अधिकांश भागों के निचले क्षोभमंडल में बर्फीली ठंडी पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी हवा का प्रवाह जारी है, जिसके कारण 12 जनवरी से राज्य में शीत दिवस,अति शीत दिवस जैसी परिस्थिति बनी हुई है। आज के विश्लेषण के अनुसार एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ 25 जनवरी से और दूसरा 27 जनवरी 2024 से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। जिसके प्रभाव से राज्य के अधिकांश भागो में 25 जनवरी से 29 जनवरी के दौरान अतिशीत दिवस, शीत दिवस जैसी स्थिति जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया है कि इसके साथ ही अगले 5 दिनों के दौरान राज्य के कुछ जगहों में घने कोहरे का भी पूवानुर्मान है। मौसम विभाग ने शीतलहर से बचाव को लेकर चेतावनी भी जारी की है। साथ ही बच्चे एवं बुजुर्गो को ठण्ड से बचने की सलाह दी जाती है गर्म कपडे धारण करे तथा गर्म पेय पदार्थ का सेवन करे। घने कोहरे के दौरान सरकार द्वारा निर्धारित यातायात नियमों का पालन करें। मकर संक्रांति के बाद जनवरी में यह पिछले दशक में सबसे कम आंका जा रहा है।

गया का न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री पहुंचा : राज्य के सभी जिलों या जगहों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। छह जिलों में तो तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से भी कम रहा। प्रदेश में गया बुधवार को सबसे ठंडा रहा, जहां का न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पटना मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को पटना का न्यूनतम 10.0 डिग्री, गया का 5.4 डिग्री, भागलपुर का 8.0 डिग्री, पूर्णिया का 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एस के पटेल ने बताया कि फिलहाल ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है। उन्होंने बताया कि अगले दो दिनों तक यही स्थिति रहने की संभावना है। हालांकि उन्होंने पूवानुर्मान में कहा कि 29 जनवरी के बाद कुछ राहत की उम्मीद है। न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बहुत कम अंतर रहने तथा दिनभर कोहरा रहने की वजह से लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि ठंड देर से शुरू हुई है, इस कारण देर तक रहेगी। अगले सप्ताह पश्चिमी विक्षोभ के कारण ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है।

आठवीं तक की पढ़ाई को 25 जनवरी तक बंद : पटना जिला प्रशासन ने ठंड के कारण सभी सरकारी, निजी स्कूलों तथा कोचिंग में क्लास आठ तक की पढ़ाई को 25 जनवरी तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं। क्लास नौवीं तथा उसके ऊपर की पढ़ाई सुबह नौ बजे से शाम 3.30 बजे के बीच होगी। इससे पहले क्लास आठ तक की पढ़ाई 23 जनवरी तक बंद थी।

अधिकतम तापमान 15°C

न्यूनतम तापमान 1°C

बाजार

सोना	64,410
चांदी	78,900
सेंसेक्स	71,360
निफ्टी	21,453

संक्षिप्त खबरें

मुर्मु, मोदी और खड़गे ने उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा, उत्तर प्रदेश दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। देश में सबसे अधिक आबादी वाला यह राज्य भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मैं उत्तर प्रदेश के कौशलयुक्त, परिश्रमी और निष्ठावान लोगों के सुख-समृद्धि की मंगल कामना करती हूं। मुझे विश्वास है कि यह राज्य और यहां के निवासी सदा विकास के पथ पर अग्रसर रहेंगे।श्री मोदी ने कहा, अध्यात्म, ज्ञान और शिक्षा की तपोभूमि उत्तर प्रदेश के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस की अनेकानेक शुभकामनाएं। बीते सात वर्षों में प्रदेश ने प्रगति की एक नई गाथा लिखी है, जिसमें राज्य सरकार के साथ जनता-जनार्दन ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की है। मुझे विश्वास है कि विकसित भारत की संकल्प यात्रा में उत्तरप्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा।श्री खड़गे ने कहा, अपने आध्यात्मिक गौरवशाली इतिहास से परिपूर्ण, जहाँ भगवान श्री राम हों, भगवान श्रीकृष्ण हों, बाबा विश्वनाथ हों, कबीर हों, या गुरु रैदास सभी के पावन चरण समाएँ हैं – उस अनूठी गंगा-जमुनी संस्कृति के महासंगम, उत्तर प्रदेश के सभी नागरिकों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। अनेकों संतो, महान विभूतियों और स्वतंत्रता सेनानियों की पावन जन्मभूमि व कर्मभूमि है, ये महान प्रदेश। आप सभी की खुशहाली व तरक़्क़ी की हम कामना करते हैं।

मीनाक्षी लेखी ने किया सहज गीता का विमोचन

नई दिल्ली। विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने भारतीय सभ्यता और संस्कृति को अनूठा बताया है और कहा है कि आनंदमय और सरल जीवन के लिये गीता के मूल सिद्धांत को अपनाया जा सकता है। श्रीमती लेखी ने यहां एक समारोह में श्री भगवद्गीता के सरल अनुवाद की पुस्तक सहज गीता का विमोचन करते हुये कहा कि आम जनमानस में गीता को उसको वास्तविक अर्थो में पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक इस उद्देश्य की पूर्ति करती है। इस अवसर पर राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश और पुस्तक के लेखक अविनाश कुमार उपस्थित रहे।

जयंती पर याद किए गए जननायक कर्पूरी ठाकुर, श्रद्धासुमन अर्पित

कर्पूरी ठाकुर से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही केंद्र सरकार : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को जननायक कपूर्री ठाकुर की 100वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनके नेतृत्व में केन्द्र सरकार निरंतर कपूर्री ठाकुर से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है जो सरकार की उन नीतियों में भी परिलक्षित होती हैं, जिनसे देशभर में सकारात्मक बदलाव भी आया है। भारत सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने का फैसला किया। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में मंगलवार इसकी घोषणा हुई। यह घोषणा कपूर्री ठाकुर की 100वीं जयंती से एक दिन पहले की गई।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देशभर के मेरे परिवारजनों की ओर से जननायक कपूर्री ठाकुर जी को उनकी जन्म-शताब्दी पर मेरी आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। इस विशेष अवसर पर हमारी सरकार को उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। ठाकुर ने भारतीय समाज और राजनीति पर जो अविस्मरणीय छाप छोड़ी है, उसे लेकर प्रधानमंत्री ने अपनी भावनाओं और विचारों को नमो ऐप पर लिखे अपने एक लेख के माध्यम से एक्स पर साझा किया। उन्होंने कहा, हमारी सरकार निरंतर जननायक कपूर्री ठाकुर जी से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है। यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देशभर में सकारात्मक बदलाव आया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी त्रासदी यह रही थी कि कपूर्री ठाकुर जैसे कुछ नेताओं को छोड़कर सामाजिक न्याय की बात बस एक राजनीतिक नारा बनकर रह गई थी। उन्होंने कहा, कपूर्री ठाकुर की दृष्टि से प्रेरित होकर हमने इसे शासन के एक प्रभावी मॉडल के रूप में लागू किया। मैं विश्वास और गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज वह जरूर गौरवान्वित होते। उन्होंने कहा कि गरीबी से बाहर निकलने वालों में समाज के सबसे पिछड़े तबके के लोग सबसे ज्यादा हैं, जो आजादी के 70 साल बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति के रूप में उन्हें कपूर्री ठाकुर के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। उन्होंने कहा, मेरे जैसे कई लोगों के जीवन में कपूर्री बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यवश, हमने कपूर्री ठाकुर को 64 वर्ष की आयु में ही खो दिया। हमने उन्हें तब खोया, जब देश को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भले ही वह आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के अपने कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। उन्होंने कहा, वह एक सच्चे जननायक थे।

जाति जनगणना ही कर्पूरी ठाकुर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महान नेता कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हुए उन्हें सामाजिक न्याय का महान योद्धा बताया और जन्म शताब्दी पर आज नमन किया। श्री गांधी ने कहा, सामाजिक न्याय के अप्रतिम योद्धा जननायक कपूर्री ठाकुर जी को उनकी जन्म शताब्दी पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वह निश्चित ही भारत के अनमोल रत्न हैं और उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न दिए जाने के फैसले का स्वागत है। उन्होंने भाजपा सरकार पर भी हमला किया और कहा कि 2011 में हुई सामाजिक और आर्थिक जातीय जनगणना के नतीजों को भाजपा सरकार द्वारा छिपाना और राष्ट्रव्यापी जनगणना के प्रति उनकी उदासीनता सामाजिक न्याय के आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास है। भागीदारी न्याय भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पांच न्यायों में से एक प्रमुख न्याय और सामाजिक समानता का केंद्र बिंदु है जिसकी शुरूआत सिर्फ जातिगत जनगणना के बाद ही हो सकती है। श्री गांधी ने कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने को सही कदम बताया और कहा सही मायने में यह कदम जननायक कपूर्री ठाकुर जी और पिछड़ों एवं वंचितों के अधिकारों के लिए उनके संघर्षों को सच्ची श्रद्धांजलि भी होगा। देश को अब सांकेतिक राजनीति नहीं वास्तविक न्याय चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग की प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, जननायक कपूर्री ठाकुर जी को भारत रत्न दिया जाना भले ही मोदी सरकार की हताशा और पाखंड को दशार्ता है फिर भी कांग्रेस उनको मरणोपरांत भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करती है। सभी वर्गों को भागीदारी देने के लिए जातिगत जनगणना कराना ही सही मायनों में जननायक कपूर्री ठाकुर जी को सबसे उचित श्रद्धांजलि होती मगर मोदी सरकार इससे भाग रही है।

जननायक की बातों को अपने जीवन पर भी किया लागू : नीतीश

- सीएम ने पीएम मोदी का जताया आभार
- कहा-जननायक को भारत रत्न दिया जाना खुशी की बात

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने रामनाथ ठाकुर को फोन किया था। रामनाथ ठाकुर ने मुझे यह बात बताई। उन्होंने कहा कि बिहार में वर्ष 2005 में हमारी सरकार बनने के बाद वर्ष 2007 से ही हमलोग कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग करते रहे हैं। अब मिल गया है तो भले ही भाजपा वाले इसके लिए हमारा नाम नहीं लें, लेकिन हम मीडिया के माध्यम से उनका आभार जताते हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को जदयू की ओर से जननायक के जन्मशताब्दी पर वेटनरी कॉलेज में आयोजित जन्मशताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि जननायक को भारत रत्न प्रदान किया गया है। उनको भारत रत्न मिले हम तो शुरू से ही कह रहे हैं। पहले कांग्रेस की सरकार और बाद में वर्तमान सरकार को हम अनुरोध करते रहे की कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न मिले। पहले के लोग नहीं किए लेकिन इस सरकार ने मांग मान ली है। इसके लिए हम प्रधानमंत्री को बधाई देते हैं। उन्होंने हमारी मांग को स्वीकार कर लिया। हमने जननायक कपूर्री ठाकुर के कामों को आगे बढ़ने का काम शुरू किया है। अब सबको लगने लगा है कि उनको इज्जत करेंगे तब उनको भी कुछ मिल सकता है। जिस कारण से भी हो उन्होंने ने भारत रत्न दिया है, हमें खुशी है और हम उन्हें बधाई देते हैं। वहीं, सीएम नीतीश ने देश में बढती परिवारवादी राजनीति पर चिंता जताई। उन्होंने कपूर्री ठाकुर को याद करते हुए कहा कि दो बार मुख्यमंत्री और कई बार अलग अलग सदनों के लिए निर्वाचित होने के बाद भी कपूर्री ठाकुर ने कभी भी अपने परिवार के लोगों को राजनीति में आगे नहीं बढ़ाया। उच्च आदर्शों की बात करने वाले कपूर्री ने उन तमाम बातों को अपने जीवन पर भी लागू किया। जदयू के राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर का जिक्र करते हुए सीएम नीतीश ने कहा कि इन्हें भी राजनीति में हम ही लेकर आए हैं। कपूर्री ठाकुर के निधन के उपरांत ही हमने रामनाथ ठाकुर को राजनीति में आगे बढ़ाया। उन्हें राज्यसभा सांसद के साथ ही जदयू के महासचिव का भी पद दिया। लेकिन जब तक कपूर्री ठाकुर रहे उन्होंने कभी भी अपने परिवार के लोगों के लिए राजनीति में कोई जगह नहीं बनवाई। वहीं सीएम नीतीश ने इस बात पर चिंता जाहिर की कि आजकल परिवारवादी राजनीति को खूब बढ़ावा मिल रहा है। नीतीश ने कहा कि हमने कभी अपने परिवार को आगे नहीं बढ़ाया।

संकल्प लिया था.. कर्पूरी तेरे अरमानों को दिल्ली तक पहुंचाएंगे : लालू

- डॉ राम मनोहर लोहिया और काशीराम को मिले भारत रत्न

पटना। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कहा कि पटना के बांस घाट में जननायक के अंतिम संस्कार के समय हम लोगों ने कहा था कपूर्री तेरे अरमानों को दिल्ली तक पहुंचाएंगे। उस अरमान को लेकर हम लोगों ने केंद्र में सत्ता मिलते ही गरीबों पिछड़ों अतिपिछड़ों के लिए वीपी सिंह के शासनकाल में मंडल कमीशन रिपोर्ट लागू किया। उस समय मंडल कमीशन रिपोर्ट लागू होते ही कोहराम मच गया और और लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। उस समय भाजपा ने मंडल कमीशन रिपोर्ट लागू होने के बाद कमंडल की राजनीति शुरू की और रथ यात्रा निकाला सबको पता है कि जब भी पिछड़ों को आकर अधिकार देने की बात होती है भाजपा इसका विरोध करती है। श्री यादव ने उक्त बाते जननायक की 100वीं जयंती पर राजद की ओर से श्री कृष्ण मेमोरियल सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने डॉ राम मनोहर लोहिया और काशीराम को भारत रत्न देने की मांग की है। राजद सुप्रीमो ने कहा कि जिस तरह से जननायक कपूर्री ठाकुर जी को भारत रत्न दिया गया है ,उसी तरह से डॉ राम मनोहर लोहिया और काशीराम को भी भारत रत्न मिलना चाहिए। इन दोनो के योगदान से भारत में समाजवादी विचारधारा को मजबूती मिली, अति पिछड़ा और दलित समाज को हर स्तर पर ऊंचा उठाने का काम किया। श्री यादव ने आगे कहा कि नीतीश और तेजस्वी मिलकर बिहार में जातीय गणना कराई और आंकड़ों के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था को 75 प्रतिशत किया । बिहार में लगातार नौजवानों को रोजगार दिए जा रहे हैं काम हो रहे हैं लेकिन भाजपा हमेशा इसके खिलाफ गलतफहमी पैदा करती है। लेकिन हम सभी इस बात के लिए संकल्पित हैं कि समाज के शोषित ,वंचित, पिछड़े, अति पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग को उसका हक और अधिकार देंगे।

लालू प्रसाद ने जननायक के सपनों को पूरा किया : तेजस्वी

पटना। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने जननायक के सपनों को पूरा करने का काम किया है। बुधवार को जननायक की 100 वीं जयंती पर राजद की ओर से श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि लालू जी ने कपूर्री जी के काम को आगे बढ़ाया। उस जमाने में दलितों व पिछड़ों को खटिया पर बैठने नहीं दिया जाता था और कुआं से पानी नहीं लेने दिया जाता था। तब लाल जी ने कपूर्री जी के विचार को अपनाते हुए लोगों को जुबान दी और बिना किसी डर से जीने का अधिकार दिया। तेजस्वी ने आगे कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि लालू जी के लालन पालन में आगे बढ़ा आप लोगों के आशीर्वाद समर्थन से आज मैं बिहार का उपमुख्यमंत्री हूं। लालू जी ने कभी सांप्रदायिक शक्तियों के सामने झुकना पसंद नहीं किया। चाहे इनका जितना भी संकट और तूफान तथा झंझावात का सामना करना पड़ा हो। वह अपने विचार से नहीं डिगे। उन्होंने आगे कहा कि जो वादा किया गया था महागठबंधन सरकार बनने के बाद उसे पूरा किया। महागठबंधन सरकारने जाति आधारित गणना कराकर आंकड़ों के आधार पर 75 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि आज देश में अमन चैन को खराब करने का लगातार प्रयास चल रहा है, और असल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाया जा रहा है। जो लोग धर्म और जाति की राजनीति करते हैं। उनको समझना चाहिए कि हम गरीबों शोषितों, वंचितों पिछड़ों ,अति पिछड़े को उसका हक और अधिकार दे रहे हैं।

इंडिया गठबंधन को झटका, ममता का अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान

प्रात : किरण

कोलकाता/एजेंसी। नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ एकजुट हुए विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है। गठबंधन में शामिल तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी ने बुधवार को अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। पूर्व बर्दवान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बंगाल में किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी बल्कि अकेले चुनाव लड़ेगी। ममता के मुताबिक, टीएमसी बंगाल में किसी से तालमेल नहीं करेगी। बंगाल में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की कोई जानकारी नहीं दी गई। न ही कांग्रेस ने इस बारे में उन लोगों से कोई चर्चा की। सीएम ममता ने कहा कि उनकी ओर से जो भी प्रस्ताव दिए गए थे उन्हें ठुकरा दिया गया। टीएमसी सुप्रीमो ने बताया कि कांग्रेस का पश्चिम बंगाल से कोई लेना-देना नहीं है। पहले दिन ही उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया गया था। ममता बनर्जी के मुताबिक, कांग्रेस के साथ मेरी कोई चर्चा नहीं हुई। मैंने हमेशा कहा है कि बंगाल में हम अकेले लड़ेंगे। मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि देश में क्या किया जाएगा लेकिन हम एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी हैं और बंगाल में हैं। हम अकेले भाजपा को हरा देंगे। हम गठबंधन का हिस्सा थे लेकिन राहुल गांधी की न्याय यात्रा हमारे राज्य से

ममता के बिना इंडिया गठबंधन की कल्पना नहीं : कांग्रेस

नई दिल्ली/गुवाहटी/एजेंसी। कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन का अहम हिस्सा हैं और उनके बिना इस गठबंधन का कोई महत्व नहीं है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने असम के गुवाहाटी में आज संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा, ममता ने कहा कि हम भाजपा को हराना चाहते हैं। भाजपा को हराने के लिए कोई कदम पीछे नहीं छोड़ेगे और उनकी इसी भावना के साथ राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर रही है। सुश्री ममता के भारत जोड़ो न्याय यात्रा संबंध एक बयान पर उन्होंने कहा, कुछ अवरोध आते रहते हैं उनको पार किया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस और ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन की बहुत बड़ी नेता हैं और उनके बिना इंडिया गठबंधन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

अभ्यास युद्धाभ्यास के दौरान तीनों वायु सेनाओं के बीच तालमेल और पारस्परिकता को मजबूत करने पर जोर

भारत, फ्रांस, यूएई ने अरब सागर के ऊपर किया विशाल हवाई युद्धाभ्यास

प्रात : किरण/एजेसी

नई दिल्ली। भारत, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात ने अरब सागर के ऊपर एक विशाल हवाई युद्धाभ्यास किया। यह युद्धाभ्यास क्षेत्र से गुजरते रणनीतिक जलमार्गों पर कई वाणिज्यिक जहाजों को हुती आतंकवादियों द्वारा निशाना बनाए जाने को लेकर बढ़ रही वैश्विक चिंताओं की पृष्ठभूमि में हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को आयोजित युद्धाभ्यास डेजर्ट नाइट में तीन देशों की वायु सेनाओं की कई अग्रिम पंक्ति के विमान और लड़ाकू विमान शामिल हुए। उन्होंने बताया कि युद्धाभ्यास में भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29 और जगुआर लड़ाकू विमान के अलावा एडब्ल्यूएसीएस (हवाई प्रारंभिक चेतावनी और नियंत्रण विमान), सी-130-जे परिवहन विमान और हवा में ही विमानों में ईंधन भरने वाले विमान शामिल हुए। भारतीय वायुसेना ने बताया, डेजर्ट नाइट नाम से आयोजित

युद्धाभ्यास के दौरान मुख्य रूप से तीनों वायु सेनाओं के बीच तालमेल और पारस्परिकता को मजबूत करने पर जोर था। यह युद्धाभ्यास भारतीय एफआईआर (उड़ान सूचना क्षेत्र) में हुआ और भारतीय वायुसेना के विमानों ने देश के कई ठिकानों से उड़ान भरी। दुनिया भर में सभी हवाई क्षेत्र को एफआईआर में विभाजित किया गया है और उनमें से प्रत्येक को एक नियंत्रक प्राधिकरण द्वारा प्रबंधित किया जाता है जो यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है कि इसके भीतर उड़ान भरने वाले विमानों को हवाई यातायात सेवाएं प्रदान की जाएं। यह युद्धाभ्यास लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर हुती आतंकवादियों के बढ़ते हमलों के बीच हुआ। भारतीय वायुसेना ने बताया, 23 जनवरी को, भारतीय वायु सेना ने फ्रांसीसी हवाई व अंतरिक्ष बल और संयुक्त अरब अमीरात की वायु सेना के साथ डेजर्ट नाइट युद्धाभ्यास का आयोजन किया। बयान के मुताबिक, फ्रांस की ओर से राफेल लड़ाकू विमान और एक बहु भूमिका टैंकर परिवहन विमान शामिल हुए जबकि यूएई की वायु सेना की ओर से एफ -16 लड़ाकू विमान युद्धाभ्यास में शामिल हुए। फ्रांस और यूएई वायुसेना के विमानों ने संयुक्त अरब अमीरात में अल धफरा हवाई अड्डे से उड़ान भरी। भारतीय वायुसेना ने कहा, युद्धाभ्यास के दौरान हुए संवाद से प्रतिभागियों को परिचालन ज्ञान, अनुभव और सर्वोत्तम तरीकों के आदान-प्रदान का अवसर मिला।

संक्षिप्त खबरें

जन के नायक थे कर्पूरी ठाकुर

पटना सिटी (प्राकि)। जननायक पूर्व मुख्यमंत्री स्व कपूर्री ठाकुर की जयंती रानीपुर खिड़की मोड़ पर आयोजित की गई। इसमें ओम प्रकाश ठाकुर, जगदीश शर्मा, राम इकबाल यादव, रामकरण यादव, रामस्वरूप यादव, राजिकशोर ठाकुर आदि शामिल थे। इस दौरान दीप जला कर उन्हें नमन किया गया। अति पिछड़ा विकास मंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्षता दिनेश ठाकुर और संचालन जयकृष्ण प्रसाद चंद्रवंशी ने किया। आयोजन में ललन कुमार, गोबर्धन प्रसाद आदि शामिल थे। सामाजिक न्याय समरस आंदोलन की ओर से नवशक्ति निकेतन सामुदायिक भवन में प्रदेश अध्यक्ष अरुण स्टार चंद्रवंशी की अध्यक्षता में जयंती मनायी गई। इसमें एहसान अली अशरफ, अमनदीप, पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा, नरेश चौधरी, सच्चिदानंद प्रसाद स्वर्णकार, दीपक, राहुल आदि थे। इन सबों ने भारत सरकार की ओर से भारत रत्न दिए जाने की घोषणा पर आभार जताया। पूर्व पार्षद अवधेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित जयंती में रामजी योगेश, शारदानंद, प्रकाश कोठारी, राजकुमार शर्मा आदि ने विचार रखे।

प्राण प्रतिष्ठा पर निकला शोभायात्रा

पटना सिटी (प्राकि)। प्राचीन शिव मंदिर, बुंदेल टोली मालसलामी में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान किया गया। बुधवार को वेद आह्वान पूजन के बाद प्रतिमाओं का नगर परिभ्रमण शोभायात्रा निकाला गया। यह शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करने के बाद शोभायात्रा वापस मंदिर परिसर में लौटा। इसके बाद अधिवास का अनुष्ठान कराया गया। संयोजक पूर्व पार्षद शेखर सिंह बुंदेला ने बताया कि गुरुवार को प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान, हवन और पूणार्हुति, कर्म का अनुष्ठान और शुक्रवार को अभिषेक के बाद प्रसाद का भंडारा होगा।

भागवत कथा का आनंद ले रहे भक्त

पटना सिटी (प्राकि)। छह दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को बड़ी पहाड़ी स्थित महादेव स्थान पर चल रहा है। संत प्रमोद कुमार सुधाकर जी महाराज के मुखारबिंद से संगीतमय कथा कही गई। संयोजक उदय यादव ने बताया कि कथा का समापन 28 जनवरी को होगा। आयोजन में शामिल होने वृद्धावंन से कीर्तनदास जी महाराज, पश्चिम चंपारण नरकटियागंज से मोहन दास जी महाराज और वाराणसी से सरयू दास जी महाराज आदि शामिल थे।

चित्रगुप्त मंदिर में बांटा गया कंबल

पटना सिटी (प्राकि)। पूर्व सांसद व श्री चित्रगुप्त मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष आरके सिन्हा की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल प्रदान किया गया। नौजर घाट स्थित चित्रगुप्त मंदिर परिसर में कंबल का वितरण किया गया। इस कार्य में प्रधान सचिव सुदामा प्रसाद सिन्हा, उपाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष प्रो चंद्रमोहन राय सक्सेना, चंद्रभानू सिन्हा, ऋषिकेश कुमार वर्मा, अनूप कुमार सिन्हा आदि ने किया।

कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने पर लोगो में प्रसन्नता

दानापुर। नगर के अंतर्गत पूर्व मुख्य मंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर के शताब्दी जयंती पर भारत रत्न दिये जाने पर लोगो ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री व केंद्र सरकार को बधाई दी। भारतीय नाई समाज के संरक्षक ब्रहमदेव ठाकुर ने जनजायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने पर नाई समाज की ओर से बधाई दी। वही जदयू नेता बिनोद कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, मुख्य पार्षद शिल्पी मेहता, भाजपा नेता अखिलेश कुमार उर्फ मुटूर साव, अजीत यादव, रविभूषण उर्फ बेला यादव, रविन्द्र सिंह भाजपा नेता भाई सनोज यादव, रिक्की वालिया ने जननायक कपूर्री ठाकूर को भारत रत्न देने पर प्रधानमंत्री को बधाई दी।

नशा देश के लिए नहीं, मानवता के लिए अभिशाप : राजेंद्र वी आर्लेकर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राज्यपाल राजेंदर विश्वनाथ आर्लेकर ने नशामुक्त भारत व दिव्यांग जागरुकता यात्रा को (पूर्वोतर राज्य) के लिए हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर पद्मश्री बिमल जैन, वाराणसी से दिव्यांग सेवा के विशेषज्ञ डॉ उत्तम ओझा, नशा मुक्ति अभियान के प्रमुख सुमित सिंह एवं 11 सदस्यीय टोली उपस्थित थी।

राज्यपाल ने कहा कि नशा मनुष्यता के लिए अभिशाप है। सभ्य समाज में नशा के लिए कोई स्थान नहीं है। यह तन और मन दोनों के लिए घातक है। नशा का पूर्ण बहिष्कार होना चाहिए। यह प्रयास सरकार एवं समाज को मिलकर करना चाहिए। काशियाना फाउंडेशन के द्वारा नशा मुक्ति का अभियान चलाया जा रहा है। यह अपने लक्ष्य की पूर्ति करे, ऐसी उनकी शुभकामना है। फाउंडेशन के संस्थापक सुमित सिंह कहते हैं कि भारत को विश्व गुरु बनाने से पहले नशा मुक्त बनाना सबसे जरूरी है। ऐसा करके ही देश की सकारात्मक ऊर्जा को उचित दिशा में ले जाया जा सकता है। फाउंडेशन के लक्ष्य को इंगित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि भारत का हर युवा दुनिया की निगाह में एक ओपिनियन लीडर की भूमिका में रहे। यहां के युवाओं का मानसिक और सामाजिक चरित्र निर्माण दुनिया के लिए मिसाल बन सके। यह तभी संभव होगा, जब हम नशा के विरुद्ध देश की जागरुकता को चरम पर ले जाने में कामयाब हो जाएंगे। यह यात्रा एक धर्मज्ञ है, जिसमें समाज के हर पीढ़ी की सहभागिता सुनिश्चित करना जरूरी और सामयिक है। दिव्यांग बंधु डॉ उत्तम ओझा ने कहा कि आज नशा के कारण दिव्यांग जनों की संख्या सर्वाधिक बढ़ रही है। नशा जहां मनुष्य के मस्तिष्क को प्रभावित कर रहा है, वहीं शारीरिक विकार उत्पन्न कर रहा है और इसके कारण दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। आज दिव्यांग होने में सबसे अधिक योगदान नशे का है। नशे के कारण मस्तिष्क काम नहीं कर रहा है। आंख खराब हो रही है एवं शारीरिक रूप से दुर्घटना होकर हाथ-पैर टूट रहे हैं। इसके कारण लोग दिव्यांग हो रहे हैं। अगर हम नशे पर प्रतिबंध लगा दें, तो दिव्यांगता की दर को कम किया जा सकता है। पद्मश्री बिमल जैन ने कहा की भारत में नशा एक अंतराष्ट्रीय षड्यंत्र की तहत देश की युवा पीढ़ी को बर्बाद करने की साजिश है। इसका जवाब हम सब इन जागरुकता यात्राओं से ही दे सकते हैं। इस अभियान के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भारत की भावी पीढ़ियां, सुसंस्कृत, शिक्षित, सभ्य और शारीरिक तौर पर मजबूत रहें। 23 जनवरी से 13 फरवरी यानी 22 दिन एवं 11 राज्यों में जागरुकता कार्यक्रम होगा। पूरी टीम का पटना स्थित भारत विकास विकलांग न्यास के प्रबंध न्यासी एवं दिव्यांग सेवा को समर्पित विवेक माथुर, संजय ड्रोलिया, अंकित अग्रवाल, राजीव पाठक, प्रिया शर्मा ने अभिनंदन किया। यात्रा में मुख्य रूप से संस्था के 10 सदस्यीय समूह जा रही है, जिसमे संस्था के अध्यक्ष सुमित सिंह, दिव्यांग बंधु डॉ उत्तम ओझा, आशीष गुप्ता , भावेश सेठ, धनंजय यादव, ऋतिक, शुभम सिंह, सुधांशु राय एवं संदीप कुमार रहेंगे।

ब्लाइंड केस बन कर रह गया मुख्य ग्रंथी रहे स्व राजेंद्र सिंह का मामला

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के मुख्य ग्रंथी रहे भाई राजेंद्र सिंह की मौत की गुत्थी अनसुलझी रह गई। 13 जनवरी, 22 को तख्तश्री पटना साहिब के मीरी-पीरी रिहाइश के भूतल पर वे मृत पाए गए थे। उनके गर्दन पर जख्म का निशान था और खून बह रहा था। उन्हें पुत्रों ने इलाज के लिए गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल ले गए। यहां उनका प्राथमिक इलाज कर पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। यहां उनका इलाज चल रहा था। वह रिकवर भी हो रहे थे, मगर 17 जनवरी को अल सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद बेटे के बयान पर चौक थाना में मामला दर्ज किया गया, मगर दो साल बीत जाने के बाद भी उनकी हत्या या आत्महत्या का राज का फास नहीं हो पाया। इस बीच प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के तत्कालीन अध्यक्ष अवतार सिंह हित (अब स्व), महासचिव इंद्रजीत सिंह, वर्तमान अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही आदि ने मामले की सीबीआई जांच को लेकर प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, बिहार के मुख्यमंत्री, गृह सचिव, डीजीपी को लगातार पत्र लिखा, मगर सीबीआई जांच नहीं हो पाई। पुलिस भी मामले को सुलझाने में अब तक सफल नहीं रही। दरअसल जिस मीरी-पीरी के आवास के भूतल पर वह रहा करते थे, वहां प्रकाश पर्व के दौरान सीसीटीवी खराब था। यदि वह चालू रहता, तो शायद उनके कमरे में जाने व निकलने वाले की तस्वीर कैद हो सकती थी, मगर उसके खराब होने के कारण यह मामला पुलिस के लिए अब तक ब्लाइंड केस बना हुआ है। परिजन भी पुलिस के पहुंचने के पूर्व उन्हें इलाज के लिए लेकर चल दिए।इससे फारेंसिक जांच में भी कुछ मिलना मुश्किल था। जिस बिछावन पर वह जमीन पर सोए थे, उसे भी खून लगा होने के कारण मोड़ दिया गया था। पुलिस ने अपनी जांच का केंद्रबिंदु अनेक एंगल पर किया, मगर सफलता नहीं मिल पाई। इस मामले को लेकर सेवादार कल्याण समिति आदि ने भी पहल किया। समिति के संरक्षक और श्री सनातनी सिख सभा के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह निषाद, अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह बंटी, महासचिव अजायब सिंह, अवधेश सिंह, पूर्व अध्यक्ष बलराम सिंह आदि ने कहा कि अब जबकि स्वर्गीय भाई राजेंद्र सिंह की दूसरी बरसी मनाई जा रही है, मगर उनकी हत्या की गुत्थी अब तक पुलिस सुलझाने में भी सफल नहीं रही है। इससे सिख संगतों में खासा आक्रोश है। कारण कि सिखों के दूसरे सर्वोच्च तख्त के मुख्य ग्रंथी थे और उस पद पर रहते हुए इस परिसर के आवास में उनकी हत्या कर दी जाती है। एक चर्चा यह भी चली कि उन्होंने आत्महत्या का प्रयास किया है, मगर कोई भी व्यक्ति एक बार अपने शरीर के हिस्से पर चाकू, कृपाण अन्य धारदार हथियार से हमला कर सकता है, मगर दूसरी बार फिर इससे दोबारा अपने शरीर पर हमला करना संभव नहीं है।

मुख्य ग्रंथी स्व राजेंद्र की स्मृति में सजा विशेष दीवान, कीर्तन व अरदास

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मुख्य ग्रंथी रहे भाई राजेंद्र सिंह की स्मृति में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति बुधवार को हुई। इसके बाद विशेष दीवान सजा। इसमें कथावाचक ज्ञानी गगनदीप सिंह ने स्व राजेंद्र सिंह के जीवन दर्शन पर कथा कही। रागी जत्था में भाई ज्ञान सिंह, भाई जगत सिंह, भाई नविंदर सिंह एवं भाई जोगिंदर सिंह ने वैराग्मय कीर्तन की प्रस्तुति दी। विशेष दीवान का समापन जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह के अरदास व हुकुमनामा के साथ हुआ। आयोजन में अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी बलदेव सिंह ने अरदास किया। विशेष दीवान में प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरवंश सिंह, उपाध्यक्ष गुरुबिंदर सिंह, संयोजक दया सिंह व परिवार के सदस्यों में रणजीत सिंह, दीपक सिंह के अलावा अधीक्षक दलजीत सिंह, प्रबंधक दिलीप सिंह पटेल, हरजीत सिंह, महाकांत राय, पपिंदर सिंह, सेवादार समाज कल्याण समिति के संरक्षक त्रिलोक सिंह निषाद, अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह बंटी, पूर्व अध्यक्ष बलराम सिंह, दीपक सिंह, सूरज सिंह, अजायब सिंह, अवधेश सिंह, बलवंत सिंह आदि उपस्थित थे।

उर्स पर चादरपोंशी, मांगी अमन-चैन की दुआएं

हजरत मखदूम शाह मोहम्मद मुनइमया पाक का 260वां दो दिनों का उर्स मितन घाट स्थित खानकाह मुनएमी में शुरू हो गया। बुधवार को धार्मिक आयोजन के बाद खानकाह के गद्दनशीं शाह शमीमउद्दीन अहमद मुनएमी की अध्यक्षता में तकरीर हुई। इसमें वक्ताओं ने सूफी-संतों के संदेश को प्रासंगिक बताया। तकरीर के बाद इरशादुल मुरिदीन, अखबारुल औलिया, मखदूम जहां जीवन व संदेश और असबाबुन नजात का विमोचन हुआ। इससे पहले कुल गुसल के साथ चादरपोशी की गई। शाम में मजलिस ए शमा में कव्वालों ने सूफी कव्वाली पेश की। उर्स में देशभर के खानकाहों के गद्दनशीं व देश-विदेश से आए जायरीन शामिल हुए। गुरुवार को भी उर्स पर आयोजन होगा। इसमें बिहारशरीफ से सैयद सैफुद्दीन अहमद फिरदौसी, सैयद शाह अबसार बल्खी, अफरोज हसन मजीदी (मुंबई), अमानती हसनी (गाजीपुर), इजहार वारसी (कोलकता), सैयद शाह जफरउल्लाह कलीमी, सैयद नजम मजीदी, फरीद मजीदी और बंगलादेश के ढाका से शाह आलम नईमी शिष्यों के साथ शामिल हुए।

नगर परिषद भवन के सौंदर्यीकरण का मुख्य पार्षद रुपा कुमारी ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। बुधवार को नगर परिषद के भवन के सौंदर्यीकरण का मुख्य पार्षद रुपा कुमारी एवं उपमुख्य पार्षद अंजनी कुमारी ने फीता काट कर उद्घाटन किया। जिसमें नगर परिषद के सभाकक्ष को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। वहीं नगर परिषद की बैठक मुख्य पार्षद रुपा कुमारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से शहर की साफ-सफाई, नगर में कैमरों की संख्या बढ़ाने, राशनकार्ड सहित अन्य विषयों पर चर्चा किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी विनय कुमार एवं सिटी मैनेजर साकेश कुमार सिन्हा ने पार्षदों का विचार लिया और अमल में लाने भरोसा दिलाया। मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि बबन यादव, समाजसेवी सुधीर यादव, पार्षद दीपक कुमार, संजय कुमार बिट्टू, नागेन्द्र राय, सुजाता देवी, ठाकुर प्रसाद तांती, बेबी देवी, संजीव कुमार, वीणा देवी, संतोष चंद्रवंशी, मो. मिंटू सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे।

रामदेव महतो सामुदायिक भवन के बाहर ढंका नाला टूट रहा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गुरु गोविंद सिंह पथ स्थित रामदेव महतो सामुदायिक भवन जाने वाले मार्ग के मुहाने पर ही बड़ा सा नाला टूटा हुआ था। श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व के दौरान डीएम और एसएसपी के संयुक्त बैठक के दौरान भी इस ओर ध्यान आकर्षित कराया गया था। उसके बाद पटना नगर निगम के पटना सिटी अंचल के द्वारा उक्त नाला पर पत्थर रख कर किनारे सीमेंट की जोड़ाई की गई थी, मगर पत्थर के चारों और बीच में लगा सीमेंट उखड़ सा गया है। यह कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। विदित हो कि पिछले कुछ माह से नाला का स्लैब टूट गया था। इसके बाद से रामदेव महत्व सामुदायिक भवन में आयोजित होने वाले सरकारी, गैर सरकारी, शादी विवाह एवं कार्यक्रम पर लोगों को वाहन के साथ या पैदल भी आने-जाने के दौरान दुर्घटनाएं हो रही थीं।

अनेक लोग इसमें गिरकर घायल हुए, तो वाहन को भी क्षति पहुंची। इस दौरान प्रकाश पर्व पर डीएम और एसएसपी की होने वाली संयुक्त ब्रीफिंग वाले दिन उक्त नाला की मरम्मत कराई गई थी, मगर इसके चार-पांच दिन के बाद ही इसके टूटने का दौर शुरू हो गया। और फिर वैवाहिक मौसम शुरू है। साथ ही यहां पुलिस बल का भी जमावड़ा है। ऐसे में यदि कहीं रखा गया पत्थर अचानक से वाहन का भार सहने में असमर्थ हो धंस गया, तो हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता है। यही नहीं, इस सामुदायिक भवन के पूरब और उत्तर की ओर यानी मंगल तालाब की तरफ वाले दरवाजे के पास भी रास्ते में आधा से अधिक दूरी तक नाला टूटा है।

सुबह-शाम सैर करने वाले और वाहन चालक लगातार इस नाला में गिरकर चोटिल हो रहे हैं, मगर मंगल तालाब विकास समिति के सचिव से लेकर नगर निगम का भी ध्यान इस ओर नहीं है। नतीजतन लोग परेशान हो चोटिल हो घायल हो रहे हैं। मगर अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई जा सकी है।

डीएम ने धान अधिप्राप्ति को लेकर किया बैठक

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति वर्ष 20232024 में संलग्न सहकारिता विभाग एवं बिहार राज्य खाद निगम,अरवल के सभी पदाधिकारियों,सभी पैक्स अध्यक्ष, उष्णा एवं अरवा चावल मिलरो के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई ।बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी,जिला सहकारिता पदाधिकारी,जिला प्रबंधक,राज्य खाद निगम,सभी प्रखंडों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी,सभी गोडाउन प्रबंधक(उटफ) उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी अरवल द्वारा सभी पैक्सो को निर्देश दिया गया कि ज्यादा से ज्यादा अधिप्राप्ति कर अधिक से अधिक किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ पहुंचाए।

अद्भुत प्रतिभा के मनीषी व ऋषि-तुल्य साधक थे पं राम नारायण शास्त्री : चौबे

- सामाजिक-चिंतक सूबेदार सिंह तथा बीपीएससी की सदस्य दीप्ति कुमारी को स्मृति सम्मान
- मेधावी छात्रा नम्रता कुमारी को दिया गया ईश्वरी देवी मेधा सम्मान

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। अद्भुत प्रतिभा के मनीषी विद्वान और ऋषि-तुल्य साहित्य-साधक थे पं राम नारायण शास्त्री। वे एक महान हिन्दी सेवी ही नहीं, संस्कृत और प्राच्य साहित्य के अध्येता और अन्वेषक भी थे। उनकी पत्नी ईश्वरी देवी भी वेदों का ज्ञान रखने वाली विदुषी और गणितज्ञ थी। साहित्य, समाज और राजनीति की सेवा भी उन्होंने देश-सेवा के रूप में की। उनकी सरलता और विनम्रता अनुकरणीय थी। यह बातें बुधवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में पं राम नारायण शास्त्री स्मारक न्यास के तत्त्वावधान में आयोजित स्मृति-सह-सम्मान समारोह का उद्घाटन करते हुए, केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कही। इस अवसर पर उन्होंने सुप्रसिद्ध सामाजिक-चिंतक सूबेदार सिंह एवं बिहार लोक सेवा आयोग की सदस्य प्रो दीप्ति कुमारी को अक्षर-पुरुष पं राम नारायण शास्त्री स्मृति सम्मान से अलंकृत किया । उन्होंने माध्यमिक बोर्ड की परीक्षा-2023 में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली, निर्मला शिक्षा भवन उच्च विद्यालय, शाहपुर की छात्रा नम्रता कुमारी को, ईश्वरी देवी सर्वश्रेष्ठ गणितज्ञ छात्रा पुरस्कारह्न से पुरस्कृत किया। पूर्व उपमुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद ने पं शास्त्री को नमन करते हुए कहा कि शास्त्री जी एक ऐसे साधक साहित्यकार थे, जिन्होंने अपनी बौद्धिक-रचनाओं से समाज का मार्ग-दर्शन किया। सभा की अध्यता करते हुए सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि शास्त्री जी को स्मरण करना किसी तपस्वी ऋषि के सान्निध्य में जाने के समान पावन है। वे एक प्रणम्य साहित्यिक साधु-पुरुष थे। प्राच्य साहित्य के लिए किए गए उनके कार्य साहित्य-जगत में उन्हें अमरत्व प्रदान करते हैं। इसके लिए शास्त्री जी सदैव श्रद्धा-पूर्वक स्मरण किए जाते रहेंगे। साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने सम्मेलन की भी मूल्यवान सेवा की। पं शास्त्री के पुत्र और न्यास के प्रमुख न्यासी अभिजीत कश्यप ने न्यास की गतिविधियों के संबंध में अपना प्रतिवेदन पढ़ा तथा सबके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। पटना विश्वविद्यालय के कुलपति डा कृष्णचंद्र सिन्हा, पद्मश्री विमल जैन, दीघा के विधायक संजीव चौरसिया, बीरेन्द्र कुमार यादव, डा मधु वर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों का स्वागत न्यास के अध्यक्ष प्रो रमेश चंद्र सिंहा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन पंकज कुमार ने किया। मंच का संचालन वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कांत ओझा तथा गौरव सुंदरम ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पं शास्त्री की पुत्रवधु रेणु कश्यप समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

मानव अधिकार रक्षक की पहल पर जांच करने के लिए मिला अंचलाधिकारी को निर्देश

पटना। जितेन्द्र कुमार सिन्हा, संवाददाता

पटना जिला के फुलवारी शरीफ निवासी नूर आलम ने मानव अधिकार रक्षक संस्था के मुख्य कार्यालय में लिखित आवेदन देकर अनुरोध किया है कि उनकी समस्याओं का निराकरण कराया जाय। उक्त जानकारी मानव अधिकार रक्षक के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि नूर आलम से प्राप्त आवेदन बताया गया है कि कुछ लोगों द्वारा अरवल क्षेत्र में उनके अपने ही जमीन में बने दुकान पर जबरन कब्जा किया जा रहा हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने नूर आलम ने मिलकर उनके जमीन और दुकान से संबंधित कागजातों को देखा और सही पाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि मानव अधिकार रक्षक की संस्थापिका रीता सिन्हा ने नूर आलम से बात की और उनसे कहा की हमारी संस्था आपके समस्या को लेकर अरवल के अनुमंडल पदाधिकारी और कार्यपालक दंडाधिकारी से मुलाकात करेगी। उसके बाद 23 जनवरी (मंगलवार) को मानव अधिकार रक्षक संस्था की संस्थापिका रीता सिन्हा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रितु कुमारी, सक्रिय सदस्य रमा गुप्ता, निरंजन कुमार ने अरवल क्षेत्र के अनुमंडल पदाधिकारी एवम कार्यपालक दंडाधिकारी से मिला। संस्था ने नूर आलम के मामलों की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानव अधिकार रक्षक द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी को एक आवेदन समर्पित किया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया और कार्यपालक दंडाधिकारी ने फोन कर अंचलाधिकारी को मामले को गंभीरता से जांच करने और जल्द से जल्द नूर आलम के जमीन से अवैध कब्जा को रोकने का निदेश दिया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर समाज में व्याप्त असामानताओं को दूर करने पर दिया गया बल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना/मनेर। बालिकाओं के प्रति समाज में व्याप्त असामनताओं को दूर कर उन्हें तरक्की व विकास के उचित अवसर व अधिकार उपलब्ध कराने के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर बुधवार को राज्य भर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये. इसी क्रम में पटना जिले के मनेर प्रखंड अंतर्गत सराय पंचायत में सहयोगी संस्था द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं के प्रति समाज में व्याप्त असामनताओं को दूर कर उन्हें तरक्की व विकास के उचित अवसर व अधिकार उपलब्ध कराने के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर बुधवार को राज्य भर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये. इसी क्रम में पटना जिले के मनेर प्रखंड अंतर्गत सराय पंचायत में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किशोरियों के बीच विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किये गये. वहीं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से उन्हें ये एहसास दिलाया गया कि ये दिन उनके लिये कितना खास है. कार्यक्रम में डेढ़ सौ से अधिक स्थानीय किशोरियों ने भाग लिया. इसमें सराय की वार्ड सदस्य नीलम गुप्ता, आनंदपुर की वार्ड सदस्य प्रिया, मुसेपुर की वार्ड सदस्य पार्वती सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई. वहीं कार्यक्रम की सफलता में सहयोगी संस्था की प्रियंका, रूबी, उषा, लाजवंती, निर्मला, बिंदु, सपना, रौनक, धर्मेंद्र, मनोज, शारदा, रीतू, जेबा, रजनी सहित अन्य ने सराहनीय भूमिका निभाया. कार्यक्रम में शामिल सहयोगी संस्था की कार्यकारी निर्देशिका रजनी जी ने बताया कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें उचित अवसर उपलब्ध कराना है. ताकि वे अपने मन की बात रख सकें. किशोरियों के बीच आयोजित खेल प्रतियोगिता सहित अन्य आयोजनों के माध्यम से उनमें नेतृत्व क्षमता के विकास के साथ उन्हें सामाजिक भेदभाव से संबंधित मुद्दों पर अपनी समक्ष विकसित करने के लिये प्रेरित किया गया। ताकि वे अपने आसपास के लोगों का क्षमतावर्द्धन कर सकें. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर बालिकाओं के बीच कबड्डी, बोरा रेस, चम्मच गोली रेस, निशाना लगाना, दौड़, म्यूजिकल चेयर, खींचा तानी, विकेट, हूला हूप जैसे खेलों का आयोजन किया गया. जिसे लेकर समाज में पूर्व से ये धारणा व्याप्त है कि ये लड़कों का खेल है. वर्तमान में बच्चे ये खेल भूल भी चुके हैं। रजनी जी ने कहा कि बचपन से ही बच्चों में खेलों को लेकर भी अलग सोच बना दी जाती है कि वे कौन सा खेल खेंले और कौन सा नहीं. लड़का हुआ तो बैट-बॉल, फुटबॉल, डॉक्टर सेट उन्हें खेलने के लिये दिया जाता है. वहीं लड़की होने पर उन्हें किचन सेट व गुड़िया खेलने के लिये दिया जाता है। जो ये दशार्ता है कि बचपन से ही बच्चों के मन में जेंडर की भूमिका को लेकर एक लकीर खींच दी जाती है. लड़कों को घर के बाहर खेलने जाने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है कि और खिलौनों के माध्यम से ये उन्हें ये बताया जाता है कि उन्हें भविष्य में घर चलाने के लिये पैसे कमाने होंगे. वहीं किशोरियों को खेलने के लिये गुड़िया दिया जाता है ताकि उन्हें लगे कि उन्हें घर के अंदर ही खेलना है।

देश को जननायक के बताये रास्ते पर चलना पड़ेगा : लोकमंच

पटना। भारतीय लोकमंच पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव कुणाल सिकंद ने महान स्वतंत्रता सेनानी, महान समाजवादी नेता, जननायक पूर्व मुख्यमंत्री स्वः कर्पूरी ठाकुर के जन्म जन जयंती पर लोकमंच के तरफ से उनके चरणों मे श्रद्धासुमन अर्पित किये और कहा कि जननायक के बताये रास्ते पर अगर हम सभी दशमलो भर भी चल सके तो सौभाग्य साली होगें। कुणाल सिकंद ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख कर कहा की पूर्व मुख्यमंत्री और महान समाजवादी नेता स्व॰ कर्पूरी ठाकुर को देश का सर्वोच्च सम्मान ह्यभारत रत्नदिया जाने का केंद्र सरकार का यह एक सबसे बेहतर निर्णय है। जननायक स्व॰ कर्पूरी ठाकुर को उनकी सौ वीं जयंती पर दिया जाने वाला यह सर्वोच्च सम्मान दलितों, वंचितों और उपेक्षित तबकों के बीच सकारात्मक भाव पैदा करेगी। लोकमंच हमेशा से ही स्व॰ कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न देने की मांग करती रही है। वर्षों की पुरानी मांग 2024 में पूरी हुई है। इसके लिए माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को लोकमंच के तरफ से पत्र लिखकर धन्यवाद दिये है।

जय प्रभा मेदांता अस्पताल पहुंची पटना पाइरेट्स के खिलाड़ी

- मैच से पहले खिलाड़ियों ने जाना स्वस्थ शरीर की एहमियत

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। प्रो कबड्डी लीग का 10वा सीजन शुरू हो चुका है, इसमें कई रोचक मुकाबले में भिड़ने के लिए पटना पाइरेट्स तैयार हैं। कई टीमों के बीच ये हाई-वोल्टेज मुकाबला जल्द ही देखने को मिलेगा । इसके लिए पटना पाइरेट्स की टीम पटना आ चुकी है। टीम 24 जनवरी को अपने हेल्थ पार्टनर जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पहुंची। जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के मेडिकल डॉयरेक्टर डॉक्टर रवि शंकर सिंह ने टीम का स्वागत किया । उन्होंने टीम को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इसके बाद डिपार्टमेंट ऑफ आथोर्पेडिक के डॉयरेक्टर डाक्टर राजीव रंजन सिन्हा, सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर संतोष कुमार, डा नीरज कुमार ने पहले टीम के खिलाड़ियों से बात की। उन्होंने बताया कि खेलने के दौरान अकसर चोट लगती है इसलिए उन्हें इसका ख्याल रखना होगा और चोट को नजरंअदाज ना करके तुरंत डॉक्टर्स से मिलना चाहिए । डिपार्टमेंट ऑफ न्यूरो साइंस के डॉयरेक्टर डॉक्टर मुकुंद प्रसाद ने खिलाड़ियों से न्यूरो देखभाल और खेल के दौरान होने वाले न्यूरो संबंधित चोट और उपचार के विभिन्न मुद्दों पर बात की। जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के फि ज़ियोथेरपिस्ट डा वीरेंद्र कुमार ने टीम के खिलाड़ियों को पहले खेलने में लगने वाली चोट पर किस तरह का प्राथमिक उपचार किया जा सकता है, उसकी जानकारी दी। उन्होंने कुछ एक्सरसाइज के बारे में भी बताया जिसे उनके शरीर की लचक और हड्डियों की मजबूती बनी रहेंगी । कार्यक्रम के बाद पटना पाइरेट्स की टीम ने जय प्रभा मेदांता अ

जननायक की जयंती पर राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया नमन, दी श्रद्धांजलि

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की 100वीं जयंती के अवसर पर बिहार विधान मंडल परिसर में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, सूचना प्रावैधिकी मंत्री मो इसराईल मंसूरी, बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी, बिहार विधान परषद् के उप सभापति रामचन्द्र पूर्वे, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, पूर्व मंत्री श्याम रजक, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

पुस्तक हुआ विमोचन :

इस अवसर पर बिहार के उन विभूतियों जिनका राजकीय समारोह आयोजित किया जाता है, उस पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने किया। इस अवसर पर बिहार गीत, सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन एवं जननायक के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित गीतों का गायन किया गया। इसके पश्चात देशरत्न मार्ग स्थित जननायक कपूर्री ठाकुर स्मृति संग्रहालय में कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, उर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, कला संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री जितेन्द्र कुमार राय, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधि मंत्री शमीम अहमद, बिहार विधान परिषद् के उप सभापति रामचन्द्र पूर्वे, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, पूर्व मंत्री श्याम रजक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

भजन कीर्तन का आयोजन :

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी मनीष कुमार वर्मा, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कोर, पटना प्रमंडल के आयुक्त कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, जननायक कपूर्री ठाकुर के परिजन सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की जीवनी पर आधारित एक लघु फिल्म कपूर्री ठाकुर गरीबों का मसीहा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया।

राज्यपाल ने नशामुक्त एवं दिव्यांग जागरूकता यात्रा को किया रवाना

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने काशियाना फाउण्डेशन द्वारा नशामुक्त भारत पूर्वोतर राज्य एवं दिव्यांग जागरूकता यात्रा को राजभवन, पटना से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा पूर्वोत्तर भारत के आठ राज्यों सहित 11 राज्यों में की जाएगी। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू, पद्मश्री विमल जैन तथा काशियाना फाउण्डेशन के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

मंडल कमीशन लागू कर जननायक के अरमानों को पूरा किया : लालू

- लालू प्रसाद ने जननायक के काम को आगे बढ़ाया : तेजस्वी
- कृष्ण मेमोरियल हॉल में मना जननायक जनशताब्दी समारोह, दी गई श्रद्धांजलि

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल की ओर से पटना के कृष्ण मेमोरियल हॉल में जननायक कपूर्री ठाकुर जनशताब्दी समारोह प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने की। इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कपूर्री जी के साथ बिताए गए संस्मरण को याद करते हुए कहा कि कपूर्री जी उनके गोद में ही बीमार होने के बाद पीएमसी एच पहुंचे उस समय साथ में उनके दोनों पुत्र रामनाथ ठाकुर एवं डॉ वीरेंद्र ठाकुर भी साथ में थे। उनके पास गाड़ी नहीं था देवीलाल जी ने जो गाड़ी दी थी, उसी गाड़ी से हम सभी उन्हें लेकर जैसे ही पीएमसीएच गेट इमरजेंसी वार्ड के पास पहुंचे तो डॉक्टर ने देखते ही कहा कि कपूर्री जी अब नहीं रहे। जैसे ही ये बातें लोगों के बीच पहुंची गरीब, शोषित, वंचित रोने लगे और उनके सादगी तथा ईमानदारी की सब लोग चर्चा करते रहे। पटना के बांस घाट में उनके अंतिम संस्कार के समय हम लोगों ने कहा था कपूर्री तेरे अरमानों को दिल्ली तक पहुंचाएंगे और उसे विचार और अरमान को लेकर हम लोगों ने केंद्र में सत्ता मिलते ही गरीबों पिछड़ों अतिपिछड़ों के लिए वीपी सिंह के शासनकाल में मंडल कमीशन रिपोर्ट लागू किया। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि आज के दिन कपूर्री जी को याद याद करने का मतलब है उनके संघर्ष और विचार को मजबूत करने के लिए हम सभी को उनके विचारों के आधार पर लड़ाई लड़नी होगी। तेजस्वी ने आगे कहा कि लालू जी ने कपूर्री जी के काम को आगे बढ़ाया उसे जमाने में जब खटिया पर बैठने नहीं दिया जाता था और कुआं से पानी नहीं लेने दिया जाता था तब लाल जी ने कपूर्री जी के विचार को अपनाते हुए लोगों को जवान दी और लोगों को बिना किसी डर से जीने का अधिकार दिया। मैं सौभाग्यशाली हूं कि लालू जी के लालन पालन में आगे बढ़ा आप लोगों के आशीर्वाद समर्थन से आज मैं बिहार का उपमुख्यमंत्री हूं। लालू जी ने कभी सांप्रदायिक शक्तियों के सामने झुकना पसंद नहीं किया चाहे इनका जितना भी संकट और तूफान तथा झंझावात का सामना करना पड़ा हो वह अपने विचार से नहीं डिगे। उन्होंने आगे कहा कि जो वादा किया गया था महागठबंधन सरकार बनने के बाद उसे पूरा किया। उन्होंने आगे कहा कि कपूर्री जी को जो भारत रत्न मिला वह हम लोगों की जीत है।

इस असवार पर मंत्री तेज प्रताप यादव, विधान परिषद के उप सभापति डॉ रामचन्दू पूर्वे, अनीता देवी, इसराइल मंसूरी, आलोक कुमार मेहता, सुरेन्द्र राम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी, उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रोफेसर मनोज झा, सांसद अशफाक करीम, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, देवेंद्र प्रसाद यादव, श्याम रजक, जयप्रकाश यादव, बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिंह, वृषिण पटेल, डॉ तनवीर हसन, शिवचंद्र राम, मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव सहित सभी मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों, पूर्व विधायकों, पूर्व विधान पार्षदों एवं पदाधिकारियों ने जननायक कपूर्री ठाकुर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

गरीब, दलितों व पिछड़ों का सम्मान मोदी की गारंटी : सम्राट

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने बुधवार को कहा कि 22 जनवरी को भगवान राम को भव्य मंदिर में स्थापित कर धर्म को स्थापित किया गया और 23 जनवरी को गरीब, पिछड़ों , अति पिछड़ों के नेता कपूर्री ठाकुर जी को भारत रत्न देकर गरीबों को सम्मान दिया गया। यह है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के काम करने का तरीका। भाजपा के लिए 24 जनवरी को आरक्षित मिलर हाई स्कूल मैदान पर जदयू द्वारा कब्जा किए जाने के बाद भाजपा ने आज कपूर्री ठाकुर जयंती समारोह का आयोजन वीरचंद पटेल मार्ग पर किया। उन्होंने कहा कि जनसंघ ने समर्थन देकर गुदड़ी के लाल कपूर्री ठाकुर को 1970 में सीएम बनाया। जब 1977 में पिछड़ों को सम्मान देने की बात आई तो कैलाश पति मिश्र समर्थन दे रहे थे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कहा कि आज कपूर्री ठाकुर की जन्मशताब्दी पर यह भरोसा देता हूं कि भाजपा अब किसी को कंधे पर बैठकर बिहार में सीएम नहीं बनाएगी। आप लोगों का आशीर्वाद मिलेगा और 2024 और 2025 में भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा विधानमंडल दल के नेता विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि कपूर्री जी ने सादगी, सरलता, सुलभता से समाजवाद के असली चेहरा को दिखाया। उन्होंने कहा कि संख्या बल के नाम पर आज डंका बजाना चाह रहे है लेकिन कपूर्री जी ने सादगी, सरलता, सुलभता से समाज के सभी लोगों में अपनी जगह बनाई। इस मौके पर विधान परिषद में विपक्ष के नेता हरि सहनी ने कहा कि आज देश में लोग जान गए हैं कि मोदी का तो मुमकिन है। आने वाले चुनाव में देश और प्रदेश की जनता भाजपा को अपना आशीर्वाद देगी। इस समारोह में केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, पूर्व मंत्री नंद किशोर यादव, प्रेम कुमार, पूर्व उप मुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद, रेणु देवी, प्रदेश उपाध्यक्ष भीम सिंह, प्रदेश महामंत्री ललन मंडल, राजेश वर्मा, मिथिलेश तिवारी, एमएलसी जीवन कुमार, विधायक संजीव चौरसिया, नितिन नवीन , केदार गुप्ता, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा सहित कई नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जननायक ने गरीबों के लिए जीवन प्रयंत संघर्ष किया : लोजपा रा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जननायक कपूर्री ठाकुर ने जिन मजलूमों, गरीबों और अतिपिछड़ों के लिए जीवन प्रयंत संघर्ष किया, आज उसकी लड़ाई लोजपा-रा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान लड़ रहें है। उक्त बातें बुधवार को लोजपा रामविलास के राज्य मुख्यालय में आयोजित जननायक कपूर्री ठाकुर जनशताब्दी समारोह में बोलते हुए, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार, पार्टी राष्ट्रीय महासचिव डॉ सत्यानंद शर्मा, पूर्व विधायक सतीश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न की उपाधी देकर देश के समक्ष मिसाल कायम किया है। लोजपा-(रा) के चिर प्रतिक्षित मांग थी, की जननायक को भारत रत्न दिया जाए। आज देश के प्रधानमंत्री ने इसे पूरा कर दिया। हमारी पार्टी और हमारे नेता चिराग पासवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने किया और संचालन पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु पासवान ने किया। पार्टी के संस्थापक डॉ. भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमूर्ति दलितों, पीड़ितों एवं शोषितों के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नेता स्व. रामविलास पासवान को भारत रत्न देने की मांग की गई। कार्यक्रम को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मृणाल पासवान, युवा लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुशवाहा, अशरफ अंसारी, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शंकर शर्मा, पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने अपने विचार व्यक्त किया। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दिया।

इस वर्ष भी खाद्यान्न फसलों का होगा रिकार्ड उत्पादन : सर्वजीत

पटना। कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने कहा कि अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय के द्वितीय अग्रिम अनुमान के अनुसार वर्ष 2023-24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान 190.67 लाख मे टन (गर्मा फसलों को छोड़कर) है। गर्मा फसलों के उत्पादन के आँकड़े आने पर अधिक उत्पादन संभावित है। मंत्री ने कहा कि खरीफ 2023 में अनियमित मॉनसून (सूखा) के बावजूद 94.26 लाख मे० टन खाद्यान्न उत्पादन अनुमानित है, जिसमें 86.75 लाख मे टन चावल, 7.32 लाख मे टन मोटे अनाज एवं 0.19 लाख मे टन दलहनी फसलों का उत्पादन अनुमानित है। रबी 2023-24 में 96.41 लाख मे टन (गर्मा फसल को छोड़कर) खाद्यान्न उत्पादन अनुमानित है जिसमें गेहूँ 67.08 लाख मे० टन, मोटा अनाज 26.67 लाख मे० टन, दलहनी फसल 2.66 लाख मे० टन अनुमानित है। वर्ष 2023-24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 190.67 लाख मे टन(गर्मा फसल को छोड़कर) प्राप्त होने की संभावना है। 1.32 लाख मे टन तेलहनी फसल का उत्पादन अनुमानित है। इसके अतिरिक्त 11.79 लाख गाँठ जूट एवं मेस्ता का उत्पादन अनुमानित है। श्री कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को समय पर बीज, असामायिक वर्षापात को देखते हुए डीजल पम्पसेंट से सिंचाई करने पर 75 प्रति लीटर डीजल अनुदान तथा अल्पवर्षापात वाले जिलों को निःशुल्क वैकल्पिक फसलों के बीज उपलब्ध कराने एवं राज्य के परिश्रमी किसानों की मेहनत का नतीजा है कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में अधिक खाद्यान्न उत्पादन की सम्भावना है।

जन्मशताब्दी समारोह की सफलता कड़ी मेहनत का परिणाम : उमेश

- जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के प्रति जताया आभार

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर जन्मशताब्दी समारोह की अपार सफलता हेतु पार्टी के कार्यकताओं का आभार जताया और पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के मेहनत की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की अभूतपूर्व और ऐतिहासिक सफलता पार्टी के कोटि-कोटि कार्यकताओं के मेहनत का परिणाम है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि भीषण ठंड के बावजूद भी प्रदेशभर में इस कार्यक्रम को लेकर बेहद उत्साह था और मौसम की परवाह किए बगैर बिहार के कोने-कोने से लाखों-लाख की संख्या में लोग पटना पहुंचे थे। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने प्रदेशभर के जनता के प्रति भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वेटनरी कॉलेज, पटना के मैदान में अप्रत्याशित भीड़ देखकर हमारे नेता नीतीश कुमार को भी बेहद प्रसन्नता हुई है। श्री कुशवाहा ने कहा कि जनता दल यू के कार्यकताओं ने अपने परिश्रम और प्रतिबद्धता से यह सिद्ध कर दिया कि मौसम भी हमारी पार्टी के हौसले को डिगा नहीं सकती है। समारोह की सफलता से कार्यकताओं का उत्साह अब सातवे आसमान पर है। आने वाले चुनावों में पार्टी निश्चित ही ऐतिहासिक सफलता हासिल करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि समारोह का सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में पटना जिला प्रशासन का भी सहयोग प्राप्त हुआ है। इसके लिए प्रशासन के सभी साथी और उच्च अधिकारियों का हम बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं।

जननायक को भारत रत्न दिया जाना गौरव की बात : अखिलेश

पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह बिहार के लिए गौरव की बात है। श्री कपूर्री ठाकुर गरीबों एवं वंचितों के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष करते रहे। समाजवाद में उनका अटूट विश्वास था और धर्मनिरपेक्षता उनकी राजनीतिक सोंच में बसी थी। वे साम्प्रदायिकता के खिलाफ हमेशा लड़ते रहे। कपूर्री जी सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। गरीबों के इस मसीहा को भारत रत्न दिये जाने से हमें खुशी है, खासकर ऐसे माहौल में जब देश अन्याय और साम्प्रदायिक उन्माद से त्रस्त है। कांग्रेस के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने पर प्रसन्नता जाहिर की उनमें शामिल हैं पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार, कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डा शकील अहमद खान, कांग्रेस विधान परिषद दल के नेता डा मदन मोहन झा, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, वीणा शाही, विधान पार्षद प्रेमचन्द्र मिश्रा, डा समीर कुमार सिंह, राजेश कुमार, कपिलदेव प्रसाद यादव, ब्रजेश पाण्डेय आदि।

सदाकत आश्रम में मनी कर्पूरी ठाकुर की 100वी जयंती

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम पटना में जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वी जयंती मनाई गई। ओबीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव के निर्देश पर पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी डॉ गौतम कुमार के साथ प्रदेश के पदाधिकारियों ने जन्म शताब्दी मनाई। इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने जननायक को श्रद्धांजलि दी। पार्टी पदाधिकारियों पर व्याख्यान भी दिया । डॉ गौतम ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर के ईमानदारी और सामाजिक न्याय की चर्चा आज हर पार्टी कर रही है। बीजेपी ने तो भारत रत्न देने पर मुहर लगाई है। प्रदेश प्रवक्ता रवि रंजन ने बताया कि उनके ईमानदार राजनीति से सीखने की जरूरत है। इस अवसर पर पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि गोल्डन , कार्यालय प्रभारी मनीष सिंह, प्रदेश महासचिव विकास वर्मा, आलोक चंद्र यादव, डॉ पंकज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता ज्ञान रंजन, प्रदेश प्रवक्ता आशीष नाथ तिवारी, पूर्व एमएलसी लालबाबू लाल, मृणाल अनंत, विनोद शर्मा सहित पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा विभाग के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

पूर्व मध्य रेल

ई-ऑक्शन सूचना

ई–ऑक्शन सूचना सं. : कॉम/लीज/एसएलआर/ई–ऑक्शन/डीएनआर/24/08. भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है :–

1. कार्य का नाम : 02 सालों के लिए दानापुर मंडल से आरम्भ होने वाली विभिन्न गाड़ियों में पार्सल लोडिंग के लिए एक मुश्त दरों के भुगतान पर एकल ट्रिप के आधार पर एस.एल.आर./एल.एच.बी को पट्टेदारी पर देने के लिए खुली ई–ऑक्शन। 2. अनुबंध की अवधि : 02 (दो) वर्ष। 3. **केटलॉग संख्या : वाणिज्य–पार्सल–12309**. 4. लॉट संख्या : 12309 – एसएलआर –एफ1 राजेन्द्रनगर–नई दिल्ली 24–1 (पार्सल–एसएलआर)। 5. ई–ऑक्शन की तिथि व समय : **दिनांक 05.02.2024 को 12:00 बजे से 12:30 बजे तक।** (प्रारंभिक कूलिंग ऑफ की अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अंतराल 10 मिनट है।) 6. वेबसाईट जहाँ ई–ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in.

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूमरे/दानापुर
पीआर/02160/डीएनआर/वा./एन/23–24/32

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, पटना
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–31 वर्ष 2023–24
(Single Bid System)

Sl. No.	Name of Work.	Estimated cost (In Rs.)	Bid Security 2% (EMD In Rs.)	Cost of Bidding Document (In Rs.)	Bid Processing Fee	Time of Completion (In Month)
1.	2	3	4	5	6	7
1.	Supply Installation, Testing and Commissioning of Audio System for Lecture Hall 1 & 2 in Bihar Judicial Academy patna.	24,76,600.00	50,000.00	5000.00	As per Online requirement	01 Month

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2 भवन निर्माण विभाग, पटना।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :– दि0–20.01.2024
3. निविदा कागजात प्राप्त करने का (डाउनलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :– दि0–29.1.2023 से 10.02.2024 को 15.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा जमा करने (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :– दि0–12.02.2024 को 15.00 बजे अपराह्न तक
5. प्री–बीड बैठक तिथि एवं समय :– दि0–6.02.2024 को 03.00 बजे अपराह्न विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अचंल, दक्षिण बिहार, पटना, भवन निर्माण विभाग के कार्यालय मे।
6. निविदा की राशि का 2% EMD एवं हार्ड कॉपी (मूल में) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दि0–13.02.2024 को 15.00 बजे अपराह्न तक
7. ई–निविदा की खोलने की तिथि एवं समय :– दि0–15.02.2024 को 15.00 बजे अपराह्न तक
8. परिमाण विपत्र बिक्री स्थान :– केवल वेवसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in)
9. निविदा प्राप्ति का स्थान :– केवल वेवसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in)
10. निविदा वैधता की अवधि :– 120 दिन

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है। **विद्युत कार्यपालक अभियंता**
PR- 015831 (BCD) 2023-24 **विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, पटना**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पटना भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग
बुद्धमार्ग, पटना–800001
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–31/प.भ.प्र./2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता — कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय — दिनांक 05.02.2024 के 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय — दिनांक 06.02.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने का तिथि एवं समय — दिनांक 06.02.2024 को 3:30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान — (1) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (2) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पटना भवन प्रमंडल, पटना। (3) सहायक अभियंता का कार्यालय, बांकीपुर/राजेन्द्रनगर/चिकित्सा भवन अवर प्रमंडल, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान — कमांक 5 के अनुसार ।
7. कार्य का विवरणी :–

क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Renovation of main building of District Judge Residence, Patna for the year 2023-24	12.65	25300.00	2500.00	fifteen days
2	Renovation of out house , boundry wall and pond of District Judge Residence, Patna for the year 2023-24	14.99	30000.00	2500.00	fifteen days
3	Renovation of campus development in out house area, garage and out house bathroom tiles of District Judge Residence, Patna for the year 2023-24	14.60	29300.00	2500.00	fifteen days
4	Construction boundry wall (east side) of District Judge Residence, Patna for the year 2023-24	14.18	28400.00	2500.00	fifteen days
5	Renovation of sanitary installation, water supply and sewerage work in the campus of District Judge Residence, Patna for the year 2023-24	14.22	28500.00	2500.00	fifteen days

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 015882 (BCD) 2023-24 (ई0 अभय कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
पटना भवन प्रमंडल, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना।
अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–60 वर्ष 2023–2024

इस कार्यालय के अंतर्गत पटना उच्च न्यायालय के Multi Storeyed staff Quarters Patna High Court Patna Adalatganj में Lift & Transformer संचालन एवं सम्पोषण कार्य हेतु निर्माता/आपूर्तिकर्ता/अधिकृत एजेंसी/पर्याप्त अनुभव रखने वाले संवेदको से दर उद्धरण मुहरबंद कोटेशन **दिनांक–05.02.2024 को अपराह्न 3.00 बजे** तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। सरकारी संस्थानों में कार्य अनुभव प्राप्त संवेदको को प्राथमिकता दी जायेगी। सभी प्राप्त कोटेशन उसी तिथि को अपराह्न 3.30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के सक्षम खोली जायेगी। कोटेशनदाताओं द्वारा अपना कोटेशन संबंधित विद्युत अभियंता/सहायक विद्युत अभियंता से समन्वय स्थापित कर स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें।

उक्त कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाऐं किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

कार्य की विस्तृत विवरणी

Sl. No.	Name Of work.
1.	Annual Maintenance & Operation of all Electrical Equipment (8 Passenger 13 Lift & 2no.Transformer) for Multi Storeyed staff Quarters Patna High Court Patna at Adalatganj for Period from February-2024 to December- 2024.

विद्युत कार्यपालक अभियंता
PR- 015903 (BCD) 2023-24 विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

संक्षिप्त खबरें

विधानसभा के उप मुख्य सचेतक ने जतायी प्रसन्नता

गुदरी के लाल कहे जाने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर बिहार विधानसभा के उप मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जननायक को भारत रत्न देने की मांग राष्ट्रीय जनता दल विगत कई वर्षों से कर रही थी। वास्तव में स्मृति शेष जननायक कपूर्री ठाकुर गरीबों व वंचित समाज के मसीहा थे। उन्होंने जीवन का क्षण-क्षण तथा शरीर का कण-कण गरीब, असहाय, वंचित वर्ग के कल्याण, देश के विकास व कौमी एकता के लिए समर्पित किया।

उपेक्षित लोगों के हक के लिए लगातार संघर्ष करते रहे जननायक

पूर्व मंत्री व राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि लालू प्रसाद यादव एवं राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा चिरपरिचित मांग श्रद्धेय स्व. कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने पर भारत सरकार को आखिरकार भारत रत्न देना ही पड़ा। भारतीय जनता पार्टी एवं पूर्व में भारतीय जनसंघ के द्वारा कई बार कपूर्री ठाकुर को अपमानित एवं उपहास किया जाता रहा। एनडीए ने मरणोपरांत भारत रत्न देकर प्रायश्चित करने का काम किया है, इसके लिए आभार। कपूर्री ठाकुर राष्ट्र के दलित, पिछड़े, उपेक्षित लोगों के हक और सम्मान के लिए लगातार संघर्ष करते रहे। राष्ट्रीय जनता दल अपने पूर्वज को भारत रत्न मिलने पर खुशी व्यक्त किया है, साथ ही करोड़ों पिछड़े, दलित को अपने संघर्ष की सफलता मिली है। इस संघर्ष की सफलता के लिए सभी को धन्यवाद।

देवी स्थान मुस्तफापुर में मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत मुस्तफापुर विशनपुर भाथ पोखर स्थित देवी स्थान मंदिर निर्माण कार्य का आज शुभारंभ किया गया। मौके पर राम नरेश झा, उमा महतो, ब्रह्मदेव महतो, श्याम पोद्दार, उमेश झा, कमलेश झा, घुरण राय, छोटन पोद्दार, विमला देवी, मुखिया सीता देवी, पंसस संजय पासवान, राम विनोद झा, रंजीत कुमार मिश्र आदि थे। वहीं इस अवसर पर भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया। जिसमें रामबली राय, लक्ष्मण राय, गणौर राय, सुशील कुमार मिश्र आदि ने भक्ति गीत का गायन कर कार्यक्रम को भव्य बना दिया। विदित हो कि देवी स्थान इस मंदिर का निर्माण मुस्तफापुर एवं चकहबीब के ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

कर्पूरी ठाकुर की मनाई गई जयन्ती

विभूतिपुर प्रखंड के महिषी पंचायत कार्यालय के प्रांगण में मुखिया रामप्रवेश राय की अध्यक्षता में जननायक कपूर्री ठाकुर की शताब्दी जयन्ती समारोह पूर्वक मनाया गया। मौके पर राजस्व कर्मचारी सत्येंद्र पासवान, उपमुखिया कंचन कुमारी, रामबाबू राय, संजीव कुमार ठाकुर, इलायची पासवान, राज नारायण राम, विनोद कुमार राय, जयदेव झा, चितरंजन झा, शशिकांत मिश्र, गौरी शंकर सिंह, किसान सलाहकार रंजीत कुमार प्रथम उपस्थित हुए। वहीं दूसरी ओर बीआरएनकेएस महाविद्यालय के प्रांगण में प्राचार्य सूर्य देव प्रसाद सिंह कि अध्यक्षता में कपूर्री ठाकुर की जयन्ती मनाई गई। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर फूल माला चढ़ाया। वहीं वक्ताओं नें उन्हें गरीबों के मसीहा बताते हुए भारत रत्न मिलने कि घोषणा पर सराहनीय कदम बताते हुए हर्ष व्यक्त किया। मौके पर पूर्व प्राचार्य गणेश प्रसाद यादव, राम गुनीत झा, सुनील कुमार सिंह, रंजीत पोद्दार, चन्द्रभूषण सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

वैज्ञानिकों की टीम ने ड्रोन से किया कीटनाशक छिड़काव का डेमोंसट्रेशन

विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र के मंदा में राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय पूसा से आए कृषि वैज्ञानिकों की तकनीकी टीम ने ड्रोन से विभिन्न फसलों कीटनाशक छिड़काव का पहली बार विभूतिपुर में डेमोंसट्रेशन किया। मंदा के समृद्ध किसान नरेंद्र प्रसाद सिंह के 6 एकड़ में लगे अरहर, मक्का मिश्रित आलू एवं गेहूं के फसल में ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक दवाईयों छिड़काव किया। मौसम सही नही रहने के वजह से आम के फसलों में छिड़काव का डेमोंसट्रेशन अब 30 जनवरी को होगा। किसान नरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया की विभूतिपुर प्रखंड में पहली बार कृषि विश्वविद्यालय के तकनीकी यांत्रिकी विभाग द्वारा मेरे खेत में लगे विभिन्न फसलों में ड्रोन के माध्यम से छिड़काव किया गया।

जननायक को भारत रत्न मिलना पूरे देश के लिए गौरव की बात : सीएम

जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जन्म शताब्दी के अवसर शामिल हुए सीएम

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व सीएम जननायक स्व. कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न का उपाधि दिलाने के लिए हमलोग काफी दिनों से प्रयास कर रहे थे। उनके इस सम्मान मिलने से दलितों, वंचितों और उपेक्षित तबकों के बीच सकारात्मक भाव पैदा होगा। उक्त बातें बुधवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर स्व. ठाकुर के पैतृक गांव कर्पूरीग्राम में राजकीय समारोह में प्रेसवार्ता के दरौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. ठाकुर को भारत रत्न मिलना समस्तीपुर के लोगों के लिए ही नहीं, ब्लकि पूरे देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 से इसकी मांग कर रहे थे। वह पुरानी मांग आज पूरी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. ठाकुर अपने राजनैतिक जीवन में अपने परिवार को हमेशा पीछे रखा। उन्होंने रामनाथ ठाकुर को पार्टी का सब कुछ बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के पहले व्यक्ति हैं जो पिछड़ा, अतिपिछड़ा व अन्य वर्ग के उत्थान के लिए एक साथ काम का किया है। उन्होंने ही सबसे पहले शराबबंदी कानून लगाया था। आज उनके प्रेरणा से हमलोग समाज के विकास के लिए काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने स्व. ठाकुर सच्चा समाजवादी बताया। भारत रत्न का सम्मान देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोसड़ा विधायक वीरेंद्र कुमार ने कहा कि जननायक स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर के 100 वीं जनशताब्दी पर भारत रत्न का उपाधि मिलना देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि भारत जब दुनिया का नेतृत्व कर रहा है उस बीच में गुदरी के लाल को भारत सरकार ने भारत रत्न देकर गौरव का काम किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभूतिपुर के विधायक अजय कुमार ने कहा कि हर साल स्वर्गीय ठाकुर के जयंती पर कार्यक्रम होती थी। मगर उनको जानने वाले हर लोग उनकी जयंती आज मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर की छवि को आज के राजनेताओं को अपने अंदर उतारने की जरूरत है। तभी उनके जीवन का मकसद का पता चल सकेगा। उन्होंने गरीब, असहाय, आर्थिक रूप पीछडे लोगों को उठाने का काम किया। उन्होंने लोगों के लिए आरक्षण लागू करने का भी काम किया। कहा कि वर्तमान में देश की हालत के नाजुक स्थिति पर है। उस बीच में देश रत्न की उपाधि मिलन देश के लिए सम्मानजनक की बात है। पूर्व एमएलसी डा. दुर्गा प्रसाद सिंह ने कहा कि स्व. ठाकुर की तरह देश का नेतृत्व करने वाला को नहीं। इनका कुशल नेतृत्व करना ही देश के लिए बहुत बड़ी बात थी। इन्हों ने समाज, राज्य व देश को सम्मान दिलाने का काम किया था। यह सम्मान बहुत पहले मिलनी चाहिए थी। मगर यह सम्मान मिलना देश के लिए गौरव की बात है। मौके पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा स्थल पर करीब 10 मिनट के करीब मुख्यमंत्री के साथ अन्य विधायक व पूर्व मंत्री मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर एवं स्थानीय विधायक अख्तरूल इस्लाम शाहिन ने कर्पूरी ठाकुर पर लिखी गई पुस्तक का भी विमोचन किया। इस मौके पर जननायक के सहयोगी व राजद के वरीय उपाध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद सिंह, बनारसी ठाकुर, पूर्व मंत्री रामाश्रय सहनी, प्रेमचंद्र झा, उपमेयर रामबालक पासवान, नित्यानंद ठाकुर, जीकेपी के फाउंडर प्रो. अशोक कुमार पांडे, बनारसी ठाकुर, वीरेन्द्र कुमार, दीपक वर्मा, जितेंद्र सिहं चंदैल, आदि स्व. ठाकुर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। गोकुल कपूर्री फुलेश्वरी महाविद्यालय व प्रभावती रामदुलारी इंटर विद्यालय में प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

सामाजिक न्याय की जीत का परिणाम है जननायक को भारत रत्न मिलना : दुर्गेश राय

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू जिलाध्यक्ष डॉ दुर्गेश राय ने जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न सम्मान मिलने का स्वागत करते हुए कहा है कि यह निर्णय सामाजिक न्याय की जीत का परिणाम है। इसके लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार मांग करते रहे हैं। भारत सरकार के इस निर्णय से बिहार के करोड़ों लोगों को सम्मान मिला है तथा पिछड़ों, अति पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, दलितों, महादलितों का आत्म सम्मान बढा है। इसके लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार। इसके साथ ही जदयू जिलाध्यक्ष डॉक्टर दुर्गेश राय ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर की 100वी जयंती के अवसर पर जननायक के नाम से एक विश्वविद्यालय की स्थापना भी होती तो जननायक के शिक्षा के प्रति उनकी दृष्टि को बल मिलता और आने वाली पीढ़ियां सदियों तक जननायक के विचारों से समता, समरसता और समन्वय से परिपूर्ण समाज का निर्माण करती। भारत रत्न सम्मान का स्वागत करने वालों में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष अश्वमेध देवी, जदयू जिला महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी सुबोध सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अनस रिजवान, महिला जदयू की जिलाध्यक्ष डॉ ज्योति निर्मला, छात्र जदयू जिलाध्यक्ष राजा अहमद, जदयू नेता मनीष कुमार, सूरज सहनी, रविंद्र ठाकुर, अशर्फी सहनी, राजकुमार साह, छेदीलाल भारतीय, वीरेंद्र जायसवाल, नरेंद्र भगत, अमित कुमार मुन्ना, अनिल सिंह बाबा, बिंदेश्वर राय, वार्ड पार्षद शंभू राय आदि नेता शामिल है।

मनाई गई लेनिन की 100वीं पुण्यतिथि

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

लेनिन की 100वीं पुण्यतिथि सीपीएम विभूतिपुर लोकल कमेटी दक्षिण के बैनर तले पतैलिया में एक निजी कोचिंग संस्थान में विश्वनाथ महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक अजय कुमार ने कहा कि सोवियत क्रांति के महान नेता लेनिन ने सोवियत रूस के अंदर जारशाही के खिलाफ जनता के अंदर व्याप्त भुखमरी बदहाली और दमन शोषण, क्रूरता से मुक्ति के लिए जनता के जिंदगी में खुशहाली अमन चैन और शोषण विहीन सामाजिक व्यवस्था के लिए संघर्ष चलाया था। महान लेनिन ने जो काम करके दिखाया वह आज भी पूरी दुनिया में मिसाल के तौर पर कायम है। कार्यक्रम को रामदयाल भारती, महेश कुमार, मिथिलेश सिंह, रामदेव राय, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, दिलीप राय, राजगीर यादव आदि ने संबोधित करते हुए लेनिन के बताएं रास्ते पर चलते हुए संघर्ष को आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

कर्पूरी के सपनों को मंजिल पर पहुंचाना है तो 2024 में भाजपा को सत्ता से हटाना होगा : दीपंकर भट्टाचार्य

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कपूर्री ठाकुर के जन्मशती वर्ष पर शहर के सरकारी बस स्टैंड में बुधवार को भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी आंदोलन सत्ता के बल पर आगे नहीं बढ़ता, यह संघर्ष के बल पर आगे बढ़ता है। कपूर्री ठाकुर को दलित- गरीबों से हमदर्दी थी इसलिए सामंती ताकतों ने उन्हें सत्ता में बर्दाश्त नहीं करना चाहते थे। उनके जीते जी उन्हें गाली देते थे आज उनके विरासत को हथियाने की कोशिश की जा रही है। भाकपा माले उनके मंसूबे को कामयाब नहीं होने देगी। आज जब मोदी सरकार में दलित- गरीब-महिलाओं पर हमले बढ़े हैं। बनारस के आईआईटी में छात्रा के साथ ब्लातकार होता है और ब्लातकारी भाजपा का निकलता है। आज गरीबों पर बुलडोजर चल रहा है, कपूर्री जी होते तो बुलडोजर नहीं चलता। किसान आंदोलन, मजदूर आंदोलन को आतंकवाद के श्रेणी में रखा जा रहा है। पहले तो अयोध्या में बाबरी मस्जिद को ढ़ाह कर कानून की धज्जियां उड़ाई गई। अब प्रधानमंत्री द्वारा धार्मिक अनुष्ठान को सरकारीकरण कर संविधान की धज्जियां उड़ाई गई। अब धर्म पर कब्जा करने की कोशिश चल रही है। सरकार की जिम्मेवारी है कि सरकार जनता के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की ब्यवस्था करे। यहाँ तो सरकार रेल, भेल, सेल, खान, जहाँज, बैंक बेच रही है। दीपंकर ने कहा कि यदि आप संविधान बचाना चाहते हैं, लोकतंत्र बचाना चाहते है, कपूर्री के सपनों को मंजिल पर पहुंचाना चाहते हैं तो 2024 में भाजपा को सत्ता से हटाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने ईवीएम से चुनाव कराने का विरोध किया और कहा कि यदि ईवीएम से चुनाव कराई जाती है तो सभी वोटर को वीवी पैट की पर्ची देने की मांग की। सभा को भाकपा माले के पोलिट ब्यूरो के सदस्य अमर, धीरेंद्र झा, राज्य सचिव कुणाल, आशा-आंगनबाड़ी नेत्री शशि यादव, रसोईया संघ नेत्री सरोज चौबे, माले विधायक दल के नेता महबुब आलम, उपनेता सत्यदेव राम, विधायक संदीप सौरभ, विधायक गोपाल रविदास, ऐपवा के राष्ट्रीय महासचिव मीना तिवारी, राज्य कमिटी सदस्य बंदना सिंह, अभिषेक कुमार, 1974 आंदोलन के नेता के डी यादव, शिक्षाविद प्रभात कुमार, प्रो० सुरेंद्र सुमन आदि ने किया। अध्यक्षता जिला सचिव प्रो० उमेश कुमार ने की।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जागरुकता रैली आयोजित

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के वारिसनगर, जितवारपुर, उजियारपुर, दलसिंहसराय, विद्यापतिनगर, मोहीउद्दीननगर, मोहनपुर, पटोरी, मोरवा और सरायरंजन प्रखंड के 150 गांव में बुधवार को जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र और कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बाल विवाह, बाल श्रम, बाल दूव्यार्पार और बाल यौन हिंसा से बच्चों के सुरक्षा और सरंक्षण के लिए जागरुकता रैली, जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय से बाहर, ड्रापआउट, अनामांकित बच्चों की सूची, सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ाव के लिए वंचित परिवार को चिन्हित किया गया। जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम की कार्यक्रम प्रबंधक दीप्ति कुमारी और काजल राज नें संयुक्त रूप से बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जनवरी से मार्च तक समस्तीपुर और लखीसराय जिला के लक्षित 300 गांव के वंचित परिवार को सरकार की लोक कल्याणकारी से जोड़ कर उन परिवारों के बच्चों का स्कूल में नामांकन और ठहराव सुनिश्चित करना है। राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम की कम्यूनिटी सोशल वर्कर स्मृति कुमारी, कौशल्या कुमारी, सुवंश कुमार ठाकुर, रामा कुमार, अमृता प्रीतम, सुनयना कुमारी, प्रेम कुमार महतो, रीता कुमारी, संगीता कुमारी, नेहा कुमारी, अंशु कुमारी, संजुला कुमारी, ललिता कुमारी और वीभा कुमारी तथा सपोर्ट पर्सन कौशल कुमार घर-घर जा कर महिलाओ के साथ बातचीत कर जागरूक किया।

पंचायत समिति सदस्यों ने उपप्रमुख पर लाया अविश्वास का प्रस्ताव

प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) मुरलीगंज प्रखंड के आठ पंचायत समिति सदस्यों ने बुधवार को बीडीओ मो कमरान एवं प्रखंड उपप्रमुख कुमारी गौरी यादव पर अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन दिया है। इस बावत पंचायत समिति सदस्य रघुनाथपुर नूतन कुमारी, रूबी कुमारी, चंद्रकांत राम, बालकिशोर बास्की, रेणु देवी, रूबी देवी, मंजू देवी, मनोज सिंह ने हस्ताक्षर युक्त अलग अलग आवेदन सौंपा है। सदस्यों ने उपप्रमुख पर लगाए गए आरोप में बताया है कि आपका क्रियाकलाप पद के गरिमा के अनुकूल नहीं है। तथा पंचायत समिति सदस्यों के साथ आपका व्यवहार अत्यंत उपेक्षा पूर्ण होता है। योजनाओ में धांधली करवाते हैं। सदस्यों के साथ भेदभाव करते हैं। विकास कार्यों में आपकी रुचि नहीं रह गई है। पंचायत समिति सदस्यों के किसी भी सलाह या प्रस्ताव जो क्षेत्र विकास के संबंध में होता है, के संबंध में आप कोई भी रुचि नहीं ले रहे हैं। जिससे कई योजना लंबित चल रही है। आप प्रखंड कार्यालय में काफी कम उपस्थिति देते हैं जिस वजह से योजना के संबंध में कोई सकारात्मक चर्चा कर पाना संभव नहीं हो पाता है।

जयंती पर याद किए गए जननायक कर्पूरी ठाकुर

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा । बुधवार को भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में जननायक कपूर्री ठाकुर को उनकी 101वीं जयंती पर याद किया गया। इस अवसर पर मधेपुरा यूथ ऐसोसिएशन (माया) के तत्वावधान में विश्वविद्यालय अतिथिशाला परिसर में कपूर्री प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि सभा एवं केंद्रीय पुस्तकालय सभागार में परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर ने कहा कि कपूर्री ठाकुर जनजन के नेता थे। उनके विरोधी दलों के सदस्य भी उनका सम्मान करते थे। उन्होंने कहा कि कपूर्री सादगी, कर्मठता एवं ईमानदारी के प्रतिनिधि थे। उनका समाज के सभी वर्गों में सम्मान है। विषय प्रवेश करते हुए कुलपति के निजी सहायक शंभू नारायण यादव ने कहा कि कपूर्री मात्र पिछडों के नेता नहीं थे, बल्कि वे पूरे समाज एवं राष्ट्र के नेता थे। माया के अध्यक्ष राहुल यादव ने कहा कि 17 फरवरी को कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि से प्रतिमा निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। इसमें समाज के सभी वर्गों से सहयोग अपेक्षित है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. भूपेंद्र नारायण यादव मधेपुरी ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर एक अति सामान्य परिवार से आगे बढ़कर बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे और लोगों ने उन्हें जननायक की उपाधि से विभूषित किया। पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. परमानंद यादव ने कहा कि कपूर्री ठाकुर आम जनता से जुड़े जमीनी नेता थे।सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि कपूर्री ठाकुर ने राजनीति में सेवा एवं त्याग का कीर्तिमान स्थापित किया।विकास पदाधिकारी डॉ. ललन प्रसाद अद्री ने कहा कि कपूर्री ठाकुर सच्चे समाजवादी थे। अभिषद् सदस्य डॉ. जवाहर पासवान ने कहा कि जो समाज के लिए कार्य करते हैं, उन्हें देर-सबेर सम्मान अवश्य मिलता है। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. भूपेन्द्र नारायण यादव ह्यमधेपुरीह्न, डॉ. अरूण कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद अहिल्या देवी, पूर्व कुलसचिव प्रो. शचीन्द्र,आदि उपस्थित थे।

कर्पूरी जन्म शताब्दी पर भाकपा-माले ने शुरू किया संविधान बचाओ अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। कपूर्री ठाकुर जयंती से गांधी शहादत दिवस 30 जनवरी तक माले द्वारा आयोजित संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ जन अभियान व पदयात्रा की शुरूआत आज मुजफ्फरपुर में भी शहर से प्रखंडों तक शुरू हुई। शहर में हरिसभा स्थित पार्टी जिला कार्यालय में कपूर्री ठाकुर की तस्वीर पर माल्यापर्ण के बाद शहर में पदयात्रा निकाली गई। इस दौरान संविधान बचाने, लोकतंत्र बचाने तथा देश बचाने का संकल्प लिया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम और पदयात्रा में माले नगर सचिव सूरज कुमार सिंह, अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह, राजकिशोर प्रसाद, इंजीनियर रेयाज खान, शहनवाज हुसैन, जियालाल साह, विनय वर्मा, विजय गुप्ता, महेन्द्र महतो, राजकुमार पासवान, फारूख बाबा, धनंजय कुमार सहित अन्य पार्टी व सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे। गायघाट प्रखंड परिसर में स्थित कपूर्री भवन में कपूर्री ठाकुर की मूर्ति पर माल्यापर्ण के बाद श्रद्धांजलि सभा की गई जिसे माले नेता जितेन्द्र यादव सहित कई सामाजिक कार्यकताओं ने संबोधित किया। उसके बाद पदयात्रा भी निकाली गई। बोचहां में प्रखंड सचिव रामबालक सहनी, माले नेता रामनंदन पावन, बिनदेश्वर साह, वीरेंद्र पासवान ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया। मुशहरी में माले नेता शत्रुघ्न सहनी,विमलेश मिश्र, महिला नेत्री रानी प्रसाद, औराई में इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब आलम व माले नेता मनोज यादव ,बंदरा प्रखंड में माले प्रखंड सचिव रामबली मेहता तथा सकरा में राजेश रंजन, प्रेमलाल राय, राकेश कुमार, मंजू देवी व छात्र नेता रौशन कुमार ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया। माले नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में कपूर्री जी को बहुत कम समय मिला, लेकिन उन्होंने इस कम समय में आरक्षण और वंचितों के लिए शिक्षा के पक्ष में जो काम किए, वह उल्लेखनीय है। उन्होंने अपने छोटे से मुख्यमंत्री के काल में सभी नक्सल पंथियों की जेल से रिहाई करवाई। सत्ता रहने की कभी चिंता नहीं की। विपक्ष के नेता के बतौर उन्होंने जन संघर्षों का नेतृत्व किया। जन संघर्षों के बल पर आगे बढ़ाने के लिए वे हमेशा याद किए जाएंगे। वे जननायक के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे और आपलोगों के दिल में बसे रहेंगे।

राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम किया आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक बेहतरीन कार्यक्रम का आयोजन जिला सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पदाधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि उप विकास आयुक्त उपस्थित रहें। पुष्प गुच्छ से स्वागत उपरान्त दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभरंभ किया गया। डी.पी.ओ. आई.सी.डी.एस. चॉदनी सिंह ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए अपने संबोधन में कहा कि आज हम सभी बालिकाएं एवं महिलाओं का दिन है, उनके अधिकार और उनके हित में बने अनेक नियमों कानूनों का विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने महिलाओं की विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि को भी गिनाया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने अपने उद्बोधन में सभी उपस्थित बालिकाओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने बेटी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बेटी से मकान, घर बन जाता है। प्राचीन भारतीय संस्कृति में प्रारंभ से ही बेटी का अप्रतिम स्थान रहा है। उन्होंने वैदिक ऋचाओं के रचयिता के रूप में बेटियों की पहचान को बताया। विभिन्न क्षेत्रों में आज बेटियां अग्रणी भूमिका में विराजमान है। अर्थव्यवस्था, खेल, विज्ञान प्रोद्योगिक, सांईस टेक्नलॉजी सभी क्षेत्रों में बेटियां समान अवसर प्राप्त कर परचम लहरा रही है। जरूरत है इसे और निखारने की उन्होंने पुनः उनके बेहतरीन और सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए सभी को धन्यवाद और शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर कल्याण विभाग द्वारा संचालित अम्बेदक विद्यालयों की बच्चियों को, कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बच्चियों को, आई.सी.डी.एस. द्वारा अनुशंशित बच्चियों को तथा जिला समन्वयक ऐक्शन ऐड द्वारा अनुशंशित बच्चियों को जिला पदाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र और बैग एवं उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। डी.पी.एम. जीविका ने भी अपने ओजस्वी भाषण से बालिकाओं का सम्मान और सोंच को प्रेरित किया। इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी प्वांईट एवं गुब्बारा उड़ाने का भी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्य प्रिय कुमार, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी दिनेश कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी, स्वास्थ्य, जिला लेखा पदाधिकारी तथा सभी सी.डी.पी.ओ., महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित थें।

कर्पूरी ठाकुर के त्याग और संघर्ष को मिला सम्मान : भाजपा

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा । जननायक कपूर्री ठाकुर को उनके जन्म शताब्दी के मौके पर भाजपा कार्यकताओं ने बुधवार को कपूर्री चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता ने जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने पर पीएम नरेंद्र मोदी का आभार जताया। जिलाध्यक्ष दीपक यादव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा एतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय को लेकर कपूर्री ठाकुर के द्वारा उठाए कदम की वजह से ही गरीबों को समाज में उनका वास्तविक सम्मान मिल सका। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कपूर्री ठाकुर का पूरा जीवन पिछड़ों और प्रताड़ित लोगों की सेवा में बीत गया। मौके पर गुलजार कुमार बंटी, नगर अध्यक्ष शशि कुमार, विधानसभा प्रभारी अशोक मेहता, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अनमोल, मुन्ना, प्रमोद कुमार, प्रो. रामचंद्र यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 96 वर्ष 2023–24

(बजट सत्र के अवसर पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 01.02..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 01.02..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 01.02..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।

कार्य का विवरणी :–

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Painting work in inner portion and Polishing work in House Main building B.V.P. at the occasion of Budget Session, Patna for the year 2023-24.	5.00	10,000=00	750=00	सत्र के पूर्व
2	Painting or polishing work in house and painting work in inner portion main building B.V.S. at the occasion of Budget Session, Patna for the year 2023-24.	6.00	12,000=00	1,250=00	सत्र के पूर्व
3	Repair and painting of Back Side (West) Outer portion Main Building B.V.S. at the occasion of Budget Session, Patna for the year 2023-24.	7.50	15,000=00	1,250=00	सत्र के पूर्व
4	Repair and painting of South Side Outer portion Main Building B.V.S. at the occasion of Budget Session, Patna for the year 23-24.	3.50	7,000=00	750=00	सत्र के पूर्व
5	Repair of B/W and other works behind block 2 near parking area on the occasion of Budget Session, Patna for the year 2023-24.	6.90	13,800=00	1,2550=00	सत्र के पूर्व
6	Repair of Shed, Guard Room, transparent sheet, Painting and other works at Amarjyoti on the occasion of Budget Session, Patna for the year 2023-24.	4.50	9,000=00	750=00	सत्र के पूर्व
7	Repair and painting of Front Side Outer portion of Block 2 on the occasion of Budget Session, Patna for the year 2023-24.	5.50	11,000=00	1,250=00	सत्र के पूर्व
8	Repair Work of Plinth Protection and laying of Parking Tiles at East Side of Extended Building B.V.M. on the occasion of Budget Session, Patna for the year 2023-24.	7.50	15,000=00	1,250=00	सत्र के पूर्व
9	Repair of Shed for Store of furnitures etc and other works near

संक्षिप्त खबरें

चाकू गोद कर बुजुर्ग की हत्या

मुजफ्फरपुर। जिले के तुर्की ओपी अंतर्गत चैनपुर गांव में कल रात सुप्तावस्था में एक बुजुर्ग की चाकू से गोद कर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक का नाम महेंद्र महतो (65)बताया गया है।, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर मृतक के परिजनों से मामले की जानकारी ली। श्वान दस्ता को भी बुलाया गया लेकिन घटना के सम्बंध में कोई सुराग नहीं मिल सका है।आरक्षी उपाधीक्षक मुजफ्फरपुरं पश्चिमी अभिशेष आनन्द ने बताया कि मृतक अपने कमरे में सोया हुआ था जहां चाकू से गोद कर उसकी हत्या कर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एस एफ एल की टीम बुलाई गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। हत्याकांड का शीघ्र उद्भेदन कर लिया जाएगा।

ठंड से कक्षा 6 के छात्र की हूई मौत

बोचहां। बिहार में ठंड का कहर जारी है और बुधवार को इस ठंड ने एक छात्र की जान ले ली. दरअसल, प्रखंड क्षेत्र के राघो मझौली राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रोजाना की तरह बच्चे पढ़ाई के लिए पहुंचे थे. इसी बीच कक्षा 6 में पढ़ने वाले छात्र मो कुर्बान को अचानक ठंड लग गई। इस दौरान ठंड लगने की वजह से कपकपा रहे बच्चे को शिक्षक ने घर जाने को कहा, जहां घर जाने के दौरान रास्ते में ही बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान बाजितपुर मझौली गांव के मोहम्मद इस्लाम के 14 वर्षीय पुत्र मोहम्मद कुर्बान के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की मां जमीला खातून ने शासन प्रशासन को छात्र के मौत का जिम्मेदार बताया और कहा बच्चे स्कूल नहीं जाएंगे तो उसका नाम काट दिया जाएगा इस डर से कपकपाती ठंड में बच्चों को स्कूल भेजी थी जहां उसे ठंड लग गया शिक्षकों ने कहा घर जाने के लिए और और रास्ते में मौत हो गई। वही माले प्रखंड अध्यक्ष रामबालक सहनी ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि मृतक के परिजन को सरकारी लाभ दिया जाए और इस रूह कपा देने वाली ठंड में स्कूल को अभिलंब बंद करने का आदेश दिया जाए। इधर स्कूल प्रशासन की मानें तो उनका छात्र मो कुर्बान ने स्कूल में आया और क्लास में बैठकर पढ़ाई करने लगा। वहां उसे ठंड लग गई. जब उसे ठंड लगी तो वो कपकपा ने लगा। उसे घर जाने को कहा गया जहां घर लौटते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

कर्पूरी ठाकुर का 100 वीं जयंती मनाया गया

कर्पूरी ठाकुर के सादगी, सरलता, सादा जीवन उच्च विचार, से आज के नेताओं को सीख लेने की जरूरत : किरण देव यादव

- कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न की उपाधि देने की घोषणा पर किया हर्ष व्यक्त, दी बधाई साधुवाद

प्रात : किरण, संवाददाता

खगड़िया। सामाजिक संगठन फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के बैनर तले कपूर्री ठाकुर का जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन श्री युवक प्रखंड पुस्तकालय परिसर में किया गया जिसकी अध्यक्षता अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कपूर्री ठाकुर के तैल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर कोटि-कोटि नमन याद किया गया तथा कपूर्री ठाकुर अमर रहे, नारों को बुलंद किया गया।

अध्यक्षीय संबोधन में किरण देव यादव ने कहा कि कपूर्री ठाकुर सच्चे अर्थों में जननायक, गुदड़ी के लाल, शिक्षक, स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक न्याय-समरसता व सादगी तथा सादा जीवन उच्च विचार के प्रतिमूर्ति प्रेरणास्त्रोत थे। उन्होंने कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करने पर हर्ष व्यक्त किया तथा बधाई एवं साधुवाद दिया। कहा कि आंदोलन की जीत हुई।

समाजसेवी चंद्रशेखरम, विश्व मानवाधिकार संघ के महासचिव बृजनंदन महतो, मानवाधिकार के अध्यक्ष महेश्वर यादव, फरकिया मिशन के उपाध्यक्ष लालमणि सदा, मिशन के सचिव प्रकाश ठाकुर, पतंजलि के जितेंद्र कुमार, पूर्व मुखिया शिवधारी ठाकुर , रामदेव यादव , विष्णु देव यादव, उपेंद्र सदा, जोगी यादव, लक्ष्मण कुमार, दिव्यांग देवेंद्र कुमार, विपिन ठाकुर, दिनेश ठाकुर आदि ने उद्गार व्यक्त करते हुए कपूर्री ठाकुर के जीवनी व्यक्तित्व कृतित्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सीख लेने पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि देश स्तर पर पहली बार कपूर्री ठाकुर ने बृद्धा पेंशन 30 मासिक के तौर पर शुरूआत किए थे। वे नाई अति पिछड़ा ही नहीं, आम जनों के मसीहा थे, जिन्होंने सम्मान एवं समता मूलक समाज के निर्माण के लिए अनवरत संघर्ष किया। वक्ताओं ने कहा कि कपूर्री ठाकुर का जन्म समस्तीपुर जिला के पितोंझिया गांव वर्तमान कपूर्री ग्राम में 24 जनवरी 1924 को हुआ था। इनके पिता का नाम गोकुल ठाकुर तथा माता का नाम रामदुलारी देवी तथा बेटे का नाम रामनाथ ठाकुर है। वे दो बार मुख्यमंत्री एवं एक बार उपमुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री बने। इनका निधन 17 फरवरी 17 फरवरी 1988 को पटना में हुआ। वक्ताओं ने कहा कि आज के नेताओं को कपूर्री ठाकुर के सादगी सरलता सादा जीवन उच्च विचार जैसे सिद्धांत से सीख लेने की जरूरत है। बक्ताओं ने कपूर्री ठाकुर का प्रतिमा अलौली में तथा जे एन के टी इंटर स्कूल परिसर में स्थापित करने, वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन 5000 मासिक करने, कपूर्री ठाकुर अध्ययन केंद्र खोलने की मांग किया।

अपराध की योजना बना रहे 4 अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने साहेबगंज थाना अंतर्गत खोड़ी मलंग स्थान के पास से अपराध की योजना बना रहे 4 अपराधियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।यह जानकारी देते हुए एसएसपी राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधकर्मी खोड़ी मलंग स्थान के पास किसी बड़े आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही साहेबगंज थानाध्यक्ष ने पुलिस टीम के साथ मौके पर धावा बोल कर संदीप कुमार उर्फ राजा ,सोनु सहनी , जयप्रकाश सहनी और लवकुश पासवान को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 2 देशी कट्टा,5कारतूस,1लैपटाप,3 मोटरसाइकिल और 2मोबाइल फोन बरामद किए गये हैं।पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार सभी अपराधी पेशेवर हैं। इन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सीएसपी संचालकों एवं फाईनेन्स कर्मियों से साहेबगंज अंतर्गत सहित अन्य जिलों यथा गोपालगंज, मोतिहारी में भी कई आपर घटनाओं को अंजाम दिया है।इन गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से साहेबगंज थाना कांड सं0 584/23 में चोरी गई लैपटॉप एवं देवरिया थाना कांड सं 03/24 तथा 10/24 में लूट/छिनतः गई 02 मोटरसाईकिल बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों ने साहेबगंज थाना कांड सं0 33/24 में रामपुर खुर्द । सीएसपी लूट में भी अपना संलिप्ता स्वीकार की है। उक्त लूट-कांड में गलैमर मोटरसाईकिल भी बरामद किया गया है।

बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा । महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार के निदेशानुसार बुधवार को जिला प्रशासन, मधेपुरा के सौजन्य से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर जिले के सभी प्रखंडों में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कड़ी में राजकीय अम्बेदकर बालिका उच्च विद्यालय, मुरलीगंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं, प्रखंड स्तर पर आयोजित निबंध, स्लोगन, चित्रकला, मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को जिला प्रशासन, मधेपुरा द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बी.एल हाई स्कूल, मुरलीगंज में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के बारे में बच्चों को विस्तृत जानकारी देने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंत में बच्चों से एक्ट से संबंधित पूछे गए सवाल का जबाब देने वाली छात्राओं को जिला प्रशासन द्वारा कॉफी मग प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। साथ ही वन स्टॉप सेन्टर एवं जिला हब एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन कार्यालय द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रोग्राम पदाधिकारी-सह- नोडल पदाधिकारी श्रीमती रश्मि कुमारी ने कहा कि 18 साल से कम उम्र के किसी बच्चों (चाहे लड़का हो या लड़की) के साथ यौन अपराध हुआ या करने का प्रयास गया है, तो ऐसे मामले पोस्को एक्ट के तहत आते है। यह कानून बच्चों को लैंगिक हमले, लैंगिक उत्पीड़न और अश्लील चित्र व साहित्य के इस्तेमाल जैसे अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है। ऐसे अपराध का विचारण करने के लिए विशेष न्यायालयों की स्थापना की गई है। जिसमें अपराधी को 6 माह से लेकर 20 साल तक का सजा, जुमार्ना एवं आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी रामकृपाल सिंह, प्रधानाध्यापक सूर्यदेव नारायण, जिला मिशन समन्वयक मो इमरान आलम, केंद्र प्रशासक कुमारी शालिनी, शिक्षक दीपक, कृष्णा, गुड़िया, अनुपम छात्रा भारती, नेहा,खुशबू, भानु प्रिया, पूजा, हीरा, शिवजी, बबली नीतू, आरती, डोलो के साथ-साथ कई छात्राएं मौजूद थे।

स्वच्छ भारत अभियान पर संगोष्ठी का आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा । स्वच्छ भारत अभियान के महत्त्व विषय पर टी पी कॉलेज जंतु विज्ञान विभाग में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पीजी फोर्थ सेमेस्टर के छात्रों नें भाग लिया और सर्वप्रथम सभी शिक्षक एवं छात्र नें मिलकर विज्ञान संकाय में झाड़ू चलाकर स्वछता की शुरूवात के साथ दर्जनों पौधे लगाकर संगोष्ठी की शुरूवात किए फिर संगोष्ठी के मुख्य अतिथि विभागध्यक्ष डॉ. (प्रो.) पंकज कुमार नें सम्बोधित करते हुए कहा की हमें विभिन्न तरह के विमारियों से बचने के लिए स्वच्छ भारत अभियान के लिए अग्रसर होकर चलना चाहिए। वही संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जंतु विज्ञान विभाग के अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह नें सभी छात्र छात्राओं से स्वच्छ भारत अभियान में अग्रसर होकर जन जागरण अभियान में विभिन्न संगठनों से जुड़कर भूमिका निभानें की अपील किया और कहा की उच्च शिक्षा ग्रहण करने का फलाफल तब सार्थक सिद्ध होगा जब भारत पूर्ण रूप से स्वच्छ होगा। वही संगोष्ठी में विभाग की अतिथि सहायक प्राध्यापिका डॉ. सीमा कुमारी ने कही की हमें अपने घर के अलावे सरकारी जगहों को भी साफ करते रहना चाहिए जिससे हर जगह स्वच्छ नजर आए। संगोष्ठी में विभाग के पांचू, संजय सहित छात्र निखिल कुमार, अभिषेक कुमार, नीरज निराला, मोनू कुमार, मिथिलेश सिंह, परवाना कुमार, अजित कुमार, मयंक राज, नेहा कुमारी, प्रियंका कुमारी, जूली कुमारी, जानवी किट्टू, पूजा कुमारी आदि छात्र छात्राओं नें संगोष्ठी को सम्बोधित किया।

बिहार उच्च भूकंपीय से बचने के एसडीआरएफ टीम प्रतिनिधियों को दिया प्रशिक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता

पतरघट/सहरसा। जिला के प्रखंड सभागार पतरघट में बिहार-नेपाल सीमा के पास हिमालयी टेक्टोनिक प्लेट में शामिल होने वाली टेक्टोनिक प्लेट की सीमा पर पड़ता है और चार दिशाओं में गंगा सतहों की ओर बढ़ते छह उप-सतह लाइन में समा जाता हैं। राज्य के प्रमुख हिस्सों को भूकंपी क्षेत्र क्क्र और श में भारत के जोखिम एटलस द्वारा वगीर्कृत किया गया है, अर्थात उच्च तीव्रता के विनाश होने की संभावना के साथ उच्च भूकंप संवेदनशीलता होने के कारण। कुल मिलाकर, बिहार के कुल क्षेत्रफल का 15.2% जोन श के तहत वगीर्कृत किया गया है और बिहार के कुल क्षेत्रफल का 63.7% क्षेत्र चौथा स्थान है। 38 जिलों में से 8 जिलों में भूकंपीय क्षेत्र श होता है जबकि 24 जिलों में भूकंपीय क्षेत्र क्क्र और 6 जिलों में भूकंपीय क्षेत्र क्क्क्र होता है जो अधिकांश जिलों में कई भूकंपीय क्षेत्रों (या तो भूकंपी क्षेत्र श और क्क्र या भूकंपी क्षेत्र क्क्र और क्क्क्र) के तहत पड़ता है। । इस राज्य में पहले भूकंप बड़े भूकम्पो में हुए है; सबसे बुरी घटना 1 9 34 में हुई भूकंप में 10,000 लोगों की मृत्यु हुई, इसके बाद 1 9 88 में भूकंप आया। मौके पर मौजूद जिला प्रभारी सह प्रखंड प्रशिक्षक उमेश चौधरी, अंचल नजीर मनीष कुमार,रत्न कुमार यादव,रविंद्र कुमार ललिता कुमारी,राजेश कामत,एवम अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर का 100 वां जन्मोत्सव समारोह आयोजित

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा ।ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में बुधवार (24 जनवरी) को जननायक कपूर्री ठाकुर का 101वां जन्मोत्सव समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता उप समाहर्ता अरूण कुमार सिंह ने कहा कि कपूर्री ठाकुर ने समाज के अंतिम वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया। हमें उनके विचारों एवं कार्यों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। मुख्य अतिथि जिला कल्याण पदाधिकारी रामकृपाल प्रसाद ने कहा कि कपूर्री ठाकुर के सपनों को पूरा करने के लिए कल्याण विभाग द्वारा कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि कपूर्री ठाकुर सादगी के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमारे लिए अनुकरणीय है। संचालन करते हुए दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न सम्मान देने से यह सम्मान ही सम्मानित हुआ है। अतिथियों का स्वागत स्नातकोत्तर गणित विभागाध्यक्ष ले. गुड्डू कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार मिश्र ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी उपस्थित लोगों ने जननायक कपूर्री ठाकुर और कीर्ति नारायण मंडल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अतिथियों का अंगवस्त्रम् एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

जननायक कर्पूरी ठाकुर का शताब्दी समारोह आयोजित

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सहरसा के जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा के आवास पर जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर जी का 100 वा जयंती समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जयंती कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारत सरकार के द्वारा भारत रत्न दिए जाने पर पिछड़ों के राजनीतिक चेतना का परिणाम बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा कपूर्री जी जीवन भर शोषितों पीड़ितों के लिए कार्य करते रहे। आज के वर्तमान समय में राजनेताओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है जो व्यक्ति मुख्यमंत्री रहते एक मकान नहीं बना सके वहीं दूसरी और आज के नेता आलीशान बंगलो और महंगे गाड़ियों में जनता के सपनों को चकनाचूर कर रहे हैं। जयंती कार्यक्रम को नाई संगठन के सभापति तारिणी ठाकुर, महिला जिलाध्यक्ष पूजा चौधरी, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मोहम्मद इमरान, खेल जिलाध्यक्ष निरंजन कुमार, आईटी सेल जिलाध्यक्ष गगन कुमार, एससी-एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नवीन कुमार, छात्र जिलाध्यक्ष अमरेश पासवान, युवा जिलाध्यक्ष संदीप पासवान, नीतीश कुमार ठाकुर, प्रेम कुमार, दीपक पासवान, पूर्व वार्ड पार्षद सोनी महेंद्र शर्मा शामिल रहे।

सरकारी नौकरी की तैयारी के लिए पलायन नहीं प्लान करें : शीतोष्णा श्रीवास्तव

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। शहर में बनगांव रोड स्थित मीर टोला डॉक्टर कलाम के नजदीक जया कॉलोनी में बुधवार को प्रमाणिक शिक्षण संस्थान कैरियर पावर अड्डा 24 .7 का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।उद्घाटनकर्ता शिवानंद प्रसाद सिन्हा,डॉक्टर राजकुमार सिन्हा, अधिवक्ता राजीव कुमार सिन्हा डॉक्टर शंभू कुमार सिंह, डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि अब कोशी जैसे अशिक्षित इलाकों के बच्चे को अन्यत्र कहीं भेजने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।अब एक ही छत के नीचे बीपीएससी, एसएससी, बैंकिंग, सीटेट, एसटीईटी, स्ट्रेट, रेलवे, दरोगा, डिफेंस एवं अन्य सरकारी नौकरियों के लिए योग शिक्षकों के द्वारा तैयारी कराई जा रही है।निदेशक शीतोष्णा श्रीवास्तव ने कहा कि कोसी में पहला बिहार में चौथा एवं देश में 66 वां सेंटर यहाँ खोला गया है।उन्होंने कहा कि बिहार में पटना भागलपुर एवं मुजफ्फरपुर के बाद सहरसा में ही प्रमाणिक कोचिंग शिक्षण संस्थान अड्डा 247 खोला गया है।यहाँ बच्चों को योगय शिक्षकों एवं विषयों के विशेषज्ञ द्वारा अच्छे ढंग से तैयारी कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके लिए दिल्ली मैंन सेंटर से हिमांशु रंजन, मुरादाबाद केंद्र के चंदन कुमार,गुवाहाटी सेंटर के विकास महासेठ के द्वारा अच्छे ढंग से प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी।इस अवसर पर डॉक्टर चैत्र गोपाल झा, डॉक्टर अशोक पांडे,डॉक्टर सुनील सिंह, डॉक्टर रामजी प्रसाद, डॉक्टर अनवर उल हक ने बताया कि शहर में कोचिंग की कमी नहीं है लेकिन प्रामाणिक एवं गुणवत्तापूर्ण कोचिंग की कमी थी।इस कोचिंग के खुलने से सहरसा सुपौल मधेपुरा पूर्णिया कटिहार सहित अन्य जिलों के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को काफी सहूलियत होगी।उन्होंने अभिभावकों से कम खर्चे में बेहतर परिणाम के लिए इस कोचिंग के उज्जवल भविष्य की कामना की।इस मौके पर मोहम्मद इरशाद अंसारी,मोहम्मद शाहिद, अरूबा अंसारी, अल्बीना अंसारी, माधव कुमार, मोहम्मद आरजू एवं अपिव्रत सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

नवनियुक्त कुलपति प्रो. बिमलेन्दु शेखर झा का योगदान आज

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा । ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा में जंतु विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं विज्ञान संकाय के पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. बिमलेन्दु शेखर झा गुरुवार को बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलपति का पदभार ग्रहण करेंगे। उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि मंगलवार को राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के आदेशानुसार राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल. चोंग्थू ने प्रो. झा को बीएनएमयू का कुलपति बनने संबंधी अधिसूचना जारी की गई है। इससे यहां हर्ष का माहौल है। नवनियुक्त कुलपति के विश्वविद्यालय प्रशासनिक परिसर में आगमन पर भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है। वे योगदानोपरांत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, महामना भूपेंद्र नारायण मंडल, जननायक कपूर्री ठाकुर एवं पूर्व कुलपति प्रो. महावीर प्रसाद यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। टीपी कालेज के प्रधानाचार्य बने थे प्रथम कुलपति डॉ. शेखर ने बताया कि भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, लालूनगर, मधेपुरा की स्थापना 10 जनवरी, 1992 को हुई। तदुपरांत टी. पी. कालेज, मधेपुरा के प्रधानाचार्य प्रो. रमेंद्र कुमार यादव ह्यरविह्न को प्रथम (संस्थापक) कुलपति होने का गौरव प्राप्त हुआ। वे इस पद पर 15 जनवरी, 1992 से 15 जून, 1993 तक रहे। इतने कम समय में ही उन्होंने विश्वविद्यालय के लिए कोसी प्रोजेक्ट की जमीन का अधिग्रहण कराया और लालूनगर के रूप प्रशासनिक परिसर स्थापित करने में सफलता प्राप्त की।

शिशुओं का निगरानी और पोषण टैकर विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला

प्रात : किरण संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) आईसीडीएस विभाग के द्वारा जिले के एकमात्र आकांक्षी प्रखंड चौसा के प्रखंड सभागार में शिशुओं में शारीरिक वृद्धि निगरानी और पोषण टैकर विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला को फैसलीटेट करने में पिरामल फाउंडेशन की ए बी सी टीम मधेपुरा ने सहयोग किया। पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीड अमरनाथ ठाकुर, पिरामल फाउंडेशन के गाँधी फेलो शुभम प्रजापति व रोहित राय ने आंगनबाड़ी सेविकाओ को शारीरिक वृद्धि पर निगरानी को लेकर जानकारी देते हुए मापन के उपकरणों और कुपोषित बच्चो की पहचान करने के बाद उनके पोषण व अन्य चीजो पर विस्तृत जानकारी दी। शारीरिक वृद्धि पर निगरानी के वजन और ऊँचाई मापन के उपकरणों इन्फैंटोमीटर, स्टेडियोमीटर, बेबी वेट मशीन, सेल्टर मशीन, एडल्ट वेट मशीन के उपयोग करने के तरीके पर सेविकाओ को विस्तृत जानकारी दी गई। शारीरिक वृद्धि पर निगरानी के बाद चिंहित बच्चो में कुपोषित और अतिकुपोषित बच्चो के पोषणआहार, स्तनपान को लेकर भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में प्रखंड समन्वयक शमशेर आलम, महिला समन्वयक मीना कुमारी, खुशबु कुमारी, प्रभा कुमारी सहित फुलौत पूर्वी, फुलौत पश्चिमी, मोरसंडा, चिचौरी, पैना पंचायत की 59 सेविका उपस्थित थे।

अपराधियों ने आभूषण दुकानदार के मुंह में मारी गोली , गंभीर

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । मंगलवार देर रात बाइक सवार अपराधियों ने एक आभूषण दुकानदार के मुंह में गोली मार दी। गोली मुंह के दाहिने जबड़े में जाकर लगी। दुकानदार अपनी जान बचाने के लिए बाइक छोड़कर सड़क से दौड़कर एक घर में घुस गया। गोली मार कर अपराधी मौके से फरार हो गए।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है।मामला सरैया थाना क्षेत्र के मणिकपुर पिपरा पुल के समीप वैशाली-पारू मुख्य मार्ग एसएच 74 का है।घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और आनन-फानन में दुकानदार को सरैया सीएचसी में भर्ती कराया।पीड़ित दुकानदार की पहचान वैशाली के दाउदनगर निवासी शिवजी साह के पुत्र संतोष कुमार के रूप में हुई है। जबकि उनके घायल भाई की पहचान धीरज कुमार को रूप में हुई है। उनकी सरैया बाजार में आभूषण की दुकान है.बताया जाता है कि दुकान बंद करके संतोष कुमार अपने भाई धीरज कुमार के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इस दौरान अपराधियों ने धीरज को दो गोली मार दी और फरार हो गए।

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय
बिहार सरकार
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 97 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 05.02..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 06.02..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 06.02..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।

कार्य का विवरणी :–

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Provision & Re-Setting of Paver's Block in Different Places of Bihar Vidhan Mandal Campus, Patna for the year 2023-24.	9.50	19,000=00	1,250=00	01 माह
2	Different Work in the Campus of Bihar Vidhan Mandal, Patna for the year 2023-24.	13.83	27,700=00	2,500=00	01 माह

7. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prd.bihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना
PR. No. 015960 (BCD) 2023-24
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–01 वर्ष 2023–24

स्थानीय अभिकर्ता श्रेणी (iv) में निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फार्मो/निबंधित दुकानदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 03.02.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 1:30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य का विवरणी :–

क0	सामग्री का नाम एवं विशिष्टयाँ	मात्रा	इकाई	उद्वत की जानेवाली दर
1	Submersible Pump for Dashrath Manjhi Building, Patna for the year 23-24			
	Supplying & installation testing and commissioning submersible pump etc. as per Specificaton & direction of E/I.	01 Nos	Each	

➢ कार्य समाप्ति की अवधि : 15 दिन
➢ विशेष जानकारी हेतु बेबसाईट बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में
कार्यावधि में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल,
भ0नि0वि0, पटना
PR. No. 015889 (BCD) 2023-24
नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

सम्पादकीय

दास्तान-ए-सफर-ए-गरीब रथ

देश की अनेक तीव्रगामी रेल गाड़ियों से तो प्रायः यात्रा करने का अवसर मिलता रहा मगर इत्तेफाक से गरीब रथ नामक बहुचर्चित ट्रेन से यात्रा करने का अवसर कभी नहीं मिला था। परन्तु पिछले दिनों यह अरमान भी उस समय पूरा हो गया जबकि एक करीबी रिश्तेदार के देहांत के सिलसिले में अचानक गरीब रथ से ही मुजफ़्फरपुर जाने व इसी ट्रेन से वापसी का भी अवसर मिला। भारतीय रेल द्वारा 2006 में गरीब रथ एक्सप्रेस शृंखला की शुरूआत की गयी थी। तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने गरीब रथ एक्सप्रेस जैसी कम किराये वाली तथा तीव्रगामी वातानुकूलित रेलगाड़ियों की शुरूआत इसी उद्देश्य से की थी ताकि साधारण लोग भी वातानुकूलित गाड़ियों में यात्रा कर सकें। इस ट्रेन के थ्री ए सी कोच में साइड में भी मिडिल की ही तरह तीन बर्थ लगाई गयी हैं। निश्चित रूप से किराया व स्टॉपेज कम और रफ़्तार अधिक होने की वजह से यह ट्रेन साधारण लोगों की पसंदीदा ट्रेन बन चुकी है। परन्तु इस गरीब रथ एक्सप्रेस में पहली बार यात्रा करने का मेरा जो निजी व कटु अनुभव रहा उसे भी साँझा करना जरूरी है। गत 20 जून को अमृतसर से सहरसा जाने वाली 12204 गरीब रथ से मुजफ़्फरपुर जाने हेतु ए सी थ्री के कोच नं जी-11 में (डिब्बा संख्या 084905) मेरा आरक्षण था। पूरी ट्रेन बिहार के प्रवासी कामगारों से भरी थी। अधिकांश यात्रियों के पास अत्यधिक सामान होने के कारण कोच पूरी तरह अव्यवस्थित था। इसके अलावा लगभग हर कोच में प्रवेश द्वार के पास अनेक ऐसे यात्री भी रास्ते में बैठे थे जिनका आरक्षण नहीं था। ऐसे यात्री पूरी रात कोच के भीतर खाली बर्थ की तलाश में या किसी दूसरे की सीट पर लटककर बैठने की फिराक में बार बार इधर से उधर आ जा रहे थे। इसकी वजह से अन्य यात्री न केवल असहज व विचलित हो रहे थे बल्कि उनमें असुरक्षा की भावना भी थी। परन्तु इन्हें रोकने टोकने वाला कोई भी नहीं था। दरवाजे के पास सारी रात बैठे ऐसे ही एक दो यात्रियों से बात करने पर पता चला कि टिकट निरीक्षक को बिना रसीद का सेवा शुल्क देने के बाद उसी ने इन यात्रियों को किसी भी कोच में यात्रा करने की छूट दी है। बहरहाल लगभग तीन घंटे देरी से चल रही उपरोक्त ट्रेन मध्यरात्रि के बाद जब गोरखपुर पहुंची तो इसी 11 में (कोच संख्या 084905) में एक संदिग्ध व्यक्ति घुसा और मेरी ही दस नंबर की साइड लोवर बर्थ पर कब्जा जमा कर लेट गया। उस समय मैं वाशरूम गई थी। गोरखपुर से छपरा के बीच वह व्यक्ति चाय बेचने वालों से चाय मांग कर तो पीता परन्तु जब वे पैसे मांगते तो कोई जवाब न देता। आखिरकार थक कर वेंडर्स उसे बुरा भला कहकर चले जाते। जब मैंने उससे अपनी बर्थ छोड़ने के लिये कहा तो वह खामोश रहा। बहुत कहने पर भी कुछ न बोला। थोड़ी ही देर बाद उसी बर्थ से बुरी दुर्गन्ध आनी शुरू हुई। पूरा कोच भीषण दुर्गन्ध से विचलित हो उठा। गोरखपुर से छपरा तक रात दो तीन चार बजे के दौरान चलती ट्रेन में यह ड्रामा चलता रहा। न वह टिकट निरीक्षक के कहने से उठे न ही बेडरोल वितरित करने वाले स्टाफ के कहने से न ही मेरे या किसी अन्य यात्री के कहने से। आखिरकार उसपर पानी छिड़ककर जब उसे छपरा में उतारा गया तो देखा गया कि उसने बर्थ पर ही ढेर सारा शौच कर दिया है जो दुर्गन्ध फैला रहा था। वह व्यक्ति अर्धनग्न भी था।

धर्म सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा होगा

अजीत द्विवेदी

कोई कुछ भी कहे अगले लोकसभा चुनाव में व्यापक रूप से हिंदुत्व और खासतौर से राममंदिर सबसे बड़ा मुद्दा होने जा रहा है। कुछ समय पहले तक राजनीतिक रूप से राममंदिर का मुद्दा समाप्त मान लिया गया था। लेकिन उस समाप्त हो चुके मुद्दे को भाजपा ने फिर से जिंदा कर दिया है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का जैसा भव्य आयोजन हुआ है और कार्यक्रम के हर फ्रेम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जैसी मौजूदगी रही है उसके बाद कोई संदेह नहीं रह गया है कि यह अगले चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा होने वाला है। चुनाव की घोषणा से पहले पूरे देश और पूरी दुनिया को राममय करने का विशाल अभियान चुनाव को ध्यान में रख कर ही चलाया गया था। प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरा देश उत्सव के माहौल में था और अगले तीन महीने इस माहौल की तीव्रता कम नहीं होने दी जाएगी।अयोध्या में राममंदिर को लेकर कांग्रेस के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत पीवी नरसिंह राव की दो बातें मिथक की तरह प्रसिद्ध हैं। उन्होंने अपने दक्षिणपंथी विचारों का बचाव करते हुए किसी नेता से कहा था कि कांग्रेस भाजपा से तो लड़ सकती है लेकिन भगवान राम से कैसे लड़ सकती है। उनकी दूसरी बात यह है कि वे मानते थे कि विवादित ढांचा टूट जाने के बाद अयोध्या का मामला समाप्त हो जाएगा। उनका दावा था कि 1992 में बाबरी मस्जिद का विवादित ढांचा टूटने के बाद अयोध्या का मामला भाजपा के हाथ से निकल गया है। यह बात पूरी तरह से सही नहीं साबित हुई। क्योंकि उसके बाद भाजपा 1991 के 89 सीटों से 1996 में 161 सीटों पर पहुंच गई और उसके बाद 1999 और 2004 के चुनावों में 183 सीटों पर रही।अब अब उसके 20 साल बाद राममंदिर एक बार फिर चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बनता दिख रहा है। ध्यान रहे नरेंद्र मोदी ने अपने दो चुनावों में इसे मुद्दा नहीं बनाया था। उनका पहला चुनाव यानी 2014 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस सरकार की एंटी इन्कम्बैंसी पर था। हिंदुत्व का अंडरकरंट भी था क्योंकि 2002 के गुजरात दंगों के बाद से नरेंद्र मोदी खुद कट्टपंथी हिंदुत्व का प्रतीक चेहरा बन कर उभरे थे। लेकिन प्रचार की थीम मोटे तौर पर महंगाई, भ्रष्टाचार और कमजोर नेतृत्व पर थी। दूसरा यानी 2019 का चुनाव व्यापक रूप से राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृत्व के मुद्दे पर लड़ा गया। इसके लिए पुलवामा कांड और उरी व बालाकोट स्ट्राइक को मुद्दा बनाया गया।लेकिन इस दस साल की अवधि में ऐसा नहीं है कि अयोध्या के प्रोजेक्ट को भुला दिया गया था। वह मंथर गति से आगे बढ़ रहा था। साथ ही लोगों को ज्यादा से ज्यादा धार्मिक बनाने का अभियान भी चल रहा था। मैकियावेली ने द प्रिंसइ लिखा है कि राजा को चाहिए कि वह जनता को ज्यादा से ज्यादा धार्मिक बनाए क्योंकि धार्मिक जनता पर शासन करना बहुत आसान होता हैइ। सो, नरेंद्र मोदी देश की जनता को धार्मिक बनाने में लगे रहे। उन्होंने अपनी छवि एक समर्पित हिंदू बुजुर्ग की बनाई। वे मंदिरों में जाते तो पूरी भाव भंगिमा एक धर्मप्राण हिंदू की होती। कैमरे के साथ मंदिर में जाने की चाहे जितनी आलोचना की जाए लेकिन उससे उनकी छवि आम हिंदू के मन में स्थापित हुई। इस लिहाज से उनका दूसरा पांच साल पहले पांच साल से बहुत अलग था। पहले पांच साल में वे योजनाओं की बात करते रहे लेकिन दूसरे पांच साल में भाजपा के पुराने वादों को पूरा करने पर जोर दिया और मंदिरों की परियोजनाओं को पूरा कराया। कॉशी कॉरिडोर परियोजना और उसके उद्घाटन समारोह में गंगा में डुबकी लगाने के बाद जलपात्र हाथ में लिए मोदी की जो छवि बनी उसने व्यापक हिंदू समाज को अभिभूत किया। उनकी सरकार ने अनुच्छेद 370 समाप्त किया तो राममंदिर का निर्माण भी करा दिया। निश्चित रूप से राममंदिर का निर्माण सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हुआ है लेकिन आदेश देने वाले चीफ जस्टिस रंजन गोगोई को राज्यसभा भेज कर नरेंद्र मोदी ने अपना मैसेज हिंदू जनता तक पहुंचा दिया।धार्मिक परियोजनाओं को पूरा करने और देश की जनता को ज्यादा से ज्यादा धार्मिक बनाने के बाद मोदी अपने तीसरे चुनाव में धर्म का मुद्दा लेकर मैदान में उतरेंगे। देश की जनता किस तरह से धार्मिक हुई है और धार्मिक जनता का रूझान कैसे भाजपा की ओर बना है यह सीएसडीएस-लोकनीति के एक सर्वेक्षण से जाहिर होता है। इस संस्था जुड़े जाने माने चुनाव विश्लेषक संजय कुमार ने एक लेख लिखा है, जिसमें बताया है कि देश की हिंदू धर्मप्राण जनता का 51 फीसदी हिस्सा भाजपा को वोट करता है। पिछले चुनाव में 49 फीसदी ने भाजपा को वोट किया था और उससे पहले 31 फीसदी धर्मप्राण जनता भाजपा को वोट करती थी। उनके सर्वेक्षण के मुताबिक ऐसे हिंदू जो नियमित पूजा-पाठ करते हैं उनमें से 53 फीसदी ने पिछले चुनाव में भाजपा को वोट किया था और सिर्फ 10 फीसदी ने कांग्रेस को वोट डाला था।इसके साथ ही भारत में धर्मप्राण हिंदुओं की संख्या भी बढ़ रही है। कई सर्वेक्षणों से पता चलता है कि मंदिर जाने वाले युवाओं की संख्या बढ़ रही है। जींस-टीशर्ट पहनने वाले युवाओं में मंदिर जाने का चलन बढ़ा है तो सोशल मीडिया में धार्मिक कंटेंट सबसे ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। धार्मिक गाने रातों रात हिट हो रहे हैं और धर्मगुरुओं की बाढ़ आई हुई है। इस बीच एक आंकड़ा यह आया है कि गोरखपुर में गीता प्रेस की छपाई मशीनें 24 घंटे चल रही हैं और तब भी रामचरितमानस की मांग पूरी नहीं हो रही है। गीता प्रेस में हर महीने रामचरितमानस की एक लाख प्रतियां छप रही हैं फिर भी गोदाम में कोई कोई स्टॉक उपलब्ध नहीं है। सोचें, एक तरफ रामचरितमानस और तुलसीदास पर हमले हैं तो दूसरी ओर बिक्री का रिकॉर्ड है !बहरहाल, जनता को धार्मिक बनाने का प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद भाजपा अगले चुनाव में व्यापक रूप से हिंदू धर्म और खासतौर से राममंदिर का मुद्दा बना रही है। जिस तरह का आयोजन 22 जनवरी को हुआ है।

सबके राम, सबमें राम की भावना को स्थापित करने से बनेगा एक भारत-श्रेष्ठ भारत

यह शहर सालों से सन्नाटे में था, गहरी उदासी और गहरे अवसाद में डूबा, शांत और उत्साहहीन। जैसे इतिहास और समय एक जगह ठहर गया हो और उसने आगे न बढ़ने की ठान रखी हो। दूरस्थ स्थानों से अयोध्या आते लोग भी हनुमान गढ़ी और कनक भवन जैसे स्थानों को देखकर लौट जाते। चौदहकोसी परिक्रमा करते और चले जाते। राम के लिए आए लाखों लोगों में बहुत कम लोग त्रिपाल या टाट में बैठे रामलला के दर्शन करते। लेकिन 22 जनवरी का नजारा अलग था। हर राह राममंदिर की ओर जा रही थी। आँखों में आँसू, चेहरे पर मुस्कान और पैरों में तूफान था। आखिर हमारे राम को उनके अपने घर और शहर में सम्मान मिलते देखना अद्भुत अनुभव था। सदियां गुजर गईं लेकिन सत्य स्थिर था। इसी सत्य को देखने सारी दुनिया टीवी, मोबाइल स्क्रीन पर आँखें गड़ाए बैठी थी। विवाद का अंत हुआ और सत्यमेव जयते का उद्घोष सार्थक हुआ। यह समाधान सर्वजनहिताय तो था ही। कभी त्रेता में वनवास गए राम कलयुग में भी एक दूसरी दुविधा के सामने थे। आजाद हिंदुस्तान में भी भारत के इस सबसे लायक बेटे के लिए मंदिर की प्रतीक्षा थी। बाबर के सेनापति द्वारा गिराए मंदिर के सामने पूजा-अर्चना करके आहत समाज यह सोचते हुए लौटता था कि कभी राम का भव्य मंदिर बनेगा। 2024 की यह 22 जनवरी करोड़ों आँखों के सपने सच करने के लिए आई थी। राम भारत के राष्ट्रनायक हैं, जिन्होंने अयोध्या से रामेश्वरम् को जोड़ा।

प्रो. संजय द्विवेदी
लेखक भारतीय जन संचार संस्थान

अयोध्या में 22 जनवरी, 2024 को रामलला विराजे और तमाम आँखें सजल हो उठीं। ये आँसू यूं ही नहीं आए थे। ये भारत की लगातार आहत होती सभ्यता को एक सुनहरे पल में प्रवेश करते देखकर भर आई आँखें थीं। अयोध्या को इस तरह देखना विरल है। यह शहर सालों से सन्नाटे में था, गहरी उदासी और गहरे अवसाद में डूबा, शांत और उत्साहहीन। जैसे इतिहास और समय एक जगह ठहर गया हो और उसने आगे न बढ़ने की ठान रखी हो। दूरस्थ स्थानों से अयोध्या आते लोग भी हनुमान गढ़ी और कनक भवन जैसे स्थानों को देखकर लौट जाते। चौदहकोसी परिक्रमा करते और चले जाते। राम के लिए आए लाखों लोगों में बहुत कम लोग त्रिपाल या टाट में बैठे रामलला के दर्शन करते। लेकिन 22 जनवरी का नजारा अलग था। हर राह राममंदिर की ओर जा रही थी। आँखों में आँसू, चेहरे पर मुस्कान और पैरों में तूफान था। आखिर हमारे राम को उनके अपने घर और शहर में सम्मान मिलते देखना अद्भुत अनुभव था। सदियां गुजर गईं लेकिन सत्य स्थिर था। इसी सत्य को देखने सारी दुनिया टीवी, मोबाइल स्क्रीन पर आँखें गड़ाए बैठी थी। विवाद का अंत हुआ और सत्यमेव जयते का उद्घोष सार्थक हुआ। यह समाधान सर्वजनहिताय तो था ही।

कभी त्रेता में वनवास गए राम कलयुग में भी एक दूसरी दुविधा के सामने थे। आजाद हिंदुस्तान में भी भारत के इस सबसे लायक बेटे के लिए मंदिर की प्रतीक्षा थी। बाबर के सेनापति द्वारा गिराए मंदिर के सामने पूजा-अर्चना करके आहत समाज यह सोचते हुए लौटता था कि कभी राम का भव्य मंदिर बनेगा। 2024 की यह 22 जनवरी करोड़ों आँखों के सपने सच करने के लिए आई थी। राम भारत के राष्ट्रनायक हैं, जिन्होंने अयोध्या से रामेश्वरम् को जोड़ा। वे दीन-दुखियों के, जीवन जीने के लिए संघर्ष करती आम जनता के पहले और अंतिम सहायक हैं। रामचरित मानस और हनुमान चालीसा की पंक्तियों को दोहराते हुए यह संघर्षरत समाज राम के सहारे ही अपनी जीवनयात्रा को सरल बनाता रहा है। बावजूद इसके आजादी के बाद भी सबको मुक्त करने वाले नायक को मुक्ति नहीं मिली। लंबे समय तक तो वो ताले में बंद रहे। अखंड कीर्तन चलता रहा। किंतु राहें आसान नहीं थीं। अयोध्या आंदोलन की यादें आपको सिहरा देंगीं। 1990 और 1992 की यादें एक गहरी कड़वाहट घोल जाती हैं। राजनीति किस तरह आसान मुद्दों को भी जटिल बनाती है। इसकी कहानी अयोध्या आज भी बताती है। अयोध्या अब अपने सदियों के दर्द से मुक्त मुस्करा रही है।

दुनिया के किसी पंथ, संप्रदाय के महानायक के साथ यह होता तो क्या होता? सोचकर भी सिहरन होती है। किंतु भारत में यह हुआ और हिंदू समाज के अपार धैर्य, सहनशीलता की कथा फिर से दोहराई गयी। एक साधारण मंदिर नहीं अपने राष्ट्रपुरूष, राष्ट्रनायक की जन्मभूमि के लिए भी लंबा अहिंसक संघर्ष सड़क से लेकर अदालतों तक चलता रहा। सही मायने में 22 जनवरी का दिन हमारे राष्ट्रजीवन में 15 अगस्त,1947 से कम महत्त्पूर्ण नहीं है। क्योंकि 15 अगस्त के दिन हमें अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिली थी तो 22 जनवरी को हम सांस्कृतिक, वैचारिक दासता और दीनता से मुक्त हो रहे हैं। यह भारत की चिति को प्रसन्न करने का क्षण है। यह आत्मदैन्य से मुक्ति का क्षण है। यह क्षण अप्रतिम है। वर्णनातीत है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से लेकर स्व. राजीव गांधी (अपनी अयोध्या यात्रा में) तक रामराज्य लाने की बात करते हैं। किंतु उस यात्रा की ओर पहला कदम आजादी के अमृतकाल में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ाया है। इसलिए सारा देश उनके साथ खड़ा है। कांग्रेस नेता श्री प्रमोद कृष्णन ने सत्य ही कहा है कि यदि श्री मोदी प्रधानमंत्री नहीं होते तो मंदिर निर्माण संभव नहीं होता।

नए भारत के स्वप्नदृष्टा हैं मोदी

रामलला का 496 वर्षों बाद अपनी जन्मभूमि पर पुनःस्थापित होना सबको भाववि ल कर गया। दुनिया भर में बसे 100 करोड़ से ज्यादा हिंदुओं और भारतवंशियों के लिए यह गौरव का क्षण था। इस मौके पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख डा. मोहन भागवत जी ने किसी तरह का राजनीतिक संवाद न करते हुए जो बातें कहीं वो भविष्य के भारत की आधारशिला बनेंगीं। संघ प्रमुख ने रामराज्य की अवधारणा को व्याख्यायित करते हुए भविष्य के कर्तव्य पथ की चर्चा की। उनका कहना था- आज अयोध्या में रामलला के साथ भारत का स्व लौट आया है। संपूर्ण विश्व को त्रासदी से राहत देने वाला एक नया भारत खड़ा होकर रहेगा। उसका प्रतीक यह कार्यक्रम बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर साफ कहा कि राम आग नहीं ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं समाधान हैं। राम विजय नहीं विनय हैं। राम सिर्फ हमारे नहीं, सबके हैं। यह बात बताती है कि माननीय प्रधानमंत्री एक नए भारत के स्वप्नदृष्टा हैं। नया भारत बनाने और उसमें एक जीवंत ऊर्जा का संचार करने के लिए प्रधानमंत्री ने न सिर्फ रामलला की मूर्ति स्थापना के लिए 11 दिनों का व्रत विधानपूर्वक बिना ठोस भोजन लिए पूर्ण किया, बल्कि उनकी विराट सोच ने इस आयोजन को और भी अधिक भव्य और सरोकारी बना दिया। देश के विविध क्षेत्रों की माननीय प्रतिभाओं को एक स्थान पर एकत्र कर राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट ने इस आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। राजनीति से परे हटकर इस घटना का विश्लेषण करना ही इसे सही अर्थ में समझना होगा। तभी हम भारत और उसकी महान जनता के मन में रमे राम को समझ पाएंगें। ह्यसबके राम-सबमें राम की भावना स्थापित कर हम राममंदिर को राष्ट्रमंदिर में बदल सकते हैं। जिससे मिलने वाली ऊर्जा दिलों को जोड़ने, मनों को जोड़ने का काम करेगी। यह अवसर भारत का भारत से परिचय कराने का भी है। जनमानस में आई आध्यात्मिक और नैतिक चेतना को देखकर लगता है कि भारत की एक नई यात्रा प्रारंभ हुई है, जो चलती रहेगी बिना रूके, बिना थके।

बालिका सुरक्षा एवं अधिकारों की प्रासंगिकता

यही समाज और हर नागरिक का कत्र्तव्य है और स्वस्थ समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य के प्रति सच्ची सेवा है। परंतु बालिकाओं को, वो आदर नहीं मिल रहा जो वराहमिहिर ने कहा था कि औरत भगवान ने एक रत्न बनाया है, उसको घर में खुशहाली की देवी के रूप मे इज्जत देनी चाहिए। मनु ने भी औरतों को सम्मान देने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी परिवार का खुशहाल होना औरत को सम्मान देने से सीधा संबंध रखता है। परंतु भारतीय समाज में इस समय औरतों की स्थिति इतनी आदरणीय नहीं है। उनको हर जगह असमानता का सामना करना पड़ रहा है। इसी को दृष्टिगत रखकर, भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2008 से राष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 24 जनवरी को एक नए थीम के साथ मनाने का फैसला लिया, ताकि बालिकाओं के अधिकारों तथा असमानता के बारे में बालिकाओं और नागरिकों को जागरूक किया जा सके तथा बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा मिले तथा उनके शोषण को रोका जा सके। उनके ऊपर लगी पाबंदियों से उन्हें वायु की तरह मुक्त करके पुरुषों के समान दर्जा दिया जा सके, ताकि वो अपना दिव्य रूप पहचान सकें और पितृसत्तात्मक, पूंजीवादी, उपभोक्तावादी सत्ता, जिसका बोझ औरत सदियों से सहन कर रही है, से टकराने की ओर बढ़े, क्योंकि पुरुष अभी भी उच्च सामाजिक स्थिति पाए हुए हैं और पारंपरिक सामाजिक अधिकार औरतों के लिए नहीं छोडा चाहते।

सत्यपाल वशिष्ठ
स्वतंत्र लेखक

भारत 444 मिलियन बच्चों का घर है। मतलब हर चौथा व्यक्ति भारत में बच्चा है, जो 1 से 14 वर्ष आयु वर्ग में आता है। बच्चे ही देश का भविष्य तथा समाज का दर्पण होते हैं। उनके लिए सबसे बड़ा पोषण वातावरण होता है, जिसमें वे पलते हैं। उनको किसी भी हानि, शोषण और दुर्व्यवहार से बचाना चाहिए तथा उनके अधिकारों का आदर करना चाहिए। यही समाज और हर नागरिक का कत्र्तव्य है और स्वस्थ समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य के प्रति सच्ची सेवा है। परंतु बालिकाओं को, वो आदर नहीं मिल रहा जो वराहमिहिर ने कहा था कि औरत भगवान ने एक रत्न बनाया है, उसको घर में खुशहाली की देवी के रूप मे इज्जत देनी चाहिए। मनु ने भी औरतों को सम्मान देने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी परिवार का खुशहाल होना औरत को सम्मान देने से सीधा संबंध रखता है। परंतु भारतीय समाज में इस समय औरतों की स्थिति इतनी आदरणीय नहीं है। उनको हर जगह असमानता का सामना करना पड़ रहा है। इसी को दृष्टिगत रखकर, भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2008 से राष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 24 जनवरी को एक नए थीम के साथ मनाने का फैसला लिया, ताकि बालिकाओं के अधिकारों तथा असमानता के बारे में बालिकाओं और नागरिकों को जागरूक किया जा सके तथा बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा मिले तथा उनके शोषण को रोका जा सके। उनके ऊपर लगी पाबंदियों से उन्हें वायु की तरह मुक्त करके पुरुषों के समान दर्जा दिया जा सके, ताकि वो अपना दिव्य रूप पहचान सकें और पितृसत्तात्मक, पूंजीवादी, उपभोक्तावादी सत्ता, जिसका बोझ औरत सदियों से सहन कर रही है, से टकराने की ओर बढ़े, क्योंकि पुरुष अभी भी उच्च सामाजिक स्थिति पाए हुए हैं और पारंपरिक सामाजिक अधिकार औरतों के लिए नहीं छोडा चाहते। भारत सरकार एवं राज्य सरकारों ने लड़कियों को आगे बढ़ाने तथा सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए बहुत से प्रोग्राम शुरू किए हैं जिनमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सीबीएसई छात्रवृत्ति योजना, बालिका समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री राजश्री योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना, माझी कन्या भाग्यश्री योजना, सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप योजना, पहली बेटी के होने पर 50000 रुपए की मदद, गर्भवती महिला को प्रसव पूरा होने के बाद 6400 रुपए, मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना और कन्या सुमंगला योजना आदि शामिल हैं। इन योजनाओं से बालिकाओं के लिंगानुपात में सुधार, कानूनी अधिकार, शिक्षा, चिकित्सा देखभाल, शादी आदि में सहायता तथा अवसर प्रदान हुए हैं। इसके साथ बालिका लिंग सुधार के लिए अल्ट्रासाउंड केंद्रों में गर्भधारण के बाद लिंग की जांच को कानूनी अवैध, बाल विवाह अवैध तथा 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए मुफ्त तथा जरूरी शिक्षा की सुविधा दी है। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी अधिनियम के सख्ती से लागू करने के बावजूद 0-6 वर्ष की बाल लिंगानुपात में सुधार नहीं हुआ। 1991 में देश मे 1000 बालकों पर 945 बलिकाएं थीं जो 2001 में 927 तथा 2011 में 918 हो गई। हरियाणा में स्थिति और खराब है। यहां रोहतक जिले के कुछ गांवों में यह दर 2023 में 800 से भी नीचे है। यह सब बेटे को पाने की लालसा के कारण है और यह मानसिकता अभी भी बहुत से देशवासियों की है। कई जगह तो लडकों की शादी के लिए लड़कियां दूसरे राज्यों से तस्करी करके लाई जा रही हैं। सवाल है कि अगर बेटी जन्म न लेगी घर में, बहू कहां से लाओगे, बेटे से वंश चलाने की चाहत में बहू बिन वंश कैसे चलाओगे? सरकार द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा के लिए बहुत से कानून बनाए गए हैं। इसके बावजूद बालिकाएं विभिन्न अपराधों की शिकार हो रही हैं।

इनमें से जो अपराध 18 वर्ष की आयु के नीचे वाले बच्चों से होता है, भारत में उसे बच्चों के विरुद्ध अपराध कहते हैं। ये अपराध हैं : हत्या, अपहरण, यौन शोषण, परित्याग करना, तस्करी, जन्म पूर्व लिंग निर्धारण, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, जबरदस्ती विवाह, तेजाब हमला, दहेज उत्पीड, बाल प्रोनोग्राफी, बाल वेश्यावृत्ति के लिए जबरन अपहरण, जबरन विवाह, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, अंगों के प्रत्यारोपण के लिए अपहरण, सम्मान के नाम पर किया अपराध, लज्जा भंग, सडक पर यौन उत्पीड, स्कूलों में अध्यापकों द्वारा यौन उत्पीड, लिंग भेद आदि। बालिकाओं पर यौन शोषण के अभी हाल ही में कुछ मामले घटे हैं। उनको देखकर लगता है कि औरतों को अभी भी समाज आदर से नहीं देखता। हिमाचल में गगरेट (ऊना) में 11 दिसंबर को एक बालिका का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। मध्य प्रदेश में 30 दिसंबर को शहडोल जिले में सुनने और बोलने में अक्षम 17 वर्षीय लडकी के साथ 45 वर्षीय पड़ोसी ने दुष्कर्म किया। रोपड़ (पंजाब) में 15 वर्षीय दलित लडकी ने 31 दिसंबर 2023 को आत्महत्या कर ली क्योंकि उसके साथ दो लडकों ने बलात्कार किया था। अंबाला में एक ट्यूशन अध्यापक को दिसंबर 2023 को अदालत द्वारा 14 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म व गर्भवती करने पर 20 साल की सजा सुनाई गई। कैथल तथा जींद में सरकारी स्कूल के प्रिंसिपलों को स्कूल की बालिकाओं के साथ यौन उत्पीड करने के मामले में हिरासत में लिया गया। अमृतसर में एक अध्यापक पर 5 जनवरी 2024 को तीन लड़कियों के यौन उत्पीड के मामले में केस दर्ज हुआ। सुंदरनगर (हिमाचल) में 6 वर्षीय बच्चे के साथ बलात्कार करने पर 45 वर्षीय पुरुष को 7 जनवरी 2023 को हिरासत में लिया गया। भारतीय जनता पार्टी के एक एमएलए रामदुलर (उत्तर प्रदेश) को 25 साल की सजा एक लडकी से बलात्कार पर दी गई। 10 नवंबर 2023 को पथनमिथट्टा (केरल) में एक 63 वर्षीय व्यक्ति को अपनी नाबालिग बेटी से बलात्कार करने का आरोपी पाए जाने पर अदालत ने 109 वर्ष की सजा सुनाई। पालघर (महाराष्ट्र) के नालासोपारा के एक व्यक्ति ने अपनी बेटी से बार-बार बलात्कार किया, फिर पीटने से उसकी मौत हो गई। पुणे में 50 वर्षीय एक व्यक्ति के विरुद्ध नाबालिग बेटी से बार-बार बलात्कार तथा गर्भवती करने पर केस दर्ज हुआ। ऐसे तो बहुत से मामले हो रहे हैं, परंतु इन चंद मामलों के ऊपर नजर डालें तो पता चलता है कि समाज में पिता-पुत्री, गुरु-शिष्य के रिश्तों की जो मयार्दा है उसको अमर्यादित पुरुषों ने तार-तार कर दिया है। बालिकाओं के प्रति अपराध को रोकने तथा उनके प्रति समाज की सोच को बदलने की सख्त जरूरत है।

लोकसभा चुनाव कहीं बेसब्री तो कहीं उदासीनता

देवदत्त दुबे

वैसे तो 2019 में अप्रैल-मई लोकसभा के चुनाव हुए थे। इस बार कुछ पहले चुनाव कराने की अटकलें भी चल रही है। भाजपा के रणनीतिकार राम मंदिर मुद्दे पर बने माहौल के कारण लोकसभा चुनाव के लिए बेसब्र दिखाई दे रहे हैं। वहीं विपक्षी दल कहीं गठबंधन तो कहीं प्रत्याशियों के चयन के कारण कोई उतावलापन नहीं दिखा रहे हैं। दरअसल, प्रदेश में भाजपा विधानसभा चुनाव में भारी जीत दर्ज करने के बाद सभी 29 लोकसभा सीट जीतने का दावा कर रही है और इसके लिए तैयारी भी तेज हो गई है। प्रत्याशी चयन के लिए भी पार्टी संगठन स्तर पर फीडबैक लेना प्रारंभ कर दिया है। पार्टी की पूरी रणनीति विधानसभा चुनाव के पैटर्न पर लोकसभा चुनाव लड़ने की है। जिन 10 सीटों पर विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी का प्रदर्शन कमजोर रहा है वहां पर फरवरी माह में ही प्रत्याशी घोषित हो सकते हैं। इसके अलावा जिन सात सांसदों को विधानसभा चुनाव में टिकट दिया गया था उनमें से पांच सीटों पर सांसद विधायक बन चुके हैं जबकि सतना सांसद गणेश सिंह और मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते चुनाव हार गए हैं ऐसे में इन सात सीटों पर भी पार्टी बेहतर उम्मीदवारियों की तलाश में हैं। बहरहाल, पार्टी सभी 29 सीट जीतने का दावा कर रही है। उसके लिए छिंदवाड़ा पर बहुत पहले से फोकस बनाया हुआ था और वहां पर किसी दिग्गज नेता को चुनाव मैदान में उतारा जा सकता है। यहां तक कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भी नाम चचाओं में है। पिछले लोकसभा चुनाव में जब कमलनाथ मुख्यमंत्री थे तब उनके बेटे नकुलनाथ लगभग 38000 वोटो से ही चुनाव जीत पाए थे और तभी से पार्टी 2024 का लक्ष्य लेकर चल रही है लेकिन छिंदवाड़ा के अलावा मुरैना, भिंड, ग्वालियर, मंडल, टीकमगढ़, बालाघाट, धार, खरगोन और रतलाम लोकसभा क्षेत्र भी विधानसभा चुनाव में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के कारण पार्टी की निगाहों में है। यहां बेहतर प्रत्याशियों के साथ-साथ बेहतर जमीनी जमावट अभी से की जाने लगी है। पार्टी विधानसभा चुनाव में हारे उन नेताओं को भी मैदान में उतार सकती है जो दमखम के साथ चुनाव लड़ सके। मसलन शिवराज सिंह चौहान, नरोत्तम मिश्रा, अनूप मिश्रा को भी मैदान में उतारा जा सकता है। शिवराज सिंह चौहान को छिंदवाड़ा के साथ-साथ भोपाल और विदिशा से भी मैदान में उतारने की चर्चा है। कुछ राज्यसभा सदस्यों को भी लोकसभा का चुनाव लड़वाया जा सकता है। जिसमें ज्योतिरादित्य सिंधिया, कविता पाटीदार, सुमेर सिंह सोलंकी का नाम विशेष रूप से चर्चा में है।

वहीं दूसरी ओर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस में भी प्रत्याशियों को लेकर चिंतन मंथन चल रहा है। पार्टी का सबसे ज्यादा जोर दिग्गज नेताओं को लोकसभा चुनाव लड़ने पर रहेगा यहां तक कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को छिंदवाड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को राजगढ़ से लोकसभा का चुनाव पार्टी लड़ा सकती है। उसके अलावा पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह को मुरैना से वहीं फूल सिंह बरैया को भिंड से और ग्वालियर सीट पर शोभा सिकर

संक्षिप्त खबरें

इसुआपुर मे 45 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद

इसुआपुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के महुली गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 397 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। बरामद शराब समसुल मियां के घर से उत्तर सड़क किनारे पुआल के ढेर में छुपा कर रखा गया था। पुलिस ने धंधेबाज की पहचान महुली गांव निवासी पूर्व शराब कारोबारी नंदकिशोर साह के रूप में की है। जो पुलिस को देखकर भागने में सफल रहा। छापेमारी दल में पुलिस बल के साथ एसआई अर्जुन प्रसाद, एएलटीएफ विपिन कुमार थे।

अखण्ड अष्टयाम को लेकर निकली भव्य कलशयात्रा

दिघवारा नगर ।नगर पंचायत के सैदपुर अवस्थित श्री श्री 1008 नर्मदेश्वर मंदिर में बुधवार को भगवान श्री राम के अयोध्या आगमन के उपलक्ष्य में 24 घंटे का अखंड अष्टांम का शुभारंभ हुआ ।इसके पहले सुबह भव्य कलशयात्रा निकाली गई। हाथी, घोड़े, गाजे बाजे के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु हाथों में कलश लेकर इस यात्रा शामिल हुए ।यह कलशयात्रा सैदपुर से शुरू होकर मानपुर,इशुपुर के रास्ते आमी पहुँची,जहां प्रकांड विद्वान पंडित सुबोध पाण्डेय ने वैदिक मंत्रोच्चार से कलश में गंगा जल भरवाया ।जिसे लेकर श्रद्धालु पुनः एन.एच.19 के रास्ते मंदिर परिसर पहुंचे ।भगवान श्रीराम के गीतों पर लोग झूमते नजर आयें। अत्यधिक ठंड होने के कारण भी श्रद्धालुओं के भीड़ में कमी नहीं थी ।आयोजन समिति ने बताया कि 25 जनवरी को अष्टयाम की पूणार्हुति के बाद भंडारे की भी व्यवस्था की गई है ।भंडारे के बाद रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम निर्धारित है।

कर्पुरी ठाकुर को बताया महान शिक्षा सुधारक

रसूलपुर। थाना क्षेत्र स्थित रामनदन उच्च विद्यालय योगियां में कपूर्री ठाकुर जयन्ती प्रधानाचार्य लालबाबू यादव की अध्यक्षता में मनायी गई ।छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने तस्वीर पर फूल मालायें चढ़ाई ।शिक्षक सुरेन्द्र मांझी ने पूर्व मुख्यमंत्री कपुर्री ठाकुर की सादगी भरे जीवन और उनके महान कार्यों की विस्तार से चर्चा की और उन्हें एक महान शिक्षा सुधारक बताया ।मौके पर शिक्षक रामेश्वर गोप, उमेश पांडेय,सुनील राम ,लाइब्रेरियन कपूर्री ठाकुर,विजय गुप्ता, अमरनाथ गुप्ता ,कामिनी कुमारी, अतुल कुमार,धर्मेन्द्र तिवारी आदि थे।

सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत जागरुकता रथ को जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा जिला परिवहन विभाग के तत्वाधान में आयोजित सड़क सुरक्षा माह अभियान के के तहत जागरुकता रथ को सारण समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटर यान निरीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय के सभी कर्मियों के साथ समाहरणालय के कर्मीगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय के द्वारा बताया गया कि पूर्व की वर्षा की भांति इस वर्ष भी सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया है। जो 14 फरवरी तक अभियान की तरह मनाया जाएगा। इस अभियान के दौरान जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य शिक्षा, विद्यालय/महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, पथ निर्माण, नगर निकाय, परिवहन संघ से जुड़े वाहन विक्रेताओं, वाहन प्रशिक्षण स्कूल, आटोमोबाईल एसोसिएशन, स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ-साथ आमलोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि इस वर्ष सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा भारत पोर्टल का वेबपेज विकसित किया गया है। जिसपर राज्य एवं जिलास्तर पर सड़क सुरक्षा से संबंधित होने वाले गतिविधियों को अपलोड किया जा रहा है। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न तरह की जागरुकता गतिविधियों को आयोजन किया जाएगा। सरकारी कार्यालयों के पदाधिकारी एवं कर्मी, सरकारी एवं निजी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के द्वारा यातायात नियमों के अनुपालन हेतु शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। वाहन चालक प्रशिक्षण, रिफ्रेशर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नुक्कड़ नाटक एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से दुर्घटना में पीड़ितों के बचाव हेतु आमलोगों को प्री हॉस्पीटल प्रशिक्षण कराया जाएगा। जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर सभी सरकारी अस्पतालों एवं जिला समाहरणालय, अनुमंडल कार्यालय एवं थानों में गुड सेमेरिटन (अच्छे मद्दगार व्यक्ति) से संबंधित प्रावधानों एवं नियमों को व्यापक रुप से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। माइकिंग के माध्यम से सड़क सुरक्षा हेतु जागरुकता का आयोजन होगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष वाहन जाँच अभियान चलाकर सड़क दुर्घटना के बचाव हेतु सुरक्षा के सभी उपायों की जानकारी दी जाएगी। इस अभियान में हेलमेट, सीट बेल्ट, गलत दिशा में वाहन चलाने के दुष्प्रभाव की जानकारी दी जाएगी। साथ की बाईक चलाते समय राईडर एवं पीलियन राईडर दोनों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाएगी। सड़क सुरक्षा हेतु जागरुकता रैली, एम्ब्रेला मार्च, पैदल मार्च एवं मैराथन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विद्यालय / महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच सड़क सुरक्षा संबंधी पेंटिंग, स्लोगन एवं क्वीज प्रतियोगिता का आयोजित किया जाएगा। वॉल पेटिंग, ट्रैफिक गेम, प्रदूषण फिटनेस कैम्प का आयोजन, रोको-टोको अभियान, नेत्र एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर, चौक- चौराहे पर सड़क सुरक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि इसके अलावे सड़क संबंधी संभावित दुर्घटना से बचाव हेतु जिला के चिन्हित दुर्घटना स्थलों पर लघुकालिक परिमार्जन के उपाय, संधि स्थलों पर ट्रैफिक कॉमिंग मेजर्स, रोड साईनेज एवं लेन मार्किंग, क्षतिग्रस्त क्रैश बैरियर की मरम्मति, स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन करवाया जाएगा। ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके।

मेयर लक्ष्मी नारायण के समर्थकों में जश्न का माहौल

जय श्रीराम के नारों के साथ निकला जुलूस

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। नगर निगम उपचुनाव में लक्ष्मी नारायण गुप्ता का जीत के बाद इनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है। निर्वाचित घोषित की सूचना मिलते हैं लक्ष्मी नारायण गुप्ता के समर्थकों में जश्न का माहौल है। समर्थक एक दूसरे को जीत की बधाइयां दे रहे हैं। वहीं जीत की खबर मिलने के बाद लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने पूजा अर्चना के बाद अपने समर्थकों के साथ प्रमाण पत्र लेने जिला स्कूल मतगणना कक्ष पहुंचे, पहले से उपस्थित समर्थकों ने गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत किया और फूल माला मालाओं से उन्हें लाद दिया। जिला निवार्ची पदाधिकारी से प्रमाण पत्र लेने के बाद विजयी मुद्रा में दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए जिला स्कूल से गाड़ियों और समर्थकों का लंबा काफिला के साथ चलें। इस दौरान सड़क पर खड़े लोगों का उन्होंने हाथ जोकर अभिवादन स्वीकार किया। जिला स्कूल से साहेबगंज सोनार पट्टी तक लंबा काफिला पहुंचा। जुलूस काफिला में जय श्रीराम के नारों की गूंज के साथ भगवा कलर का झंडा छाया हुआ था। इससे पूर्व भी मेयर चुनाव में वैश्य समुदाय से ही राखी गुप्ता की जीत हुई थी। और उपचुनाव में भी वैश्य समुदाय की जित ने साबित कर दिया कि वैश्य समुदाय में बिखराव कम और एकता ज्यादा है।

नेवारी मंदिर के प्रांगण में हनुमान मंदिर बनाने को लेकर किया गया ध्वजारोहण

प्रात : किरण संवाददाता

तरैया प्रखंड के नेवारी बाजार में पूर्व से निर्मित हनुमान मंदिर को भव्य मंदिर बनाने को लेकर ग्रामीणों कि एक बैठक संपन्न हुई ।बैठक में ग्रामीणों के सहयोग से श्री रामजी राय व व्यास साधु जी के द्वारा भव्य हनुमान मंदिर बनाने का संकल्प लेते हुए बुधवार को ध्वजारोहण कार्य संपन्न हुआ ।ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मंदिर में कोई भी श्रद्धालु सच्चे मन से मन्नत मांगते है उनकी मनोकामना पूर्ण होती है ।उक्त बैठक में भागवतपुर पंचायत के मुखिया मुकेश कुमार यादव,वकील राय नेता जी,सुभाष कुमार यादव, सुनील कुमार यादव,उपेंद्र साह, किशोरी साहनी,देवचंद शर्मा, कमलदेव शर्मा,योगेंद्र प्रसाद,रवि कुमार यादव,शैलेश कुमार यादव, संतोष साह,बिट्टू कुमार यादव, राम लाल राय,वीरेंद्र राय,सुदामा शर्मा,डॉ. रामप्रवेश राय,दीनानाथ साह,लाल बाबू,रामजलम पाठक, बीरेंद्र पाठक,मुख्तार राय डीलर, लाल बहादुर महतो,दशरथ महतो, दीप नारायण महतो,मुक्ति राय,डॉ राजेश,किशोरी महतो,विनायक ठाकुर,सुरेश महतो,रामविलास सिंह,दीनानाथ साह,सुभाष यादव, सुजीत कुमार,रविंद्र महतो, बुन्नीलाल राय,सुदाम राय,बिनोद साह सहित अन्य ग्रामीण जनता और दुकानदार भाई उपस्थित थे।

पूर्व मुख्यमंत्री कर्पुरी ठाकुर की जयंती समारोहपूर्ण मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर (सारण) प्रखंड के मध्य विद्यालय बालक बनियापुर मे पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की जयंती समारोहपूर्ण मनाई गयी, जहा पूर्व मुख्यमंत्री श्री कपूर्री ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया,जहा वक्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यो और जीवन वृति की चर्चा करते कर्तव्यनिष्ठा की चर्चा करते उनकी उक्ति उठ भोर भयो मुसाफिर अब रेन कहा जो सोवत है की चर्चा करते दलित,वँचित ,निचले पायदान के मसीहा बताया वही उनके मरणोपरांत उन्हे भारत रत्न उपाधि की घोषणा पर केंद्र सरकार को जताया आभार जताया,मौके पर प्रधानाध्यापक मनोज प्रसाद वरिय शिक्षक त्रिपुरारी सिंह साहित कई ने समारोह को संबोधित किया। मौके पर कई शिक्षकों सहित छात्र छात्राए शामिल थे।

समाज सुधारक जननायक थे भारत रत्न कर्पुरी ठाकुर : सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की 100वी जयंती बड़े ही श्रद्धा पूर्वक मनाएंगी। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि समाज सुधारक जननायक थे पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर जी। उनके जन्मदिवस के अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भारत रत्न देकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि पिछड़ों दलितों और शोषितों की आवाज थे। किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शैलेंद्र सेंगर ने कहा कि जननायक पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर जी को भारत सरकार ने भारत रत्न देकर बिहार के दलित पिछड़ों और शोषितों का सम्मान और मान बढ़ाने का काम किया। पूर्व अध्यक्ष रमेश प्रसाद ने कहा कि कपूर्री ठाकुर जी पिछड़ों की आवाज थे। पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर जी ने समाज के दबे कुचलों लोगों को मुख्य धारा में लाने का काम किया है। आज कपूर्री ठाकुर जी को भारत रत्न मिलने पर पूरे समाज और बिहार में हर्ष का वातावरण है। सभी लोग भारत सरकार एवं प्रधानमंत्री को बधाई एवं धन्यवाद दे रहे हैं। जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह ने कहा कि जननायक भारत रत्न कपूर्री ठाकुर जी पूरे बिहार के विकास में एवं दलित पिछड़ों के मार्गदर्शक है। आज के जयंती समारोह कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, भाजपा नेता शैलेंद्र सेंगर, पूर्व अध्यक्ष रमेश प्रसाद, जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह, धर्मेंद्र साह, जिला मंत्री सत्यानंद सिंह, कार्यालय मंत्री अर्द्धेन्दु शेखर,नगर संयोजक अनिल यादव,महामंत्री अनूप यादव,शत्रुघ्न चौधरी, आदि उपस्थित थे।

शहर की जनता ने दिया आशीर्वाद, लक्ष्मी नारायण को मिला मेयर का ताज

अपने निकटतम प्रत्याशी मिंटू सिंह को 5457 मतों से दी शिकस्त

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। नगर निगम मेयर उपचुनाव की मतगणना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार को सुबह 8:00 बजे से शुभारंभ हुआ। 14 राउंड की मतगणना के बाद वैश्य समुदाय के प्रत्याशी लक्ष्मी नारायण गुप्ता को विजय घोषित किया गया। उन्होंने अपने निकटतम प्रत्याशी मिंटू सिंह को 5457 मतों से पराजित किया। विजयी प्रत्याशी लक्ष्मी नारायण गुप्ता को कुल 17456 मत मिले। जबकि दूसरे नंबर पर रहे प्रत्याशी मिंटू सिंह को कुल 11999 मत प्राप्त हुआ। तीसरे नंबर पर रहे प्रत्याशी रफी इकबाल को 10976 मत प्राप्त हुए, तथा चौथे नंबर पर सुनीता देवी रही, जिन्हें 10797 मत प्राप्त हुए । मतगणना कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय अनुसार अहले सुबह से मतगणना शुभारंभ हुआ। कुल 14 टेबल बनाए गए थे, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना का शुभारंभ हुआ। चौथे राउंड की मतगणना के बाद से ही लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने अपनी बढ़त बना ली, और अंतिम राउंड तक अपनी बढ़त बनाए रखा। जैसे-जैसे मतगणना कक्ष से राउंड बाई राउंड घोषणा होती रही, वैसे वैसे प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ती गई। प्रथम राउंड की मतगणना में सुनीता देवी को 1524, दूसरे राउंड में 1123 तीसरे राउंड में 389 तथा चौथे राउंड में 639 कुल 3665 मत प्राप्त हुए। जबकि लक्ष्मी नारायण गुप्ता को प्रथम राउंड समाप्ति के बाद 519, द्वितीय राउंड में 1253, तीसरे राउंड में 966 एवं चौथे राउंड में 1217 मत प्राप्त हुए। इस तरह लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने चौथे राउंड समाप्ति के बाद लगभग 290 मतों से अपनी बढ़त बना ली, और अंत तक बढ़त बनाए रखा। पूरे मतगणना में कभी मिंटू सिंह तो कभी सुनीता देवी तो कभी रफी इकबाल आदि ने दूसरे और तीसरे नंबर पर अपनी -अपनी बढ़त बनाया। यदि वैश्य समुदाय से बात की जाए तो कुल पांच प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें विजयी प्रत्याशी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, राजेश फैशन, ई चांदनी प्रकाश, सनी कुमार ब्याहुत तथा नंद किशोर जायसवाल आदि प्रमुख हैं। इस समुदाय के पांचो प्रत्याशियों के प्राप्त मतों को देखा जाए तो कुल 26212 मत प्राप्त हुए। जबकि यादव समुदाय से दो प्रत्याशी क्रमशः सुनीता देवी एवं रवि रौशन उर्फ गुड्डू यादव को कुल 14083 मत मिले। जबकि राजपूत समुदाय से समाजसेवी मिंटू सिंह एवं अमरेंद्र कुमार सिंह तथा सुशील कुमार सिंह आदि को कुल 13514 मत प्राप्त हुआ। वहीं अल्पसंख्यक समुदाय से बात की जाए तो प्रत्याशी रफी इकबाल एवं अब्दुल क्यूम अंसारी को इस चुनाव में कुल 12207 मत जनता ने दिया। तथा अन्य समुदाय से पांच प्रत्याशियों को कुल प्राप्त हुआ। इस तरह मेयर उपचुनाव में जिला निवार्ची पदाधिकारी द्वारा लक्ष्मी नारायण गुप्ता को निर्वाचित घोषित किया गया।

जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100 जयंती मनाई गई

प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर। जननायक कपूर्री ठाकुर विकास सेवा संस्थान के तत्वाधान में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व सामाजिक न्याय के पुरोधा जननायक कपूर्री ठाकुर की 100 वीं जयंती काफी हर्षोल्लास पूर्वक वातावरण में मनाया गया। अमनौर चौक पर स्थापित कपूर्री ठाकुर के आदम कद पर कपूर्री ठाकुर बिकाश सेवा संस्थान के संस्थापक सचिव उमेश शर्मा पत्रकार ने मालार्पण कर उनके चरणों मे श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जयंती कार्यक्रम में आये दर्जनों बुद्धिजीवी,समाजसेवियों ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया ।कपूर्री ठाकुर अमर रहे गरीबों के मसीहा अमर रहे का नारा लगाया गया ।इसके पश्चात वक्ताओं ने उनके कृतित्व व ब्यक्तिव पर प्रकाश डाला ।मरणोउपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से समानित किये जाने की केंद्र सरकार के पहल की सराहना किया ।सचिव उमेश शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि कपूर्री ठाकुर जीवन भर समाज के उत्थान के लिए काम करते रहे ।राजनीतिक जीवन मे उन्होंने कई चुनौतियों को पार कर कई उपलब्धियों को हासिल किया ।इन्होंने डिप्टी सीएम रहते अंग्रेजी की अनिवार्यता समाप्त किया। मालगुजारी हटाई ,नौकरी में आरक्षण देकर दलित वंचित उपेक्षित अगड़ा-पिछड़ा वर्ग के लोगो का कल्याण किया ।इन्होंने कपूर्री के बिचारो के साथ आगे चलने के लिए लोगों से आह्वान किया। संस्थान के राजद नेता राम प्रवेश महतो ने कहा कि सच्चे मायने में कपूर्री ठाकुर गरीबों का हितैषी थे। जरूरत है आज कपूर्री ठाकुर के विचारों को अपनाने की। उनके विचार आज भी प्रासंगिक है ।पूर्व मुखिया व बीस सूत्री का सदस्य विजय कुमार विधार्थी ने कहा कि कपूर्री ठाकुर ने जो आवाज गरीबों को दिया है। उसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में पंकज मिश्रा पत्रकार ,देवेंद्र शर्मा, रामप्रवेश महतो,मेघ नाथ प्रसाद ,अशोक कुशवाहा ,बिरला प्रसाद, योगेंद्र राम, पंडित बिरेंद्र तिवारी बिरजू प्रसाद,पूर्व मुखिया विजय कुमार विधार्थी, पूर्व मुखिया राज कुमार सिंह, बिनोद कुशवाहा ,बिकाश महतो गुड्डू पाण्डेय , सुरेन्द्र राम, कुदरुश मियां, लालबाबू राय, अरबिंद सिंह, मुन्ना उपाध्याय, देवेन्द्र शर्मा, वार्ड सदस्य अशोक कुमार, राजेश खटीक , लक्ष्मण खटीक, समेत दर्जनों बुद्धिजीवी शामिल थे ।इधर राजद जिला अध्यक्ष सुनील राय ने भी कपूर्री ठाकुर के आदम कद पर पुष्प अर्पण कर नमन किया।

हथियार के बल पर लुटेरों ने लुटा बाईक एवम सामान

प्रात : किरण संवाददाता

नगरा : नगरा ओ पी थाना क्षेत्र में एक दिनदहाड़े लूट की मामला हुआ है बता दे की खैरा बाजार से अपनी दुकान को कर संध्या करीब 5:00 बजे के बाद खैरा बाजार से अपनी दुकान को बंद कर तथा सब्जी वगैरह खरीद करके नगरा थाना क्षेत्र के अफौर गांव निवासी जगन्नाथ प्रसाद का पुत्र पिंटू कुमार अपने सगे छोटे भाई के साथ खैरा मध्य विद्यालय के पीछे के सड़क से सैदपुर नहर पुल के पास पहुंचे तब तक वहां पर घात लगाकर पल्सर मोटरसाइकिल सवार 4 अपराधियों ने इन दोनों भाइयों के बाइक को घेर लिया तथा इनके साथ मारपीट करते हुए इनके समान इत्यादि को लूटना शुरू कर दिए। इस बाबत पीड़ित जगन्नाथ प्रसाद के पुत्र पिंटू कुमार ने बताया कि लुटेरे पहले से वहां पर खड़े थे जैसे हमारी बाइक नहर पुल से नीचे पहुंची तब तक इन्होंने अपनी बाइक बीच सड़क पर खड़ा कर हम दोनों भाइयों को पकड़ लिए तथा हमारे कनपटी के ऊपर पिस्टल रख दिए तथा चाकू निकाल करके गर्दन में पहने लॉकेट को काटना शुरू कर दिए उन्होंने लॉकेट को काट लिया तथा मेरे भाई और का पर्स और मेरा पर्स जिसमें भाई के पर्स में 6000 तथा मेरे पर्स में 5000 एवं मेरा सोने का लॉकेट वे लोग ले लिए मेरे भाई का मोबाइल भी छीन लिए तथा हम दोनों भाई जिस पैशन प्रो बाइक से अपने घर जा रहे थे उस बाइक को भी लुटेरे ने लूट करके खैरा के तरफ भाग निकले । बताते चले कि आवेदन में दिए गए स्थल नगरा ओपी में पड़ता है जो खैरा थाना से मात्र 100 मीटर से थोड़ी सी अधिक दूरी पर स्थित है और लुटेरे उसी रास्ते खैरा लौटे जिस रास्ते में खैरा मध्य विद्यालय और खैरा थाना भी पड़ता है। इस बाबत पीड़ित ने नगरा थाने में लिखित आवेदन दिया है । नागरा थानाध्यक्ष विजय रंजन कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

राजेंद्र कॉलेज में मनाई गई जननायक कर्पुरी ठाकुर जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय ।स्थानीय राजेंद्र कॉलेज छपरा में बुधवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक श्री कपूर्री ठाकुर जी की 100 वीं जयंती मनाई गई। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य प्राध्यापकों ने सर्वप्रथम श्री कपूर्री ठाकुर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तदुपरांत प्राचार्य सहित विभिन्न प्राध्यापकों ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए श्री ठाकुर के व्यक्तित्व कृतित्व एवं वर्तमान प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए ।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पटना भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग
बुद्धमार्ग, पटना–800001
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–30/प.भ.प्र./2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता — कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय — दिनांक 03.02.2024 के 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय — दिनांक 05.02.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने का तिथि एवं समय — दिनांक 05.02.2024 को 3:30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान — (1) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (2) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पटना भवन प्रमंडल, पटना। (3) सहायक अभियंता का कार्यालय, बांकीपुर/राजेन्द्रनगर/चिकित्सा भवन अवर प्रमंडल, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान — कमांक 5 के अनुसार ।
7. कार्य का विवरणी :–

क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Repair and painting and other work of guard room, music room and kitchen at Blind School at Kadamkuan, Patna for the year 2023-24	1.05	2100.00	500.00	fifteen days
2	Renovation and raising of boundry wall(south side) at Rajkiye Blind School, Patna for the year 2023-24	2.75	5500.00	750.00	fifteen days
3	Renovation of boundry wall (damaged part) at Rajkiye Blind School, Patna for the year 2023-24	5.50	11000.00	1250.00	fifteen days
4	Repair of principle Office at Rajkiye Blind School, Patna for the year 2023-24	1.60	3200.00	500.00	fifteen days
5	APP repair on roof on hostel at Govt. Blind School at Kadamkuan, Patna for the year 2023-24	1.95	3900.00	500.00	fifteen days
6	A/R to Qtr. no.-12 road no.-01 at Kazipur, Patna for the year 2023-24	1.50	3000.00	500.00	fifteen days
7	A/R to Qtr. no.-22 road no.-01 at Kazipur, Patna for the year 2023-24	1.50	3000.00	500.00	fifteen days

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 015881 (BCD) 2023-24

(ई0 अभय कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
पटना भवन प्रमंडल, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

जन्म शताब्दी पर याद किये गये जननायक कर्पुरी ठाकुर

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। रक्सौल नाई संगठन के तत्वावधान में शहर के आदर्श चौक पर पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की सौंवीं जयन्ती समारोहपूर्वक मनायी गयी ।समारोह की अध्यक्षता रक्सौल नाई संगठन के अध्यक्ष रघुनाथ ठाकुर ने की ! वहीं संचालन रजनीश प्रियदर्शी एवं सुनील कुमार ने किया। जयन्ती समारोह के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा को संगठन की तरफ से पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा, रक्सौल नाई संघ के अध्यक्ष रघुनाथ ठाकुर, रजनीश प्रियदर्शी, आलोक कुमार श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, प्रदीप कुमार ने संयुक्त रूप से कपूर्री ठाकुर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। जयन्ती समारोह की अध्यक्षता नाई संगठन के अध्यक्ष रघुनाथ ठाकुर एवं संचालन रजनीश प्रियदर्शी एवं सुनील कुमार ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर जी का संपूर्ण जीवन दबे-कुचले, गरीबों, उपेक्षितों,एवं हासिए पर पड़े लोगों के हक-हुकूक के संघर्ष में बीता था। सादा जीवन उच्च विचार, सच्चरित्रता, ईमानदारी एवं राजनीति में शूचिता एवं पारदर्शिता उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी पूँजी थी। नाई समाज में जन्मे पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय कपूर्री ठाकुर जी किसी खास जाति में बाँधा नहीं जा सकता है। वे हम सबके लिए आदर्श हैं तथा उनके पदचिन्हों के आलोक हमारी आने वाली पीढ़ी अनुसरण कर इतिहास में नाम दर्ज कर समाज को गौरवांवित करने की पुरजोर कोशिश करनी चाहिए ।वहीं इस मौके पर इस बात को रेखांकित किया कि केन्द्र सरकार द्वारा उनके विराट व्यक्तित्व को समुचित सम्मान देते हुए मरणोपरांत देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत -रत्न अलंकरण से सम्मानित करने की जो घोषणा की गयी वो जो बेहद स्वागतयोग्य है। आज राज्य एवं राष्ट्रीय राजनीति एवं सामाजिक समरसता के पुरोधा जननायक कपूर्री ठाकुर जी ने सदियों से दबे-कुचले वर्गों में न केवल राजनीतिक और सामाजिक चेतना जगायी, बल्कि उन्हें नयी ताकत भी दी। उन्होंने गरीब एवं पिछड़ी जातियों में सामाजिक एवं आर्थिक हिस्सेदारी पाने का अलख जगाया। एक गरीब परिवार में जन्म, संघर्षपूर्ण जीवन और फिर मुख्यमंत्री की कुर्सी तक की उनकी राजनीतिक यात्रा अनुकरणीय है। वहीं पूर्व पार्षद सुरेश कुमार ने कहा कि उनका सादगी भरा जीवन कमजोर तबकों के लिए चिंता और उसूल पर आधारित राजनीतिक ईमानदारी पथ-प्रदर्शक है।

जनता की अपेक्षाओं पर खड़ा उतरने का प्रयास करूंगा: मेयर

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। मेयर पद की जीत शहर की जनता की जीत है, सभी वर्गों ने मुझे अपना समर्थन दिया है, इसके लिए शहर की जनता को मैं दिल से धन्यवाद देता हूं। जिला निवार्ची पदाधिकारी से प्रमाण पत्र लेने के बाद मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने मीडिया से मुखातिब होते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि शहर वासियों ने मुझे प्रतिकार स्वरूप प्रत्याशी घोषित किया था, धन-बल और बाहू-बल को तोड़कर एक जुट होकर मेरा समर्थन किया है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शहर के विकास, शहर को स्वच्छ, निगम में फैले भ्रष्टाचार और जनता की सेवा के लिए मैं दिन-रात एक कर दूंगा, आप मुझे सहयोग दें, सुझाव दें आपके अपेक्षाओं पर मैं हर संभव खड़ा उतरने का प्रयास करूंगा।

संक्षिप्त खबरें

माँ बरेजी मंदिर जेठवार भट्ट में 3 दिनों तक चला आयोजन

आरा। श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर परम पूज्य श्रीमद जगदद्गुरु स्वभू राम द्वाराचार्य पीठाधिश्वर श्री राधामोहन शरण देवचार्य जी महाराज के निदेर्शानुसार माँ बरेजी मंदिर ट्रस्ट जेठवार भट्ट के द्वारा जेठवार भट्ट गाँव में स्थित माँ बरेजी मंदिर प्रांगण में दिनांक 21.01.2024 से प्रारम्भ कार्यक्रम का समापन कल दिनांक 23.01.23 को भंडारे के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन ग्राम वासियों द्वारा अखंड रामायण का पाठ किया गया। श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के शुभ दिन अखंड हरिकीर्तन का आयोजन व दीपोत्सव, और तीसरे दिन भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष को मरणोपरांत सम्मानित किया गया

आरा। रमना मैदान में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री सह आरा सांसद आरके सिंह के द्वारा राम मंदिर निर्माण हेतु संघर्ष में कार सेवा के लिए स्वर्गीय अभिमन्यु सिंह पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सह अधिवक्ता को मरणोपरांत सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके पुत्र चंदन कुमार, अधिवक्ता पटना उच्च न्यायालय सह आईटी एवं सोशल मीडिया सह प्रभारी, विधि प्रकोष्ठ भाजपा, बिहार ने प्राप्त किया जिसके लिए श्री विन्ध्याचल राय जी एवं श्री मणिशंकर सिंह जी क्रमशः प्रदेश संयोजक तथा भोजपुर जिला संयोजक, विधि प्रकोष्ठ भाजपा, बीजेता बिजय वर्धन, डॉ0 संदीप कुमार, दीपक कुमार आदि ने शुभकामना वो बधाई दी है। इस बात की जानकारी ओंकार दत्त गौतम, मीडिया प्रभारी, विधि प्रकोष्ठ भाजपा, भोजपुर इकाई ने दी।

किराना दुकान से चोरों ने उड़ाया लाखों का सामन

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर स्थित एक किराना दुकान में विगत मंगलवार की रात चोरों ने चोरी कर लाखों का समान ले भागे। घटना के संबंध में नगर परिषद वार्ड 20 निवासी पीड़ित किराना दुकानदार संयोजिता देवी ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह मंगलवार को दुकान बंद कर घर चली है। लेकिन अगली सुबह जब दुकान खोलने पहुंच तो दुकान खुला हुआ था। जिसके बाद आनन फानन में दुकान के अंदर पहुंची तो अज्ञात चोरों ने दुकान से लाखों का राशन से जुड़ी विभिन्न प्रकार के समान चुरा फरार हो गए थें। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पहुंच छानबीन में जुट गई है। जबकि पीड़िता दुकानदार ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करा दी है। जबकि एक पिंटू केसरी के किराना दुकान में भी चोरों के घटना को अंजाम देते समान चुराया है।

अगले 5 दिनों तक अतिशीत दिवस होने का पूवार्नुमान

संझौली (रोहतास) भारत सरकार पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, मौसम विज्ञान केंद्र पटना के वैज्ञानिक कमल जी गुप्ता के अनुसार, अगले 25 जनवरी से 29 जनवरी, पांच दिनों तक अतिशीत दिवस रहने का पूवार्नुमान बताया गया। साथ ही अगले 48 घंटो में अति कोहरा छाए रहने का अनुमान बताया गया है। जबकि 24 घंटो के अंदर तापमान को कोई परिवर्तन होने का पूवार्नुमान नहीं है. मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 18. 4 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम 8.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

मतदाता दिवस को लेकर बीडीओ ने की बैठक

नोखा (रोहतास) प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बुधवार को वीडियो अतुल कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में यह बैठक आवेदन की गई सभी बीएलओ उपस्थित थें। जो मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया।

अधिवक्ता के निधन को लेकी आरा सिविल कोर्ट में रहा नोवर्क

आरा। आरा बार एसोसिएशन एवं जिला वह सत्र न्यायाधीश के अध्यक्षता में हुआ शोक सभा आयोजित हुवा अधिवक्ता शंभू शरण सिंह को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया उसके बाद सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं अधिवक्ता गण आज के दिन न्यायिक कार्यो से अलग होकर सिविल कोर्ट में नो वर्क रहा इस श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से जिला व सत्र न्यायाधीश के अलावा सभी न्यायिक पदाधिकारी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश मिश्रा सचिव जयंत सिंह अधिवक्ता अमित कुमार गुप्ता उर्फ बंटी के अलावा सैकड़ो अधिवक्ताओं श्रद्धांजलि सभा में शामिल रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती दिवस जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की जयंती दिवस के रूप में जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्रवंशी की अध्यक्षता में भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय शहीद भवन आरा में मनाई गई जयंती समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक राम भोजपुर जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्रवंशी ने कहा कि कपूर्री ठाकुर, जिनका जन्म 24 जनवरी 1924 को बिहार के बाबुराज, बिहार (अब जिला पटना, बिहार) में हुआ था, एक भारतीय राजनेता थे जो बिहार राज्य के तीन बार मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने अपनी राजनीतिक करियर की शुरूआत सोशलिस्ट पार्टी के सदस्य के रूप में की और बाद में जनता दल (युनाइटेड) के सदस्य बने।

कपूर्री ठाकुर को उनके सामर्थ्यपूर्ण और लोकप्रिय शैली के लिए पहचाना जाता था। उनका सतत योजना बनाने और कृषि विकास के प्रति समर्पण उन्हें प्रशंसा के योग्य बनाता है। उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल में, बिहार में उनकी प्रशासनिक क्षमता और समाजसेवा के प्रति आदर के लिए उन्हें सम्मान मिला। उनके कृतित्व में एक गरीबी उन्मूलन योजना की शुरूआत हुई और उन्होंने कृषि सेक्टर में सुधार के लिए भी कई कदम उठाए। कपूर्री ठाकुर ने राजनीतिक दायित्व के लिए अपनी जीवनयात्रा में बहुत कुछ किया और उनकी स्थिति बिहार राजनीति में अद्वितीय रही। उनकी यात्रा ने बिहार के राजनीतिक स्तर पर एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को साकार किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रमोद राय अधिवक्ता एवं बिहार प्रदेश किसान कांग्रेस के सचिव विजेंद्र कुमार राय भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व एआईसीसी मेंबर श्रीधर तिवारी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर सदैव समाज के कमजोर तबकों के उत्थान एवं विकास के लिए लगे रहे एवं कमजोर तबको की आवाज के रूप में पूरे भारत में अपनी पहचान बनाई आज हमें स्वर्गीय कपूरी ठाकुर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा ग्रहण करके समाज के कमजोर तबको किसानों नौजवानों को विकास की मुख्य धारा में लाकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री राहुल गांधी जी के अगुवाई में संकल्प ग्रहण करना चाहिए समारोह में आरा नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज कुमार अंजनी चितरंजन सिंह मुन्ना भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव राजेंद्र ओझा भोजपुर जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष गजेंद्र चौधरी मंगल माही सुरेंद्र कुमार शर्मा वीरेंद्र सिंह शमशाद आलम अरुण कुमार पांडे संतोष कुमार मोहम्मद साबिर विद्या भूषण सुदामा मिश्रा राजेश कुमार आदि थे।

केविके बिक्रमगंज में सासाराम के 130 बच्चें फील्ड विजिट के लिए पहुंचे

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सासाराम के 130 बच्चे कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज में फील्ड विजिट कार्यक्रम के तहत भ्रमण करने आए । सभी छात्र एवं छात्राएं वर्ग 9, 10 एवं 11 कक्षाओं के थे । सभी छात्रों को वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ शोभा रानी ने कृषि विज्ञान के क्षेत्र में कैरियर बनाने हेतु उचित मार्गदर्शन दिया । संबोधन के दौरान उन्होंने केंद्र की सभी गतिविधियों के बारे में बताते हुए कहा कि रोहतास जिला धान उत्पादकता में पूरे राज्य में अव्वल है । कृषि विज्ञान केंद्र में धान एवं गेहूं के सभी प्रभेदों पर काम किया जाता है । किसानों को धान, गेहूं, चना, मसूर एवं तीसी के उन्नत बीज केंद्र द्वारा किसानों को मुहैया कराया जाता है । समेकित कृषि पालन इकाई के तहत छात्र गौपालन, बकरी पालन, मत्स्य पालन, वर्मी कंपोस्ट उत्पादन इत्यादि देख कर सीख सकते हैं । भविष्य में अगर उद्यमी बनना चाहे तो मशरूम उत्पादन, मत्स्य उत्पादन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, विदेशी सब्जी उत्पादन, अनाज प्रसंस्करण इत्यादि के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं । सभी छात्र-छात्राओं को ढांगहाई पर क्षेत्र का भ्रमण कराया गया एवं कृषि संबंधी विभिन्न इकाइयों को के बारे में उन्हें बताया गया । डॉ आर के जलज के द्वारा मत्स्य पालन के उन्नत तकनीकि की जानकारी साझा की गई ।

आरा सहित जिले विभिन्न जगहों पर भाकपा-माले ने मनाया कर्पूरी जन्मशताब्दी समारोह

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जननायक स्व०कपूर्री ठाकुर के जन्मशताब्दी जयंती से गांधी शहादत दिवस 30 जनवरी तक माले द्वारा आयोजित संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ जन अभियान की शुरूआत आज से हो गई !आज आरा में भाकपा माले जिला कार्यालय सहित जिले के अगिआंव, सहार, पीरो, तरारी, चरपोखरी, गड़हनी, जगदीशपुर, कोईलवर सहित सभी प्रखण्डों के विभिन्न जगहों पर कपूर्री जयंती मनाई गई !आरा में भाकपा-माले जिला कार्यालय श्रीटोला में जन्मशताब्दी समारोह मनाया गया !इस दौरान उनके चित्र माल्यार्पण अर्पित कर उन्हें एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई !उसके बाद सभा आयोजित की गई !माल्यार्पण अर्पित करने वाले में पोलित ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य, केंद्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव, राज्य कमेटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी, सुशील पाल, अजय गांधी, राजेंद्र यादव, बब्लू गुप्ता, संतविलास राम, मिल्टन कुशवाहा, हरिनाथ राम, सुरेश पासवान, रौशन कुशवाहा, कृष्णरंजन गुप्ता, भीम पासवान, जयशंकर प्रसाद, अनुप कुमार, कमलेश कुमार आदि कई लोग शामिल थे !कार्यक्रम का संचालन भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने किया ! कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाकपा-माले पोलित ब्यूरो सदस्य व वरिष्ठ नेता स्वदेश भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देना, महान समाजवादी प्रतीक के लिए देर से ही सही, सबसे उपयुक्त घोषणा है !उत्पीड़ितों के आजीवन समर्थक और सामाजिक समानता, राजनीतिक स्वतंत्रता और व्यापक न्याय के लिए योद्धा, कपूर्रीजी न केवल उत्पीड़ितों के लिए आरक्षण की नीति के अग्रणी वास्तुकारों में से एक थे, बल्कि उन्हें वंचितों के लिए लोकतंत्र की प्रेरणा के रूप में भी याद किया जाएगा।

राष्ट्रीय बालिका दिवस महादलित बस्ती में किताब कॉपी चॉकलेट किया गया वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आरा रोटी बैंक के तत्वाधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर स्थानीय चंदवा मुसहर टोला के आरा रोटी बैंक पाठशाला के सामुदायिक शिक्षण केंद्र में बच्चियों को स्लेट, कॉपी, किताब, बॉक्स, पेंसिल, रबर, कटर, केक, बिस्किट, चॉकलेट आदि दे कर मनाई गई।

आरा रोटी बैंक के संतोष सिंह भारद्वाज ने बतलाया आरा रोटी बैंक को लगातार चौथे वर्ष ये अवसर मिला राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने को। नेशनल गर्ल्स डे की शुरूआत 24 जनवरी 2008 को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सर्वप्रथम की गई थी जिसका मुख्य उद्देश्य वंचित वर्ग की बालिकाओं को शसक्त और शिक्षित बनाना। आरा रोटी बैंक बालिकाओं के सशक्तिकरण और पुनरुत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में आरा रोटी बैंक पाठशाला की शुरूआत चंदवा टोला के झुग्गी बस्ती में पिछले वर्ष की गई जिससे बच्चियों को सशक्त समृद्ध बनने में मदद मिले।

आरा रोटी बैंक फाउंडेशन की अध्यक्ष सोनाली देवी ने कहा राष्ट्रीय बालिका दिवस बच्चो में लिंग आधारित भेदभाव को मिटाने और बच्चियों किशोरियों के प्रति सम्मान के संकल्प को दोहराने का दिन है। लिंग आधारित भेदभाव किसी भी समाज के लिए अभिशाप है एवम इसे दूर करके ही विकसित तथा स्वस्थ समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। आरा रोटी बैंक फाउंडेशन के सचिव अखौरी दीपक ने कहा बच्चियों के प्रति सम्मान और उनके अधिकारों के संकल्प दिवस के रूप में भी बनाया गया।चंदवा टोला के बच्चो के लिए निशुल्क सामाजिक पठन पाठन केंद्र की शुरूआत पिछले वर्ष की गई है जिससे यहां के बच्चे बच्चियां भी शशक्त बने और समाज की मुख्यधारा में शामिल हो। आरा रोटी बैंक की पूरी टीम निस्वार्थ भाव से सेवा भावना के साथ जरूरतमंदों के बीच काम कर रही है।

आरा रोटी बैंक फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष मुक्तिकांत ने बतलाया कि जब बेटियां पढ़ेंगी तभी समाज विकसित होगा। बालिका दिवस के अवसर पर बच्चियों के बीच पठन पाठन कि सामग्री और कपड़े आदि वितरित किया गया।आरा रोटी बैंक सामाजिक समानता से वंचित वर्ग के लिए कटिबद्ध है और बच्चियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय बालिका दिवस समाज में लड़कियों को समर्थन, नए अवसर प्रदान करता है। यह समाज में लड़कियों के साथ होने वाली असमानता जैसे भेदभाव, शोषण के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। आरा रोटी बैंक के द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुक्तिकांत, हर्षिता, सुधा, नेहा सिंह, मनीष, मोसारिब, मुशरफ आदि का योगदान अभूतपूर्व रहा।धन्यवाद ज्ञापन मुक्तिकांत ने दिया।

कड़ाके की ठंड में भी स्कूल खुले रहने से बच्चें परेशान

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने स्कूल खुला रखने का फरमान जारी किया था। जिसके बाद से भोजपुर जिले के सरकारी एवं सभी निजी स्कूलों को भी खुला रखने का आदेश जारी किया और ठंड के बीच सभी स्कूल खुलने लगे। ऐसे में इस कड़कड़ाती ठंड के बीच छात्रों को स्कूल पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी पहली कक्षा से लेकर पांचवी कक्षा के छात्रों को हो रही है। इस ठंड में स्कूल खुले होने से छात्रों के परिजन थोड़े नाराज हैं।

एक छात्र के परिजन केजी रोड के निवासी गोपाल प्रसाद के दो बेटे राजकीय आदर्श विद्यालय में पढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि इस ठंड में अगर विद्यालय बंद हो जाता तो बच्चे बीमार होने से बच जाते। स्कूल से घर ले जाने के बाद बच्चे उल्टी कर रहे है तो किसी का पेट दर्द कर रहा है। इतनी ठंड में बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत हो रही है। बीच बीच में आकर एक बार अपने बच्चों देखने के लिए आते है । वहीं स्कूल में पढ़ रहे छात्रों का कहना है कि इस ठंड में भी स्कूल प्रतिदिन आते है। परेशानी बहुत होती है। लेकिन स्कूल आना पड़ता है। वहीं कुछ बालिकाओं ने कहा कि सुबह ठंड में उठकर स्कूल आने में परेशानी होती है। ठंड भी बहुत लगती है। लेकिन स्कूल आना ही है। ठंड में स्कूल को बंद कर देना चाहिए। आपको बता दे की जिले के नवादा थाना के राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय में ठंड के चलते बच्चों की उपस्थिति मात्र 36 प्रतिशत ही रही। ऐसे ही और भी कुछ स्कूलों का हाल है।वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील पासवान ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के बाद स्कूल खुला है।

ठंड बढ़ने की वजह से स्कूल में छात्रों की उपस्थिति कम हो रही है। जो भी छात्र आ रहे है उनका हमलोग ठंड से बचने के लिए ख्याल रख रहे हैं। आपको बता दे की बिहार राज्य में ठंड और कोहरा लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। इस मौसम में आने वाले 4 दिनों तक कोई राहत नहीं मिल सकेगी। मौसम विभाग ने कहा है कि फिलहाल शीत लहर, कोहरा और धूप नहीं निकलने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसके अगले 4 दिनों तक ऐसे ही बने रहने की संभावना है।

बिहार में 26 जनवरी तक ठंड और कड़ाके की ठंड पड़ेगी। मौसम वैज्ञानिक शैलेंद्र कुमार पटेल ने कहा है कि जेट स्ट्रीम, उत्तर भारत के मैदानी इलाकों से गुजर रही है। ये जेट स्ट्रीम सूखी हवा है जो पश्चिम से पूरब की दिशा में पूरे ग्लोब की चक्कर लगाती है। इसके कारण आने वाले 4 दिनों तक शीत लहर और कड़ाके की ठंड बनी रहेगी। ऐसी संभावना है कि 26 जनवरी तक ठंड बनी रहेगी और कोल्ड डे की स्थिति रहेगी।

ट्रेनिंग में शामिल पुलिस जवान की तबीयत बिगड़ने से हुई मौत

डेहरी (रोहतास) जिला क्षेत्र के डेहरी पुलिस लाइन में ट्रेनिंग ले रहे एक ट्रेनिंग जवान की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक का नाम शिव शंभू राय था. जो गोपालगंज जिला के निवासी थे। वह 53 वर्ष के थे, बताया जाता है कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई तथा उसके बाद लोगों ने उन्हें अस्पताल लाया।

लेकिन अस्पताल में इलाज के दौरान शिव शंभू राय की मौत हो गई। वे डेहरी पुलिस लाइन में पदस्थापित थे तथा पीटीसी का ट्रेनिंग ले रहे थे। बता दे की ट्रेनिंग पूरी करके यह असी में पदोन्नति होकर इनका स्थानांतरण पटना हो गया था लेकिन इससे पहले ही अचानक तबियत बिगड़ने से शिवशंभू राय की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

राष्ट्रीय पर्व मनाने के लिए तैयारियां शुरू, तिरंगे से सजा बाजार

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास):बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों में गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं । इसके लिए बाजार में तिरंगे आ गए हैं । वहीं सरकारी कार्यालयों में साफ सफाई का काम भी शुरू हो गया है। 26 जनवरी दिन शुक्रवार को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। शुक्रवार को गणतंत्र दिवस मनाने के लिए सभी ने अपने-अपने ढंग से तैयारी शुरू कर दी है। गणतंत्र दिवस समारोह में होने वाले कार्यक्रमों की रिहर्सल कराई जा रही है। बाजारों में भी गणतंत्र दिवस को लेकर तिरंगे और अन्य सामग्रियों से बाजार सज गए हैं। बाजारों में हर तरफ तिरंगे ही सजे नजर आ रहे हैं। जानकारी देते हुए शहर के सोनू फूल सजावट के संचालक मुन्ना कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस को लेकर अलग-अलग साइज में राष्ट्रीय ध्वज के अलावा विभिन्न प्रकार के तिरंगे के ब्रोच, कैप, रिबन आदि आइटम की भी भरमार है । इसके साथ ही गिफ्ट आइटम में भी तिरंगा के साथ घड़ी, स्टैंड वाला तिरंगा आदि आइटम आए हुए है । तिरंगा और अन्य सामग्रियों की दुकानों पर खरीदारी शुरू हो गई है। अनुमंडल सहित अन्य जगह दुकानों पर तिरंगों की भरमार है ।

बिहार प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक बने आलोक अंजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बिहार प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी एवं संगठन महामंत्री भिखु भाई दलसानिया के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी आरा के कर्मठ ऊजार्वान एवं संघर्षशील युवा नेता आलोक अंजन को व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक पद पर मनोनीत किया गया। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजीव रंजन उर्फ राजू गुप्ता द्वारा आलोक अंजन का मनोनयन किया गया।

उन्होंने कहा की आलोक अंजन का बिहार प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का सह संयोजक बनाये जाना वैश्य समाज के लिये बहुत ही गर्व की बात है, उनके सह संयोजक बनने से पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी।

जिससे अगामी लोक सभा और विधान सभा चुनाव में पार्टी को काफी फायदा होगा। उनके माध्यम से काफी संख्या में लोग भाजपा से जुड़ेंगे। उज्जवल भविष्य के लिये बहुत-बहुत बधाई। बधाई देने वाले में आरा मेयर इन्दु देवी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन, भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ बिहार के सह संयोजक पवन जयसवाल, कृष्ण कुमार अनिल सिंह, मुन्ना सोनी, विशाल गुप्ता, जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार, राजेंद्र प्रसाद चैरिटेबल ट्रस्ट आरा के अध्यक्ष राजीव रंजन, अभिजीत आनंद, आजाद श्रीवास्तव, तथा अनेकों व्यावसाइयों ने बधाईयां दी है।

जननायक कपूर्री ठाकुर की सौवीं जयंती संयुक्त रूप से मनाई गई

आरा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बामपाली एवं प्राथमिक विद्यालय मिल्की अनुसूचित जाति टोला में जननायक कपूर्री ठाकुर की सौवीं जयंती संयुक्त रूप से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ.मनोज कुमार गुप्ता सहित सभी शिक्षकों ने जननायक कपूर्री ठाकुर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कमलेश कुमार ने किया। कृष्ण मुरारी, नंदनी कुमारी, ज्योति कुमारी, मुस्कान कुमारी, रागिनी कुमारी प्रिया कुमारी, प्रत्युष कुमार, पल्लवी कुमारी, ऋतु कुमारी ने जननायक कपूर्री ठाकुर जी की जीवनी और उनके सामाजिक और राजनैतिक योगदान पर भाषण प्रस्तुत किया।

कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' की घोषणा होने पर भाजपा भोजपुर द्वारा मिठाई बाँटकर मनाई गई खुशियां

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, पिछड़ा, अतिपिछड़ा, गरीब, लाचारो के मसीहा स्व.कपूर्री ठाकुर के शताब्दि जयंती के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा उन्हे देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देने की घोषणा से भारतीय जनता पार्टी मे खुशी की लहर दौड़ गई। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व मे स्थानीय महावीर मंदिर रमना मैदान मे पूजा कर सभी कार्यकताओ और आम लोगो के बीच मिठाईयां बाँटकर खुशी मनाई गई। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गई। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर पिछड़ो, अतिपिछड़ों, गरीबो, लाचारो के कल्याण के लिए जीवन भर संघर्ष करते हुए न्याय दिलाने का काम किया।उन्होने ही पहली बार बिहार मे पिछड़ो, अतिपिछड़ों, महिलाओं और सामान्य वर्गो के लिए आरक्षण दिलाने का काम किया।उन्होन सभी वर्गो के साथ न्याय किया, लेकिन कुछ राजनीतिक पार्टियाँ उनके नाम से राजनीति करती रही और पिछड़ो, अतिपिछड़ों, महिलाओं, गरीबो और लाचार लोगो के साथ अन्याय करती रही। वे केवल अपना उल्लू सीधा करने मे लगे रहे और कभी भी जननायक कपूर्री ठाकुर जी को सम्मान नही दिया।देश मे पहली बार एक गरीब का बेटा, पिछड़े वर्ग से आने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सबके साथ न्याय करते हुए सम्मान देने का काम कर रहे है। प्रधानमंत्री गरीबो के अधिकार के लड़ने वाले और गरीबो, लाचारो को न्याय दिलाने वाले को सम्मानित कर रहे है। वहीं बिहार की कुछ पार्टियाँ काँग्रेस के साथ सरकार मे रह कर भी कभी ऐसे व्यक्तित्व को सम्मान देने का काम नही किया। आज प्रधानमंत्री कपूर्री ठाकुर के शताब्दि जयंती पर देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' की घोषणा कर करोड़ो पिछड़ो, अतिपिछड़ों, महिलाओं, गरीबो और लाचार लोगो के साथ न्याय किया, जो आज हम सभी बिहारियो के गर्व की बात है।इसके लिए प्रधानमंत्री जी को भारतीय जनता पार्टी भोजपुर द्वारा आभार व्यक्त किया जाता है।

जननायक पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती जिला अध्यक्ष अशोक राम की अध्यक्षता में मनाई गई

आरा। भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बिहार के जननायक पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर जी की जयंती उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कांग्रेस कार्यालय शहिद भवन आरा में जिला अध्यक्ष अशोक राम जी की अध्यक्षता में मनाई गई तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए जिला अध्यक्ष अशोक ने कहा कि वंचित वर्गों के लिए. दिल से समाजवादी कपूर्री ठाकुर अपने छात्र जीवन के दौरान राष्ट्रवादी विचारों से गहराई से प्रभावित थे और बाद में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन में शामिल हो गए खासकर समाज के वंचित वर्गों के लिए. दिल से समाजवादी कपूर्री ठाकुर अपने छात्र जीवन के दौरान राष्ट्रवादी विचारों से गहराई से प्रभावित थे और बाद में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन में शामिल हो गए. उनकी राजनीतिक विचारधारा को 'लोहिया' विचारधारा द्वारा आगे आकार दिया गया, जिसने गरीब जातियों को सशक्त बनाने पर जोर दिया वे एक साधारण परिवार में जन्म लेकर राजनीति की उत्कर्ष तक पहुंचे ऐसे व्यक्ति को आज हम सब याद कर उनकी जयंती मनाने का काम कर रहे हैं।

बिंदास बोल कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

बेगुसराय ।जिले के मध्य विद्यालय कहा में द एकलव्य इन्सेंटिव द्वार बिंदास बोल कार्यक्रम आयोजित किया गया ।मुंगेर प्रमंडलीय आयुक्त उप विकास आयुक्त बेगूसराय अनुमंडल अधिकारी बलिया कार्यक्रम प्राधिकारी सर्व शिक्षा बेगूसराय फाउंडर आफ एकलव्य इनिशिएटिव के अनंतो मुखर्जी ने बिंदास बोल के बच्चों से मुखातिब होने के लिए उत्क्रमित मध्य विद्यालय कसाह में दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया। बच्चों ने पहले इंग्लिश में वेलकम सांग फिर हिंदी में स्वागत गीत गाकर अपने अतिथियों का स्वागत किया प्रधानाध्यापक श्री राम नरेश भगत ने स्वागत शब्दांश में अभिनंदन अर्पित कर कार्यक्रम में चार चांद लगाने का काम किया। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने पुष्पों की माला, बुके एवं शॉल से सम्मानित किया । मुंगेर प्रमंडल आयुक्त संजय सिंह ने बच्चों से मुखातिब होकर बेझिझक अंग्रेजी बोलने के लिए कहा तथा बच्चों से बात कर उन्होंने कहा कि मेरे कार्यक्षेत्र में 8 जिले हैं आज दिनकर की जन्मस्थली आकर यहाँ ऊजार्वान बच्चों से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई ।

उप विकास आयुक्त, बेगूसराय ने कहा कि आने वाले दिनों में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कसाह बरौनी प्रमंडल का अंग्रेजी स्पोकन का हब बन जाएगा । एकलव्य फाउंडेशन के फाउंडर आनंद देव मुखर्जी ने बच्चों के स्पोकन को सुन भाव विभोर हो बच्चों को गले लगा लिया। कन्या मध्य विद्यालय महना में बिंदास बोल' कार्यक्रम हुआ प्रमंडलीय आयुक्त संजय सिंह एवं एकलव्य यूनिवर्सिटी की श्रीमती प्रोमिता ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया कार्यक्रम का संचालन अर्जुन कुमार ने किया स्वागत गीत मनीषा कुमारी ने नोडल टीचर अर्जुन कुमार नवीन कुमार सतीश चंद्र झा ने बिंदास बोल कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की एवं मैडम का स्वागत अंग वस्त्र एवं पुष्प गुस्से किया श्रीमती ने कहा कि हम बच्चों को ऐसा बना है अपने से सीख का अन्य बच्चों को भी शिक्षित करना है और जब हम शिक्षित होंगे फिर हम अपना अपने गांव का समाज का विकास कर पाएंगे हमें सबके समान रूप में खड़ा होना है ।

चुनाव की घड़ी में सभी राजनीतिक पार्टियां अपने अपने स्तर से अपने संगठन को मजबूत करने लगी है

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा चुनाव की घड़ी ज्यों ज्यों करीब आ रही है तो सभी राजन

संक्षिप्त खबरें

कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने पर जताई हर्ष: राकेश राही

करपी,अरवल।बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने पर अरवल एआईएफएफ के तरफ से उनके परिवार और समर्थकों को बधाई और शुभकामनाए दी। एआईएफएफ के जिला सचिव राकेश राही ने प्रेस बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने ने कहा की भाष्कर के एक एस्क्लूसिव रिपोर्ट से जाना कि कपूर्री ठाकुर विद्यार्थी जीवन मे राजनीत की शुरूआत एआईएफएफ से की है। इस संगठन के अनुमंडल सचिव भी रह चुके थे। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम मे भी भाग लिया तथा भागलपुर जेल भी गये। कपूर्री ठाकुर का जीवन एक दर्शन है। उनके सिद्धांत और व्यवहार मे कोई फर्क नही रहा। इतने बडे बडे ओहदे पर रहने के बाद भी उनका अपना घर भी नही था। वे एक असली समाजवादी नेता थे, जिन्होंने जो कुछ भी किया समाज के लिये किया।

उत्पाद पुलिस ने शराब के साथ कारोबारी को किया गिरफ्तार

शेरघाटी। उत्पाद थाना के पुलिस ने बुधवार को मोरहर नदी के किनारे नवनिर्मित रिंग रोड से चार बाइक सहित भारी मात्रा में देसी शराब एवं महुआ के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। शराब की खेप एवं महुआ का बोरा लेकर धंधेबाज झारखंड की ओर से शेरघाटी बाईपास के रास्ते नई बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बसंत बाग मोहल्ले के पास उत्पाद थाने की पुलिस ने चार युवकों को शराब एवं महुआ के साथ धर दबोचा। उत्पाद थाने में तैनात एक अधिकारी ने बताया कि भारी मात्रा में देसी शराब एवं महुआ के साथ चार युवकों को पकड़ा गया है। पुलिस शामिल कर रही है, कि धंधेबाज कहां के रहने वाले हैं, तथा शराब की खेप कहां लेकर जा रहे थे। इसकी पड़ताल की जा रही है।

मारपीट मामले में दोनों पक्ष से मुकदमा हुआ दर्ज

शेरघाटी।थाना क्षेत्र के बार तकिया गांव में बुधवार को मारपीट एवं गाली गलौज के मामले को लेकर पुलिस ने दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज किया है। थानाध्यक्ष विमल कुमार ने बताया कि प्रथम पक्ष की ओर से मकबूल शाह ने सोहेल, टीपू, शाकिब, साकीर, हाफिज आदि के खिलाफ गाली गलौज एवं मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के समसुन निशा ने समीम, मकबूल, अल्ताफ, एवं आयोग के खिलाफ मारपीट और गाली गलौज के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि दोनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया है।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम द्वारा ऋण वितरण समरोह का आयोजन

गया। जिला उद्योग केन्द्र, गया के परिसर में स्थित ट्रेनिग एण्ड टूल्स सेंटर के सभागार में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन एवं प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के लाभुकों के बीच ऋण वितरण समारोह आयोजित की गई है।जिसकी अध्यक्षता उप विकास आयुक्त द्वारा किया गया है। इस ऋण वितरण समरोह में विभिन्न बैंकों द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंत्तर्गत कुल 179.40 लाख रूपय ऋण स्वीकृत किये गये और 182.70 लाख रुपए का भुगतान हुआ है।इसी प्रकार प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजनार्त्तगत कुल 148.69 लाख राशि स्वीकृत की गई है।160.18 लाख रूपया भुगतान किया गया है। इसके अतिरिक्त पी० एन० बी० द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत 27.00 लाख का ऋण राशि स्वीकृत की गई है।

भलुआर में जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनाई गई 100वीं जयंती

गया। जिले के बांकेबाजार प्रखंड अंतर्गत भलुआर मोड़ के समीप कपूर्री भवन में अखिल भारतीय नाई संघ बांकेबाजार के द्वारा जननायक कपूर्री ठाकुर की 100वी जयंती मनाई गई ।इस मौके पर उपस्थित लोगों ने जननायक कपूर्री ठाकुर के प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया है। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर की आज 100 वीं जयंती मनाने को लेकर हम लोग इस सभागार में जुटे हैं । इस मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके विचारों को अपने संबोधन के माध्यम से रखा और कहा कि कपूर्री ठाकुर अपने विचारों और व्यक्तित्व से जाने जाते हैं। इस मौके पर अखिल भारतीय नाई संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, डॉ. पिंटू कुमार, चंद्र प्रकाश, कपिल ठाकुर, उमेश ठाकुर, अनुज कुमार, बिष्णुनदेव ठाकुर, राधेश्याम ठाकुर के अलावा कई ग्रामीण उपस्थित होकर जननायक कपूर्री ठाकुर के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सभा को संबोधित किया गया है।

जिलाधिकारी के पहल पर सदर अस्पताल में मिला 6 विशेषज्ञ चिकित्सक

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के प्रयास से जिले के सबसे बड़े अस्पताल सदर अस्पताल अरवल मे 6 विशेषज्ञ चिकित्सक मिला रेडियोलॉजिस्ट के रूप में डाक्टर जिशानूल हक के योगदान के साथ जिला पदाधिकारी अरवल के प्रयास से सदर अस्पताल अरवल में निःशुल्क अल्ट्रासाउंड सेवा हुई प्रारम्भ। सर्जन के रूप में डाक्टर मनप्रीत सिंह तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं एनेस्थेटिस्ट की कमी हुई दूर अब सदर अस्पताल में शीघ्र प्रारंभ होगी निःशुल्क सिजेरियन प्रसव की सेवा।

साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा मिशन बुनियाद की सफलता स्वास्थ्य उप केंद्र पर जनमानस को उपलब्ध कराए जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर तरीके से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अरवल जिला की अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, जहां की स्वास्थ्य सेवा का मूल आधार स्वास्थ्य केंद्र ही है। इनकी कार्यशीलता को और बेहतर करने के लिए सरकार स्तर से कई अहम कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा उनके भवनों का निर्माण के साथ-साथ उपकरणों का भी क्रय किया गया है। मिशन बुनियाद कार्यक्रम नवंबर माह में माननीय उपमुख्यमंत्री द्वारा शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य उप केदो एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पूर्वाह्न 9:00 से अपराहन 5:00 तक हर हाल में संचालन करना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य उप केंद्रों के सुचारू दैनिक संचालन की निगरानी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा हर हाल में किया जाना है साथ ही सभी स्वास्थ्य उप केंद्रों पर एक-एक एएनएम हर हाल में मौजूद रहेगी।सभी स्वास्थ्य केंद्र तथा सब-सेंटर में पानी की व्यवस्था, बिजली की निर्वाध आपूर्ति, टॉयलेट की व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था इत्यादि हर हाल में सुनिश्चित करावे।

बिजली के समस्या से परेशान होकर ग्रामीण अधिकारी के खिलाफ पुतला फूँका

प्रात : किरण संवाददाता

करपी, अरवल। प्रखंड मुख्यालय स्थित करपी बस स्टैंड मे बिजली विभाग के कनीयअभियंता बिजली विभाग के एसडीओ एवं कार्यपालक अभियंता का पुतला फूँका। करपी मे लगातार बिजली बाधित रहती है कल 10 रात से ही बिजली नहीं है प्रतिदिन चार-पांच घंटे मुश्किल से बिजली रहती है करपी मे बहुत सारे जगह नंगा तार से बिजली सप्लाई हो रही है बहुत सारे उपभोक्ताओं को बिजली मीटर की खराबी गड़बड़ी को बदलने एवं बिजली विपत्र की गड़बड़ी सुधार हेतु आवेदन देने के बाद भी सुधार नहीं हो रहा है। जिससे उपभोक्ता काफी परेशान हो कर विभाग के अधिकारियों का पुतला फूँका और नारेबाजी किया । अगर समस्या का निदान नहीं होगा तो आगे भी आंदोलन जारी रहेगा इस मौके पर उपस्थित डॉ ज्योति प्रसाद गुड्डू शर्मा प्रमोद मिस्त्री उपेंद्र कुमार भोला कुमार सुरेश कुमार वीरेंद्र सिंह अर्जुन कुमार दिलीप कुमार गुड्डू खत्री पप्पू खत्री सुभाष कुमार आदि उपस्थित है।

डीएम ने उधोग विभाग की आयोजित कार्यक्रम को दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में उधोग विभाग से संबंधित योजनाओं का ऋण स्वीकृति एवं वितरण कैम्प का आयोजन द्वीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। आयोजन के क्रम में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमइजीपी) के तहत कुल 12 लाभार्थियों को ऋण वितरण किया गया। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (पीएमएफएमइ) के तहत 17 लाभार्थियों को ऋण वितरण किया गया। उधोग विभाग द्वारा कुल 02 करोड 69 लाख 42 हजार रूपया का ऋण वितरण किया गया। सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द पीएमइजीपी एवं पीएमएफएमइ योजनाओं का स्वीकृति एवं वितरण का लक्ष्य प्राप्त करें। अरवल जिले में पीएमइजीपी योजना का लक्ष्य 128 निर्धारित है, जिसके विरुद्ध मात्र 101 स्वीकृति प्रदान की गई है एवं 53 का वितरण किया गया है। पीएमएफएमइ योजना का लक्ष्य 85 निर्धारित है जिसके विरूद्ध मात्र 79 स्वीकृति प्रदान की गई है एवं 60 का वितरण किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि पीएमइजीपी एवं पीएमएफएमइ योजनाओं के तहत ऋण स्वीकृति के एक सप्ताह के अन्दर राशि की भुगतान किया जाना सुनिश्चित करेंगे। सरकार का मुख्य उद्देश्य यह है कि लोग इस राशि से अपने-अपने उधोग की शुरूआत कर अपने पैरों पर खड़े हो सके। बैठक में सहायक उधोग निदेशक, पटना, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, उधोग पदाधिकारी, परियोजना प्रबंधक के साथ अन्य उपस्थि थे।

हिंदवेयर शोरूम में वरिष्ठ इंजीनियर एवं आकीर्टेक्ट चाय पर चर्चा की गई

प्रात : किरण संवाददाता

गया।गया शहर और मगध वासियों के लिए गया शहर के सरकारी बस स्टैंड के समीप हिंदवेयर गलेरीया शोरूम में भगवान राम के अयोध्या मे स्थापित होने पर हिंदवेयर के प्रोपराइटर मुकेश कुमार सिन्हा द्वारा गया जिले के सभी इंजीनियर एवं आकीर्टेक्ट लोग को एक जगह एकत्रित करते हुए शहर वासियों के साथ साथ मगध वासियों को हिंदवेयर मे सभी समान अच्छे नये स्टाइलीशट और सुदर घर को नये जीवन में एक नयी शुरूआत करने के लिए हिंदवेयर का घर का समान,टायलट का समान,आम जीवन मे घरेलु उपयोग आने वाले बेसीन,गैस चूल्हे,बाथ बैसीन,पाइप फिटिंग,कर्म्पटन का मोटर,वेभीन का सभी पाइप फिटिंग एक छत के निचे उपलब्ध है।इस मौके पर गया जिला के इंजीनियर एसोसीऐट के अध्यक्ष वीजय कुमार घोड़ी ने चाय पर चर्चा करते हुए कहा कि हिंदवेयर मे सबसे हटा हुआ है और अच्छी प्रोडेक्ट है जो हर लोग शुलभ और टिकाऊ प्रोडेक्ट है हिंदवेयर मे हर तरह हमलोग के लिए लोगों को बताए। जो हर लोग को एक बार अवश्य आना चाहिए और मुकेश कुमार सिन्हा ने लोगों को कही दुसरे जगह जाने की जरूरत नही होगी, सभी समान एक ही छत के निचे मिल रही है तो दुसरी कंपनी में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।गया लोगों को इस हिंदवेयर शोरूम को पुरा सहयोग करना चाहिए।वही आर्किटेक्ट ने कहा कि गया के लोगों के लिए शुलभ और अच्छे कम पैसों में घर के हर समान जो नल,टायलट आदी का समान इस कंपनी के द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है।

जिलाधिकारी ने बंदोबस्त कार्यालय के द्वारा किए जा रहे कार्यों का किया समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने बंदोबस्त कार्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। ज्ञातव्य हो कि अरवल जिला अन्तर्गत बंदोबस्त संबंधी कार्यों में ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे शिकायत के आलोक में जिला पदाधिकारी द्वारा बंदोबस्त कार्यालय एवं बदोबस्त शिविरों का निरीक्षण करते हुए विभागीय नियमानुसार कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही उसी दौरान कुछ पदाधिकारियों पर कार्रवाई भी की गई थी। इसी क्रम में बुधवार को जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में सभी शिविरों के शिविर प्रभारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी शिविर प्रभारी (विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी) के साथ-साथ राजस्व अधिकारी सह-कानुनगो, बंदोबस्त कार्यालय, अरवल भी उपस्थित थीं। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि बंदोबस्त संबंधी सभी कार्यों को विभागीय दिशा-निर्देश के आलोक में ससमय एवं निष्ठापूर्वक निष्पादित कराना सुनिश्चित करें, ताकि अनावश्यक रूप से रैयतों को परेशानियों का सामना करना न पड़े।

जननायक के साथ शोषित पिछड़ों बिहार वासियों का सम्मान हैं : डॉ मनीष पंकज मिश्रा

प्रात : किरण संवाददाता

गया।महान स्वतंत्रता सेनानी महान विचारक गरीब शोषितो की आवाज पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर जी के 100 वी जन्मशताब्दी के अवसर पर भाजपा नेता डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा के कार्यालय में जननायक के चित्र पर पुष्प माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया इस अवसर पर भाजपा नेता डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि आज ऐसे महापुरुष का जन्मशताब्दी समारोह मना रहे हैं जो भारतीय राजनीत में सर्व समाज लेकर चलने वाले नेता थे बिहार के उपमुख्यमंत्री,दो बार मुख्यमंत्री रहते हुए सादगी के रूप में अपना जीवन सर्वश्र करते रहे आज ऐसे महापुरुष को नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इस गोष्ठी को जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर को भारतरत्न देने की मांग लगातार करते रहे क्योंकि दलित शोषित और पिछड़ों की आवाज बनकर जो समाज वंचित थे वैसे समाज को आरक्षण देकर समाज के मुख्यधारा में लाया गया आज देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदीजी के सरकार के द्वारा भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारतरत्न की घोषणा होने पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि यह सम्मान जननायक जी को नहीं शोषित पिछड़ों बिहार वासियों का सम्मान हैं।

भाजपा परिवार आज इनके 100वी जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए आज के जन्म जयंती पर जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव,दीपक पाण्डेय,रौशन पटेल,सुनील बंबइया, महेश यादव, बबलू गुप्ता सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिया जाना मुख्यमंत्री नीतीश और पीएम बधाई के पात्र : कुमार गौरव

प्रात : किरण संवाददाता

गया। युवा जदयू के गया जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.कपूर्री ठाकुर जी को मरणोपरांत भारत रत्न दिए जाने पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ठाकुर जी को भारत दिए जाने के लिए मुख्यमंत्री और जदयू हमेशा से भारत रत्न देने की मांग कर रहा था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकारी और गैर सरकारी मंचों से लगातार कपूर्री ठाकुर जी भारत रत्न दिए जाने क मांग कर रहे थे। उनकी मांग पर विचार करते हुए केंद्र सरकार ने कपूर्री ठाकुर जी को मरणोपरांत भारत रत्न देकर बिहार के साथ ही देश का मान बढ़ाया है। कपूर्री ठाकुर को अपना आदर्श मानने वाले नीतीश कुमार उनके पदचिन्हों पर ही चलते हैं और सादगी का परिचय देते हैं। कपूर्री ठाकुर जी बिहार के दो बार मुख्यमंत्री, एक उपमुख्यमंत्री, 10 साल तक विपक्ष में नेता रहे हैं। इनकी सादगी और शालनिता हमेशा से इनको लोकप्रिय बनाया। इन्होंने समाज के आखिरी पायदान पर खड़े लोगों के लिए हमेशा औज आवाज उठाया आज की तारफी में नीतीश कुमार भी सबका साथ सबका विकास की राह पर चलते हुए बिहार के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राज्य अतिथि रहे शिव कैलाश डालमिया

गया। अयोध्या में हुए रामलाल के समारोह में पुरे भारत के साथ विदेश के अतिथि आए थे।इस अतिथियों में बिहार के गया जी प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाज सेवी शिव कैलाश डालमिया भी अतिथि बिहार राज्य के अतिथि रहे,जिनका स्वागत श्री राम मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गया जी से बिहार अतिथि का पुरा स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया और सभी व्यवस्थाएं की गई थी।एक मंत्री और विधायक की तरह व्यवस्था की गई थी। इसकी जानकारी मंत्री के पूर्व मिडिया प्रभारी धीरज रौनीयार दी है गया मे इसके बारे में जानकारी देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल स्वामी ने कहा उतर प्रदेश सरकार के कई वरिष्ठ और प्रमुख लोगों के साथ गया शहर के शिव कैलाश डालमिया राज्य का अतिथि बनाकर विशेष सिक्युरिटी के साथ मुहैया कराई गई थी। जिससे गया जिलावासियों के लिए गर्व की बात है।

गरिब एवं पिछडो के लिए बिहार ही नहीं देश के लिए एक मिसाल बना : डॉ संतोष मांझी

प्रात : किरण संवाददाता

गया। कपूर्री ठाकुर जंयती पर हम पार्टी के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के द्वारा सामाजिक न्याय के मसीहा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती शताब्दी समारोह बुनियादगगंज अंतर्गत सुजीत मैरिज हॉल में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दीपक कुमार चंद्रवंशी की अध्यक्षता मनाई गई है।जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री डॉ संतोष कुमार मांझी एवं ज्योति देवी विधायक बाराचट्टी उपस्थित होकर जन नायक कपूर्री ठाकुर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए हैं। डॉ संतोष मांझी को पार्टी के कार्यकताओं ने पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर स्वागत व सम्मानित किए हैं।इस मौके पर डॉ.संतोष मांझी ने कहा कि कपूर्री ठाकुर का जीवन बेहद संगर्षपूर्ण रहा है,समाज के सबसे अंतिम पायदान पर रहने वाले लोगों की वकालत करते रहे हैं। बिहार के पहले गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहे जो कांग्रेस के विचारधारा के खिलाफ में जाकर आम जनों से जुड़कर अपना राजनीतिक अस्तित्व को स्थापित करने में कामयाब रहे। बिहार में उनके शासनकाल में ही आरक्षण लागू किया गया है। कपूर्री ठाकुर संविधान की मूल अवधारणा को रेखांकित करते हुए समता समानता और बंधुत्व को सबको समान रूप से बढ़ने का समान अवसर देने के सिद्धांत के लागू करने के नियत से पूरे बिहार में आरक्षण की व्यवस्था को लागू करवाया गया है।

जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पोक्सो अधिनियम पर कार्यशाला आयोजन का किया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभागार में पोक्सो अधिनियम, 2012 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है।इस कार्यशाला का शुभारंभ जिला पदाधिकारी डा० त्यागराजन एस०एम० द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया है।

इस कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई०सी०डी०एस० के द्वारा लैंगिक अपराधों से संबंधित बालकों का संरक्षण अधिनियम पोक्सो, 2012 के बारे मे विस्तार से जानकारी उपलब्ध करायी गई है।इस कार्यशाला में बाल यौन शोषण से जुड़े मिथक, संकेत और एक्ट-2012 के प्रावधानों के बारे मे विशेष रूप से चर्चा की गई है। इस अधिनियम की मुख्य विशेषताओं के बारे में बताया गया जिसमें स्पर्श आधारित अपराध एवं दंड के बारे में भी जानकारी दी गई है।

इस कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई है।

जिला पदाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में जिला के सभी संबंधित विभाग श्रम अधीक्षक, बाल संरक्षण ईकाई, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास निगम, समेकित बाल विकास सेवाएँ एवं पुलिस विभाग को आपसी समन्वय बनाते हुए कार्य करने एवं इस कानून की आवश्यक जानकारी और जागरूकता प्रसारित करने हेतु निदेशित किया गया है। इसके साथ ही अनुमण्डल पदाधिकारी शेरघाटी द्वारा शिक्षक-अभिभावक संवाद के दौरान इस विषय पर चर्चा करने एवं जागरूकता फैलाने पर बल देने हेतु अपने संबोधन में बताया गया है।राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध महिला सशक्तिकरण के बारे में भी कार्यशाला में चर्चा की गई जिसमें बालक,बालिका के अधिकार, सहभागिता का अधिकार, संरक्षण का अधिकार, विकास का अधिकार एवं उनके सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधानों के बारे में अवगत कराया गया है। बालिकाओं के विकास, शिक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े सरकार की विशेष योजनाएँ जैसे बिहार सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री साईकिल योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, सुकन्या समृद्धि योजना इत्यादि के बारे में उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया साथ ही कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के तहत दिये जाने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी गई। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया है।

इस कार्यक्रम में सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई, पुलिस उपाधीक्षक सलमा खातुन, मिर्जा गालिब कॉलेज गया के प्राचार्य, जिला संचारी रोग पदाधिकारी गया, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, शहर के उच्च विद्यालयों के प्राचार्य, डी०पी०एम० महिला एवं बाल विकास निगम, डी०पी०एम० जीविका, केन्द्र प्रशासक, वन स्टॉप सेन्टर, जिला समन्यवक एन०एन०एम०, जिला समन्यवक एक्शन ऐड एवं अन्य उपस्थित थे।

प्रमुख,उप प्रमुख को लेकर पंचायत समिति के सदस्यों ने खोला मोर्चा, जिलाधिकारी को दिया अविश्वास प्रस्ताव का ज्ञापन

गया जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के डुमरिया प्रखंड के प्रमुख और उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर एक बार फिर से सरगर्मी तेज हो गई है और क्षेत्र में प्रमुख और उप प्रमुख की कुर्सी से हटाने के लिए पंचायत के 9 समिति सदस्य एक जुट हो गए है वंही इस अविश्वास प्रस्ताव को लेकर डुमरिया प्रखंड कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया था।इस बैठक में उपस्थित पदाधिकारी के द्वारा असंतोष जनक कार्रवाई से नाराज पंचायत समिति के सदस्यों ने जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एस एम से मिलकर आवेदन दिया है और अविश्वास प्रस्ताव को लेकर उचित कार्रवाई की माँग की है वंही जिलाधिकारी के द्वारा इस बैठक की तिथि को 27 जनवरी को निर्धारित किया गया है।समाजसेवी सह प्रमुख चुनाव में चाणक्य के भूमिका निभा रहे पवन चंद्रवंशी ने बताया की डीएम साहब से मुलाकात के बाद आश्वान लिखित रूप में दिए है की 27 जनवरी को प्रमुख और उप प्रमुख व पंचायत समिति के सभी सदस्यों की उपस्थित अनिवार्य किया गया है वंही इस निर्धारित बैठक को लेकर जिला पंचायत राज कार्यालय से पत्र भी जारी कर दिया गया है वंही पत्र जारी होने के बाद पंचायत समिति के नौ सदस्यों को मिली आश्वासन के बाद सभी सदस्यों ने आगमी तिथि को अविश्वास प्रस्ताव को लेकर अपना रूप रेखा तैयार कर लिया है,विपक्ष लाख कोशिश कर ले कुर्सी जाना तय है,खुशी जाहिर किया है,प्रखण्ड के जनता आश लगाए बैठे है की कब प्रमुख के कुर्सी जाति है की चैन की नींद ले।वंही डुमरिया प्रखंड के पंचायत समिति क्षेत्र संख्या - 8 के रामचंद्र सिंह,पंचायत समिति क्षेत्र संख्या-4 के जितेन्द्र दास, पंचायत समिति क्षेत्र संख्या-9 के रविंद्र सिंह , पंचायत समिति क्षेत्र संख्या-5 के अजय कुमार , पंचायत समिति क्षेत्र संख्या-3 के अर्जुन प्रसाद,पंचायत समिति क्षेत्र संख्या-15 के सुनैना कुमारी,पंचायत समिति क्षेत्र संख्या-11के नीतू देवी ,पंचायत समिति क्षेत्र संख्या-12 के आशा देवी , पंचायत समिति क्षेत्र संख्या-1 के ममता कुमारी सहित राजन पासवान,राहुल पासवान,पवन चंद्रवंशी,रंजय सिंह,जितेंद्र कुमार,आशुतोष सिन्हा,राजेंद्र सिंह,जितेंद्र सिंह ने अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है ।

धावा दल ने 4 बाल श्रमिक को कराया मुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

गया।श्रम संसाधन विभाग एवं प्रयास जैक संस्था गया के संयुक्त तत्वावधान में बीते मंगलवार को बोधगया थाना क्षेत्र के दो होटल शालीमार स्वीट्स और न्यू गणेश मिष्ठान भंडार में काम कर रहे 4 बाल श्रमिक को मुक्त करवाया गया है।

श्रम अधीक्षक सुजीत कुमार द्वारा गठित धावा दल का नेतृत्व बोधगया के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गौतम कुमार सिंह ने किया जिसमें मानपुर, खिजरसराय ,टेकारी और बाराचट्टी प्रखंड के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, प्रयास संस्था के गौतम परमार एवं मानव तस्करी रोधी इकाई गया के सुरक्षाकर्मी ने कार्यवाही को अंजाम दिया है ।इस दोनो प्रतिष्ठान संचालक टीपू कुमार एवम गुड्डू कुमार के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन 1986 के तहत थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है ।इस मौके पर मौजूद संस्था के गौतम परमार ने बताया कि गया जिला को बाल श्रम मुक्त जिला बनाने हेतु संस्था नियमित बाल श्रमिको की सूचना श्रम विभाग को देती है एवं विभाग के सहयोग से उनको मुक्त करवाया जाता है, साथ ही बाल श्रमिको के पुनर्वास हेतु संस्था श्रम विभाग से समन्वय करती है संस्था के जिला समन्वयक देवेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी की संस्था और प्रयास संस्था द्वारा संयुक्त रूप से बिहार के 10 जिलों में बाल श्रम उन्मूलन, बाल व्यापार व लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण हेतु कार्य प्रारंभ किया जा रहा है साथ हीं गया जिला के 150 गांवों को बाल विवाह मुक्त गांव बनाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहें हैं।

पूर्णिया में राहुल गांधी की रैली में शामिल होने जायेंगे डॉ. गगन मिश्र

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।विश्व के लोकतंत्र के इकलौता महानायक, जनमानस की आवाज, कॉंग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा के तह त पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में 30 जनवरी को प्रस्तावित रैली में गया से कॉंग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता न्याय योद्धा 29 जनवरी को ही गया रेल्वे जंक्शन से हटिया- गया-पटना- पूर्णिया कोर्ट एक्स्प्रेस से 1:00 बजे दिन मे पूर्णिया के लिए रवाना होंगे।बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी, राजीव रंजन उर्फ बिट्टू सिंह, रविन्द्र सिंह अमरजीत कुमार, टिंकू गिरी, शिव कुमार चौरसिया, श्रवण पासवान, उदय शंकर पालित, मोहम्मद समद, प्रद्युम्न दुबे, विनोद उपाध्याय, बाल्मीकि प्रसाद, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, मोहम्मद शमीम आलम, आदि ने कहा कि बिहार के किशनगंज, पूर्णिया, अररिया,कटिहार यानी सीमांचल में भारत जोड़ों न्याय यात्रा के नेतृत्वकर्ता देश के सजग, साहसी, संघर्षशील, ईमानदार, जनप्रिय नेता राहुल गांधी तीन दिन और दो रात बिताएंगे। नेताओं ने कहा कि बिहार के लोकप्रिय अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में विगत कई दिनों से सैकड़ों राष्ट्रीय, प्रांतीय तथा सीमां चल तथा कोशि के दर्जनों जिला के नेता, कार्यकर्ता पूर्णिया, किशनगंज, अररिया, कटिहार जिला में तैयारी का जायजा लेने तथा भारत जोड़ों न्याय यात्रा के बिहार में व्यापक सफलता तथा इस यात्रा से जुड़ने, राहुल गांधी को सुनने, हेतु सम्पूर्ण बिहार के लाखो, लाख, कॉंग्रेस जनों, युवा, छात्र, किसान, मजदूर, एवं आमजन को शामिल हो

संक्षिप्त खबरें

26 जनवरी को लेकर बीडीओ ने की पदाधिकारी के साथ बैठक

संग्रामपुर (मुंगेर)। 26 जनवरी समारोह पूर्वक मनाये जाने को लेकर बुधवार के दिन प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड स्तरीय विभागीय पदाधिकारी के साथ बैठक की। 26 जनवरी की तैयारी की समीक्षा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता बीडीओ अजेश कुमार ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड के विभिन्न कार्यालय में तिरंगा फहराने का समय निश्चित करना था। बैठक में बीडीओ ने सभी पदाधिकारी से अपनी सुविधा अनुसार तिरंगा फहराने का समय निश्चित करने को कहा। बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 जनवरी के प्रातः 9:00 बजे प्रखंड सह अंचल कार्यालय में झंडोतोलन किया जाएगा 'इसके बाद प्रखंड परिसर में अवस्थित सहकारिता, बीस सूत्री एवं अन्य कार्यालयों में झंडोतोलन के पश्चात प्रातः 10 बजे संग्रामपुर थाना में झंडोतोलन का समय निर्धारित किया गया। इस बैठक में अंचल अधिकारी स्नेहा सत्यम थाना अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

उच्च न्यायालय के जारी आदेश पर लगी रोक

भागलपुर। विगत दिनों जिला परिषद अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का मामला माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक मे फिलहाल स्थगित कर रोक लगा दी गई है। इस मामले को लेकर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया की संबंधित सदस्यों द्वारा जिन बिन्दुओ को लेकर जिला परिषद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का मामला उठाया गया था। उउक्त मामले को लेकर मानयीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के आलोक में फिलहाल रोक लगा दी गई है। संबंधित सभी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्यो को नोटिस जारी कर एक आवश्यक बैठक बुलायी गई हैं। बैठक के बाद न्यायालय स्तर पर आदेश पारित किया जायेगा, फिर पंचायती राज नियमावली के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीँ दूसरी तरफ जिला परिषद सदस्यों के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले खेमे के सदस्यों ने कहा की हमलोग सभी पार्षद एकजुट हैँ, जीत हमारी हीं होगी।

विभिन्न मांगों को ले आपदा मित्रों ने निकली तिरंगा यात्रा

भागलपुर। जिले भर में नियुक्त आपदा मित्र सदस्यों ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया है। इस यात्रा के दौरान आपदा मित्र सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि क्षेत्र इलाके में माह में तीस दिन ड्यूटी पर नियुक्ति व सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिये जाने की मांग को लेकर भारत माता जय हिंद के नारों के साथ अपनी आवाज बुलंद की है। इसी क्रम में आपदा मित्र सदस्यों ने जिला समाहरणालय के मुख्य गेट के समीप जमकर नारेबाजी की। वही आपदा मित्र सदस्यों का कहना है कि हम लोगों को पटना में ट्रेनिंग दिया गया था, जिसके बाद आपदा के समय में ड्यूटी लगाई जाती रही है, वही महीने में दो-चार दिन ही ड्यूटी विशेष परिस्थितियों में लगाई जाती है, और समय पर सैलरी भी नहीं दी जाती है। ऐसे में हम लोगों के परिवार का भरण पोषण हो पाना मुश्किल हो गया है। एक तरफ सरकार बेरोजगारी दूर करने को लेकर कई दाबे करती नजर आती हैं तो वही हम लोगों के साथ सौतेला व्यवहार करने का काम कर रही हैं। वही उन्होंने कहा कि राज्य भर में नियुक्त आपदा मित्र के रूप में तैनात मानव बल को सरकारी प्रणाली से जोड़ कर मासिक वेतन का लाभ दिया जाय जिससे परिवार का जीविकोपार्जन कर सकें। इस मौके पर सैकड़ों आपदा मित्र मौजूद थे।

अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन राशि लाभार्थियों के बीच किया गया वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा क्रियान्वित अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के लाभार्थियों को बुधवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में निर्धारित अनुदान राशि से संबंधित सावधि प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा भुवन कुमार मौजूद थे। इस क्रम में आज सुमन मोनिका आनंद, प्रेमलता कुमारी, बंदना कुमारी, पायल कुमारी, सुमन कुमारी तथा रोशनी कुमारी को अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत एक-एक लाख रुपए का चेक वितरित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम सभी लाभुकों को इन योजनाओं के तहत लाभान्वित होने की बधाई दी तथा उनसे अपील करते हुए कहा कि यदि उनके आसपास भी ऐसे कोई पात्र आवेदक हैं, तो उन्हें भी इस योजना के लाभ लेने के लिए आवेदन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि समाज में जाति प्रथा को समाप्त करने, दहेज प्रथा को हतोत्साहित करने तथा छुआछूत की भावना को समाप्त करने के साथ-साथ अंतजार्तीय विवाह करने वाली महिलाओं को आर्थिक दृष्टि से सबल बनाने के उद्देश्य से संचालित अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना तथा निःशक्त पुरूष से विवाह करने वाली सामान्य महिला या निःशक्त महिला से विवाह करने वाले सामान्य पुरूष अथवा निःशक्त स्त्री/पुरूष से विवाह करने वाले निःशक्त स्त्री/पुरूष को प्रोत्साहित करने एवं आर्थिक रूप से सबल बनाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा ने इन योजनाओं के प्रावधानों के संबध में अवगत कराते हुए कहा कि अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को अपनी शादी की तिथि से 02 साल के अंदर अपना आवेदन विहित प्रपत्र में जमा करना आवश्यक होगा।

आवश्यक दस्तावेज के रूप में निम्न शामिल है- (क) विवाह निबंधन प्रमाणपत्र (ख) जन्मतिथि प्रमाणपत्र (ग) जाति प्रमाणपत्र (घ) आवासीय प्रमाणपत्र (विवाहित दंपत्ति में से वर या वधु किसी एक को भी बिहार का निवासी होना अनिवार्य) (ड़). आधार कार्ड (च.)पासपोर्ट साईज फोटो (संयुक्त रूप से)। आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में वर के गृह जिले में भरे जाएंगे। यदि वर बिहार का निवासी नहीं है तो वैसी परिस्थिति में आवेदन पत्र वधू की ओर से उनके गृह जिले में भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि पति या पत्नी के रहते पुनर्विवाह करना या विवाह विच्छेद के बाद पुनर्विवाह करना अथवा एक जाति की उप जातियों के बीच विवाह को अंतजार्तीय विवाह नहीं माना जाएगा। इसी प्रकार, मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को अपनी शादी की तिथि से 02 साल के अंदर अपना आवेदन विहित प्रपत्र में जमा करना आवश्यक होगा। आवश्यक दस्तावेज के रूप में निम्न शामिल है- (क) 40 प्रतिशत दिव्यांगता के साथ दिव्यांगता प्रमाणपत्र (ख). विवाह निबंधन प्रमाणपत्र (ग) जन्मतिथि प्रमाणपत्र (घ) जाति प्रमाणपत्र (ड़) आवासीय प्रमाणपत्र (विवाहित दंपत्ति में से वर या वधु किसी एक को भी बिहार का निवासी होना अनिवार्य है अथवा बिहार में कम-से-कम 10 वर्षों से रह रहे हों) (च)आधार कार्ड (छ) पासपोर्ट साईज फोटो (संयुक्त रूप से) शामिल है। इन दोनों योजनाओं का आवेदन जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, विकास भवन, बेगूसराय में जमा किया जा सकता है। अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत पात्र लाभुक को 1,00,000 रुपए (एक लाख रुपए) मात्र का अनुदान प्रदान किया जाता है।

उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में चयनित लाभुकों के बीच 125.01 लाख रुपए का ऋण बांटा गया

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर।(24 जनवरी 2024)। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं उप सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना की उपस्थिति में संग्रहालय सभागार में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत चयनित लाभुकों के ऋणों की स्वीकृति एवं वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पीएमईजीपी, पीएमएफएमई तथा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना सहित तीनों योजना के 33 लाभूकों के बीच विशेष कैंप के माध्यम से 125.01 लाख रुपए के ऋण की स्वीकृति एवं वितरण किया गया। बृज किशोर चैधरी, उप सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित सभी बैंको के प्रतिनिधियों, उद्योग विभाग के पदाधिकारियों एवं योजना के अंतर्गत लाभान्वित युवक एवं युवतियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आज पीएमईजीपी योजना अंतर्गत 11 लाभुकों को कुल 66.09 लाख रुपए का ऋण, पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत 10 लाभुकों को कुल 43.11 लाख रुपए का ऋण तथा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत 10 लाभुकों को कुल 15.00 लाख रूपए के ऋणों की स्वीकृति/वितरण किया गया। तीनों योजनाओं में कुल 125.01 लाख रुपए के ऋणों की स्वीकृति एवं वितरण किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी जिला समन्वयकों को 31 जनवरी 2024 तक लक्ष्य प्राप्त कर लेने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना युवाओं के लिए अत्यंत ही लाभकारी योजना है, इसके माध्यम से आप न सिर्फ स्वयं आर्थिक रूप से सबल हो सकते हैं, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार मुहैया करा सकते हैं। कैम्प में उपस्थित सभी बैंको के जिला समन्वयक/प्रतिनिधियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि दिनांक 31.01.2024 तक पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजनान्तर्गत प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप ऋण की स्वीकृति/भुगतान कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को फरवरी, 2024 के प्रथम सप्ताह में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में अद्यतन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने उपस्थित युवा उद्यमियों से कहा कि यह योजना अत्यंत ही पारदर्शी है और इसके माध्यम से आपको स्वरोजगार हेतु 10 लाख तक की ऋण उपलब्ध करायी जाती है, जिससे युवा एवं महिलाएं अपना रोजगार प्रारंभ कर आर्थिक रूप से सबल हो अपने तथा अपने परिजनों का अच्छे से भरण पोषण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले के सभी युवा युवक युवतियों को सरकार द्वारा संचालित इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत ही पारदर्शी योजना है, जिसके माध्यम से आपकी कार्य योजना की जांच कर उसके अनुरूप शीघ्रता शीघ्र ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे आप अपने रोजगार की शुरूआत आसानी से कर सकें।

लोजपा रामविलास ने मनाई जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर 24 जनवरी2024)। बुधवार को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रधान कार्यालय तारापुर में जननायक स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर की 100 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ कार्यकताओं के बीच मनाया गया। गौरतलब है कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जयराम मंडल तो संचालन सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी द्वारा किया गया। जननायक कपूर्री जयंती के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में लोजपा के राष्ट्रीय सचिव मिथलेश कुमार सिंह उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव श्री सिंह ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर ने गरीबों, वंचितों ,शोषितों, पीड़ितों , दलितों, अल्पसंख्यकों, के लिए इन्होंने जीवन भर संघर्ष संघर्ष किया। इन्होंने आगे कहा कि जननायक के सिद्धांतों पर चल कर ही समरस समाज की स्थापना की जा सकती है। कपूर्री जी ने अपने सामाजिक और राजनीतिक जीवन में अंतिम सांस तक जो परिचय दिया बेमिसाल है। बिहार के उत्थान के लिए भी इन्होंने अनेकों बेहतर कार्य को किया है। ऐसे व्यक्ति से प्रभावित होकर देश के यशस्वी भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भारत रत्न का सम्मान देने का कार्य किया। जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न का सम्मान भारत सरकार द्वारा दिए जाने पर पूरे राज्य भर के लोगों ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया है। भारत रत्न दिए जाने को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री की भूरी - भूरी प्रशंसा करता है। युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सर्वेश कुमार ने कहा कि गुदरी के लाल, पिछड़ो शोषितों,किसानों के आवाज कपूर्री ठाकुर जी ने बिहार ही नहीं देश को दशा एवं दिशा देने का कार्य किया है।

डीएम ने सड़क सुरक्षा को ले किया बैठक

भागलपुर। परिक्षेत्र के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में स्थानीय समीक्षा भवन के सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की एक बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के क्रम में संबंधित पदाधिकारी को निदेश दिया गया है कि सड़क सुरक्षा अन्तर्गत वाहनों को सुरक्षित यातायत हेतु नियमों के मद्देनजर सावधानी के संबंध में विभिन्न माध्यमों से किये जा रहे प्रचार प्रसार के कार्य में वृहित पैमाने पर तेजी लाई जाय साथ ही बैठक में कहा गया है कि वैसे स्थल को चिन्हित किया जाय जहां प्रायः दुर्घटना घटित होता रहती है। वैसे स्थल को चिन्हित करते हुए दुर्घटना के कारणों की गहन समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है, ताकि उक्त कमियों को दूर कर दुर्घटना संबंधित कारणों का निदान हेतु यथोचित कार्रवाई की जा सकें। इस मौके पर उपस्थित पदाधिकारीयों को जानकारी दी गई है कि अच्छा मददगार व्यक्ति (गुड सेमेटरियन) उस व्यक्ति को कहा जाता है जो दुर्घटना में घायल व्यक्ति को स-समय चिकित्सा उपलब्ध कराने में सहायता करता है। ऐसे व्यक्तियों के लिए नियमानुसार पुरस्कार का भी प्रावधान है। वही बैठक से पूर्व जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन द्वारा मुख्यमंत्री परिवहन योजना अन्तर्गत चयनित 61 लाभुकों के बीच योजना संबंधि चयन पत्र का वितरण किया गया है। इस मौके पर जिला परिवहन के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

छात्र छात्राओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता हुई आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नागरपारा भागलपुर के प्रांगण में नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर कार्यक्रम दीप प्रज्वलन के साथ उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। इस मौके पर नवोदय के शिक्षक मजहर इकबाल, बी सी झा, छात्र निपुण, सुदर्शन, सुंदर, अरस्तु आदि ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों पर चलने की बात कही, साथ ही उन्होंने कहा कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ऐसे कई नारे दिए जिन्होंने आजादी की लड़ाई में नई जान फूंकी जैसे ह्यतुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगाह्न और जय हिन्द सहित ऐसे कई नारे लोगों को हथियार के रूप में दिये थे। उन्होंने आजादी की लड़ाई को एक नई दिशा देते हुए आजाद हिंद फौज की एक विशाल सेना खड़ी कर आंदोलन को तेज किया था। वही उनके जवान के सौर्य को लेकर पराक्रम दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय प्रांगण में पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय के अलावा स्वामी विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर बलाहा, सेंट केरेंस एंग्लो इंडियन स्कूल, सनशाइन पब्लिक स्कूल एवं अंजलि इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए थे। वही आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया था। इसी क्रम में प्रतियोगिता के विजेता हुए छात्रों में प्रथम स्थान पर स्वामी विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर के अंशिका नंदन, द्वितीय स्थान पर पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय भागलपुर की सुष्मिता गोरायन व तृतीय स्थान पर भावना प्रियदर्शी, पल्लवी कुमारी, साक्षी एवं वैभव प्रसाद रहे थे। वही सफल प्रतिभागियों को विद्यालय के प्राचार्य रोशन लाल ने संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी की जीवनी, उनके क्रांतिकारी विचार और उनका कठोर त्याग व बलिदान भारतीय युवाओं के लिए बेहद प्रेरणादायक रहा है, जिन्होंने अपने सौर्य पराक्रम के बदौलत देश को आजादी दिलाई थी।

समग्र सेवा संस्था ने छात्राओं को किया सम्मानित

भागलपुर। जिले भर में आयोजित राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिका सम्मान उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला कला केंद्र प्रांगण में समग्र सेवा के द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। इस दौरान कई विद्यालय के छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद थे। सम्मान समारोह के क्रम में संबंधित विद्यालय के 10 छात्राओं को सम्मानित किया गया। समग्र सेवा के शशि ने बताया कि आज वैसे 10 छात्राओं को सम्मान दिया गया जो शिक्षा पाने में असमर्थ रही हैं, उन्होंने आगे भी समग्र सेवा संस्था के द्वारा समय समय पर बच्चों को इस तरह का सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

चित्र व लेख प्रतियोगिता का किया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज नगर परिषद क्षेत्र में बालिका दिवस के अवसर पर भ्रष्टाचार मुक्त भारत मिशन सदस्यों द्वारा चित्र और लेख प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी पुतुल कुमार द्वारा सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया है। वही प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों में प्रथम आने वाली प्रतिभागी छात्रा रूबी कुमारी, द्वितीय स्वेता सुमन, और तृतीय मोनिका रानी शामिल है। इस मौके पर संस्था के पुतुल कुमार ने कहा है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत मिशन संस्था के निदेशक द्वारा इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजन से छात्राओं के बीच शिक्षा चेतना का मार्ग सुगमता के साथ विकसित होता दिख रहा है जो काफी सराहनीय प्रयास रहा है, वही उन्होंने कहा कि बालिका दिवस पर प्रत्येक घर में उत्सव के तरह मनाया जाना चाहिए, भ्रष्टाचार मुक्त भारत मिशन के सदस्या मधु कुमारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम को क्षेत्र के अन्य जगहों पर भी किए जा रहे है।वही भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निदेशक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी बालिकाओं को बधाई संदेश दिया गया है, और आगे बढ़ने की प्रेरणा छात्राओं को दी है। वही भ्रष्टाचार मुक्त भारत मिशन के निदेशक मनीष कुमार मिश्रा ने वीडियो के जरिए संबोधन करते हुए कहा है कि बालिका दिवस के दिन की सभी क्षेत्र की बालिकाओं को शुभकामनाएं एंव बधाई दी, साथ ही सुल्तानगंज थाना के महिला हेल्प डेस्क और थाना इंचार्ज के विषय में कहा कि अगर किसी तरह की समस्या व परेशानी हो तो सुल्तानगंज थाना में पहुंच कर संबंधित परेशानी को साझा करें जिससे उपस्थित महिला पदाधिकारी द्वारा दूर किया जा सकें।

लड़कियों को सशक्त बनाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना हम लोगों का कर्तव्य है: सचिव

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बैघनाथ बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय मुंगेर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मुक्तेश मनोहर ने किया। बैघनाथ बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय की बालिकाओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस के इतिहास और उपदेश की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना लड़कियों को सशक्त बनाना और लड़कियों के अधिकारों की रक्षा करना है। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मुक्तेश मनोहर ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य बालिकाओं में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना लड़कियों को सशक्त बनाना है बालिकाओं के अधिकार की रक्षा करना भी है। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक विनय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राजीव लोचन पैनल अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने भी बालिकाओं को संबोधित किया।

अपहरण मामले को लेकर पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

नवगछिया (भागलपुर)। नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र के इलाके में नव युवक और किशोर लगातार पैसे की चाहत में गलत कदम उठाते दिख रहे हैं। इस बाबत सरकार और पुलिस प्रशासन की ओर से कई तरह की जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर क्षेत्र इलाके में ग्रामीण युवाओं के बीच पहुंच कर जागरूक करने का काम किया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद किशोर व नव युवक पैसे व नशे की लत में आकर कई गलत काम में बुरी तरह से फँसते जा रहे हैं। वही ज्यादातर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ऑनलाइन गेम खेलने के अलावा कई गलत कारोबार के आदि हो चुके है। इसी कड़ी में तीन युवकों ने मिलकर मोटी रकम की लालच में आकर एक लड़की का अपहरण कर लिया और लड़की के परिजनों से उक्त युवकों ने 10 लाख रुपये की फिरौती मांग की गई थी।

राजद नेता द्वारा मनाया गया जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। शहर के लक्ष्मीपुर स्थित महागठबंधन के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह राजद नेता रामबाबू यादव के आवास पर जननायक कपूर्री ठाकुर का 100 वाँ जयंती मनाया गया। इस दौरान संबोधन करते हुए श्री यादव ने कहा कि स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर जी जन-जन के नेता थे, वे गुदरी के लाल थे। उनका जीवन हमेशा सादगी भरा रहा, अब ऐसे नेता विरले ही मिलेंगे। वे गरीबों के दिल में रहते थे और गरीबों के दर्द को अपना दुःख-दर्द समझते थे। वे दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहें, परंतु आज भी उनका घर वैसा ही है। उन्हें भारत रत्न मिलने पर हम सबमें काफी खुशी है। उक्त मौके पर राजेश साह, सुमित दास, संदीप यादव, रामपुकार ठाकुर, धुरंधर यादव, वीरेंद्र ठाकुर, अवधेश राय, सरफराज अहमद, कन्हैया महतो, रुस्तम अली, गंगा यादव, मुमताज खान, मनीष मिश्रा, एजाजुल हक, किशन ठाकुर, सलाउद्दीन दीवान एवं मो. आरिफ आदि मौजूद थे।

पटना में सम्मानित हुए बिहार लोक सेवा आयोग के टॉपर

प्रात : किरण संवाददाता

68वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा की अंतिम परिणाम सूची में स्थान पाने वाले टॉपर्स को आज पटना में आयोजित एक सेमिनार के दौरान सम्मानित किया गया। यह सेमिनार आज पीडब्लू ओनली आईएएस के पटना सेंटर पर आयोजित किया गया, जिसमें सौरव रंजन (रैंक 5), आकाश कुमार (रैंक 9), स्मृति आनंद (रैंक 29), अनुप्रिया कुमारी (रैंक 49) सहित 68वीं बीपीएससी परीक्षा के लगभग 10 टॉपर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव भी बीपीएससी तैयारी छात्रों से साझा की। इस ऊजार्वान सेमिनार का मुख्य उद्देश्य युवा अभ्यर्थियों को बीपीएससी तैयारी से जुड़े टॉपर्स के निजी अनुभव व अन्य जानकारियाँ प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना था, ताकि वे एक ईमानदार अभ्यर्थी होने के नाते परीक्षा की तैयारी से जुड़े आवश्यक तथ्यों की बारीकियों को सीख सकें। बीपीएससी की यात्रा के दौरान आने वाली अप्रत्याशित चुनौतियों को केवल वे ही समझ सकते हैं, जो स्वयं इससे गुजरे हैं और वे ही युवा अभ्यर्थियों को सर्वोत्तम/उचित मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं। यही कारण है कि पीडब्लू ओनली आईएएस ने इसे एक इंटरैक्टिव सत्र बनाया, जहाँ अभ्यर्थियों ने परीक्षा से जुड़ी अपनी आशंकाओं को टॉपर्स के सामने रखा और टॉपर्स ने ने अनुभवों के आधार पर छात्रों को उचित समाधान एवं मार्गदर्शन प्रदान किए। दिल्ली में सिविल सेवा उम्मीदवारों को मार्गदर्शन देने के उल्लेखनीय अनुभव के बाद, पीडब्लू ओनली आईएएस अब अपने क्षेत्रीय सेंटर्स पटना और लखनऊ में बहुत ही कम लागत पर यूपीएससी और राज्य पीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए गुणवत्तापूर्ण पाठ्यक्रम प्रदान कर रहा है। पिछले 3 वर्षों में पीडब्लू ओनली आईएएस ने अपने विभिन्न गाइडेंस कार्यक्रमों के माध्यम से 900 से अधिक टॉपर्स को मार्गदर्शन प्रदान किए हैं, इस मिशन में पीडब्लू ओनली आईएएस के सीईओ सुमित रेवड़ी की सक्रिय भूमिका रही है, जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा गाइडेंस के क्षेत्र में 8 वर्ष से अधिक का अनुभव प्राप्त है और इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों को उनके कठिन तथा ईमानदार प्रयासों के माध्यम से सिविल सेवा में शीर्ष पद अर्जित करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया है।

जननायक की जन्म शताब्दी पर सपा ने दिया धरना, सरकार व प्रशासन को जमकर कोसा

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जननायक कपूर्री की जन्म शताब्दी पर किसानों दलितों , बढ़ते अपराध व जिले के ज्वलंत समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी के सैकड़ो कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में आयोजित धरना के पूर्व सपाइयों ने महान समाजवादी नेता गुदड़ी के लाल जननायक के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया और कपूर्री के बहाने उपस्थित नेताओं ने सरकार और प्रशासन को जमकर कोसा। धरना स्थल से सभा को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि जननायक कपूर्री के बहाने अपनी सत्ता और चेहरा चमकाने वाले नेताओं ने बिहार में कपूर्री के विचारों व नीतियों की हत्या की है श्री यादव ने कहा की विकास का दम भरने वाली इस सरकार में मुंगेर जिला के कई दलित गांव जहां सड़क नहीं है, भूमिहीनों को बासगीत का पर्चा नहीं पर्चा धारी को कब्जा नहीं है अपराध और प्रशासनिक लाल फीता शाही चरम पर है , ऐसे अराजकता के बीच बिहार में कई पार्टियां कपूर्री को भुनाने के लिए घड़ियाल आंसू बहा रहे हैं और कपूर्री के लोग कराह रहे है राजनीति के इस विदूषक दौर में जिले के विकास एवं दलित मजदूर किसान नौजवानों के हक के लिए आंदोलन को हथियार बनाना होगा ।वही पार्टी के प्रधान महासचिव मनोज कुमार मधुकर ने कहा कि समाजवादी पार्टी निरंतर जिले में बढ़ते अपराध किसानों भूमिहीनों स्वास्थ्य शिक्षा सुरक्षा पुलिसिया तानाशाही भ्रष्ट प्रशासनिक व्यवस्था के विरुद्ध मुखर होकर लड़ता रहा है लेकिन समाजवाद का मौखौल उड़ाने वाली ये सुशासन के भ्रष्ट पदाधिकारी पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं जिसके विरुद्ध समाजवादी पार्टी आंदोलन जारी रखेगी। वही पार्टी के महासचिव मिथिलेश यादव अशोक भारत प्रवक्ता गणेश पोद्दार वरिष्ठ नेता सुरेश यादव गोपाल वर्मा आदि ने भी संबोधित कर जिला प्रशासन की अकर्मण्यता, पुलिसिया तानाशाही पर जमकर भड़ास निकाली । धरना के उपरांत एक शिष्टमंडल द्वारा 13 सूत्री मांगों का ज्ञापन जिला पदाधिकारी को सौंपा गया जो राज्यपाल के नाम था ।

रोहन बोपन्ना की ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में एंट्री

नई दिल्ली-ऑस्ट्रेलिया ओपन से भारत के लिए खुशखबरी है। दरअसल, दिग्गज खिलाड़ी रोहन बोपन्ना अपने पार्टनर मैथ्यू एब्डेन के साथ टूर्नामेंट के डबल्स में सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने सीधे सेटों में जीत दर्ज की है। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रोहन और एब्डेन की जोड़ी ने मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी की छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना की जोड़ी को मात दी है। इस तरह रोहन बोपन्ना मेन्स डबल्स टेनिस इतिहास में वर्ल्ड नंबर 1 बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। 43 साल की उम्र में बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के अंत तक नंबर 1 स्थान पक्का कर लिया है। वहीं बोपन्ना के सबसे सफल पार्टनर्स में से एक मैथ्यू एब्डेन का मेंस डबल्स रैंकिंग में नंबर 2 स्थान पर पहुंचना तय हो गया है। बता दें कि, मैथ्यू ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। एब्डेन ने यहां एक घंटे और 46 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना की मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की जोड़ी पर 6-4, 7-6 (5) से आसान जीत दर्ज की है। सेमीफाइनल में बोपन्ना और एब्डेन का मुकाबला गैर वरीय टॉमस मचाक और झिझेन झांग से होगा। चेक गणराज्य-चीन की इस जोड़ी ने पिछले हफ्ते की शुरुआत में मेलबर्न में तीसरे वरीय और यूएस ओपन चैंपियन राजीव राम और जो सैलिसबरी को दूसरे दौर में हराया था। इसके पहले अमेरिका के राजीव राम नंबर 1 पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे, जब उन्होंने अक्टूबर 2022 में 38 साल में अपने करियर में पहली बार टॉप रैंकिंग हासिल की थी। बोपन्ना ने 2013 में पहली बार वर्ल्ड नंबर-3 की अपनी सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की थी। वह लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा के बाद डबल्स में वर्ल्ड नंबर-1 बनने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं।

भारत की युवा ब्रिगेड के सामने आयरलैंड की आसान चुनौती

नई दिल्ली-भारत की युवा ब्रिगेड आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के दूसरे लीग मैच में गुरुवार को आयरलैंड से खेलेगी तो आने वाले कठिन मुकाबलों से पहले बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करने पर उसकी नजरें होंगी। भारत ने एकतरफा रहे पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया। अब आयरलैंड के खिलाफ उसके पास प्रयोग का मौका है क्योंकि अगले सप्ताह से सुपर सिक्स चरण में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा।आयरलैंड ने पहले मैच में अमेरिका को हराया लेकिन दूसरे मैच में बांग्लादेश से पराजय का सामना करना पड़ा। भारत के सामने चुनौती विरोधी टीम नहीं बल्कि अपने ही प्रदर्शन का स्तर बेहतर करने की होगी। आधुनिक दौर के क्रिकेट को ध्यान में रखकर बल्लेबाजों को अपनी शैली में सुधार करना होगा। कप्तान उदय सहारन ने पहले मैच में 64 और आदर्श सिंह ने 76 रन बनाये लेकिन उनका स्ट्राइक रेट क्रमशः 79 और 68 रहा जो आधुनिक समय में अस्वीकार्य है।

मुझे नहीं लगता कि हम अपराजेय हैं

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पूर्व बोले रोहित शर्मा

हैदराबाद, एजेंसी-भारतीय टीम को उसकी धरती पर हराना भले ही दुरूह हो लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को कहा कि उनकी टीम 'अपराजेय नहीं है और इंग्लैंड को पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला मे हराने के लिए उसे लगातार अच्छा क्रिकेट खेलना होगा।

भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट कल 25 जनवरी से यहां शुरू हो रहा है। रोहित ने कहा कि उनका मूल फोकस टीम की रणनीति पर होगा। भारत को आखिरी बार अपनी धरती पर 2012 में एलेस्टेयर कुक की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम ने टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से हराया था। उसके बाद से भारत ने लगातार 16 श्रृंखलायें जीती है जिनमें सात में 'क्लीन स्वीप किया है।

रोहित ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम अपराजेय हैं। हम ऐसा सोचना नहीं चाहते। पिछले एक दशक में जो भी रिकॉर्ड हो, वह इस बात की गारंटी नहीं है कि हम यह श्रृंखला भी जीतेंगे। हमें इसके लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

रोहित ने यह भी कहा कि केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मिली जीत से टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा, 'केपटाउन में मिली जीत अच्छी थी लेकिन यह मैच हैदराबाद में है। हालात अलग हैं और विरोधी टीम भी। लेकिन उस जीत से आत्मविश्वास काफी बढ़ा है जो इस श्रृंखला में काम आएगा।

पहले दो मैचों में कोहली की जगह लेगे रजत पाटीदार

नई दिल्ली-दाएं हाथ के बल्लेबाज रजत पाटीदार को बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ भारत के पहले दो टेस्ट मैचों में विराट कोहली की जगह दी गई है। पाटीदार ने 21 दिसंबर 2023 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था, जहां उन्होंने मेन इन ब्लू के लिए ओपनिंग की और 16 गेंदों में 137.50 की स्ट्राइक रेट के साथ 22 रन बनाए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों के हवाले से जानकारी सामने आई है।

पिछले हफ्ते पाटीदार भारत ए टीम के लिए खेले और अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 151 रन बनाए। दाएं हाथ का बल्लेबाज इस समय अपने फॉर्म में है जिससे मेजबान टीम को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में मदद मिलेगी। हालांकि 30 वर्षीय बल्लेबाज ने अभी तक भारत के लिए टेस्ट में डेब्यू नहीं किया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पाटीदार ने 12 मैच खेलकर 40.4 की औसत और 144.29 की स्ट्राइक रेट से 404 रन बनाए।

सोमवार को बीसीसीआई ने घोषणा की कि भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों से हट गए हैं। बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान में कहा, विराट कोहली ने निजी कारणों का हवाला देते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के पहले दो टेस्ट से हटने का अनुरोध किया है। आगे कहा गया, बीसीसीआई मीडिया और प्रशंसकों से अनुरोध करता है कि वे इस दौरान विराट कोहली की गोपनीयता का सम्मान करें और उनके व्यक्तिगत कारणों की प्रकृति पर अटकलें लगाने से बचें। ध्यान भारतीय क्रिकेट टीम के समर्थन पर रहना चाहिए क्योंकि वे टेस्ट श्रृंखला में आगामी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

पहले 2 दिन नहीं मिलेगी टर्न, टॉस निभाएगी मुख्य भूमिका: द्रविड़

हैदराबाद-भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को उम्मीद है कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए पिच 'अच्छी% होगी, लेकिन खेल के आगे बढ़ने के साथ ही इससे स्पिनरों के लिए ज्यादा मदद होगी। टेस्ट मैच से 2 दिन पहले पिच काफी सूखी दिख रही थी खास कर दोनों छोर के गुड लेंथ क्षेत्र के आस-पास।

द्रविड़ ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिच के बारे में अभी कुछ कहना मुश्किल है। जब मैच शुरू होगा हम तब इसके बारे में पता करेंगे। मैंने जो देखा है उसमें यह पिच अच्छी दिख रही है। उन्होंने कहा कि पिच से हालांकि स्पिनरों को टर्न मिलेगा। कितनी जल्दी और कितनी तेजी इस बारे में मैं अभी कुछ नहीं कह सकता हूं। खेल जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा निश्चित रूप से गेंद को अधिक टर्न मिलेगी।

दूसरी ओर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने भी पिच के बारे में चर्चा की है। उन्होंने कहा कि हमने पिच पर चर्चा की है। हम इसे लेकर ज्यादा चिंतित नहीं है। हमारे समूह में इतना आत्मविश्वास है कि हम कुछ खास कर सकते हैं। हमारे पास स्पिनर है, हमारे पास तेज गेंदबाज हैं, हमारे पास अच्छे बल्लेबाज हैं और हाल के दिनों में हमारा प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह काफी मुश्किल होगा क्योंकि हम ऐसी पिचों पर खेलने के आदी नहीं है। हमें इसका तरीका ढूंढना होगा। वुड ने कहा कि हम खुद को इन पिचों के मुताबिक ढालेंगे। हमारे पास ऐसा कप्तान है जो हमेशा मैच को आगे ले जाने की सोचता है। ऐसे में यह मनोरंजक श्रृंखला होगी। इंग्लैंड के बल्लेबाजों के हालांकि यह इतना आसान नहीं होगा।हैदराबाद क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने बताया कि हमारे पास पिच तैयार करने के लिए पर्याप्त समय है। इससे बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद मिलेगी, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, इसमें बदलाव आएगा। मुझे लगता है कि खिलाड़ियों के पास इन परिस्थितियों के मुताबिक खुद को ढालने का पर्याप्त अनुभव है। भारतीय खिलाड़ी ने गुरुवार को यहां नेट अभ्यास सत्र में भाग लिया। टीम के लिए यह वैकल्पिक सत्र था लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को छोड़कर सभी खिलाड़ियों ने 2 घंटे से अधिक के इस सत्र में भाग लिया।

इंग्लैंड ने किया प्लेइंग 11 का ऐलान, 24 वर्षीय स्पिनर करेगा डेब्यू

हैदराबाद- इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाने वाले पहले टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन की पुष्टि कर दी है। मेहमान टीम 24 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले को पदार्पण का मौका मिला है, जबकि वीजा मिलने में देरी के कारण शोएब बशीर को मुकाबले से बाहर कर दिया गया है। वह अभी तक भारत में टीम में शामिल नहीं हुए हैं लेकिन श्रृंखला की शुरुआत के दौरान उनके देश पहुंचने की उम्मीद है। हार्टले ने अब तक अपने करियर में 20 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं और 40 विकेट लिए हैं, जिसमें उनके नाम पांच विकेट हैं।

प्लेइंग इलेवन की बात करें तो, टॉम हार्टले के अलावा रेहान अहमद और जैक लीच लाइन-अप में अन्य दो स्पिनर हैं जबकि पूर्व कप्तान जो रूट का टीम में चौथा स्पिनर बनना तय है। दिलचस्प बात यह है कि मार्क वुड के रूप में केवल एक तेज गेंदबाज को सीरीज के शुरुआती मैच के लिए टीम में जगह मिली है जबकि जेम्स एंडरसन के नाम पर हैदराबाद टेस्ट के लिए विचार नहीं किया गया है।

कप्तान स्टोक्स अपने घुटने की समस्या के कारण विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलने के लिए तैयार हैं, जबकि जैक क्रॉली और बेन डकेट पारी की शुरुआत करना जारी रखेंगे जबकि ओली पोप तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। रूट अपना पसंदीदा नंबर चौथा स्थान लेंगे जबकि दो विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो और बेन फोक्स क्रमशः पांचवें और सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि ईसीबी ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं किया है कि विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी कौन संभालेगा। लेकिन फॉक्स अब तक इस भूमिका के लिए सबसे संभावित उम्मीदवार दिखते हैं। बशीर और एंडरसन के अलावा अन्य खिलाड़ी ओली रॉबिन्सन और गस एटकिंसन हैं जो पहले टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे।

भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फॉक्स, रेहान अहमद, मार्क वुड, टॉम हार्टले, जैक लीच

इंग्लैंड ने बैजबॉल खेला तो मैच डेढ़ या दो दिन में खत्म हो सकता है: सिराज

हैदराबाद- इंग्लैंड के खिलाफ बहुप्रतीक्षित टेस्ट सीरीज की पूर्व संध्या पर भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का मानना है कि अगर मेहमान टीम अपने इरादे (बैजबॉल रणनीति) पर अड़ी रही तो मैच डेढ़ या दो दिन में खत्म हो सकता हैं। इंग्लैंड ने आखिरी बार 12 साल पहले भारत में टेस्ट सीरीज जीती थी, जहां एलिस्टर कुक कप्तान थे और स्पिनर ग्रीम स्वान और मोंटी पनेसर के साथ केविन पीटरसन ने 2-1 की जीत में प्रमुख भूमिका निभाई थी। 2021 के दौरे में इंग्लैंड ने चेन्नई में शुरुआती टेस्ट जीता था, लेकिन अगले तीन मैट हारकर भारत से श्रृंखला 3-1 से हार गई।

2012 में इंग्लैंड से 2-1 से हारने के बाद भारत 16 घरेलू टेस्ट श्रृंखलाओं में अजेय है। इस बीच बेन स्टोक्स-ब्रेंडन मैकुलम नेतृत्व समूह के तहत इंग्लैंड ने अभी तक एक भी टेस्ट श्रृंखला नहीं हारी है। सिराज ने जियोसिनेमा पर कहा, अगर इंग्लैंड भारतीय परिस्थितियों में बैजबॉल खेलता है, तो मैच डेढ़ या दो दिन में खत्म हो सकता है। यहां हर बार हिट करना आसान नहीं है क्योंकि गेंद कभी-कभी मुड़ती है और अन्य मौकों पर सीधी जाती है। इसलिए मुझे लगता है कि यहां बैजबॉल को देखना मुश्किल होगा। लेकिन अगर वे इसे खेलते हैं, तो यह हमारे लिए अच्छा होगा क्योंकि मैच जल्दी खत्म हो सकता है।

केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के आखिरी टेस्ट में, जो इस प्रारूप के इतिहास का सबसे छोटा मैच भी है, सिराज ने प्रोटियाज बल्लेबाजों को 6/15 के शानदार स्पैल से ध्वस्त कर दिया। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट की तैयारी को ध्यान में रखते हुए उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ टी20ढ्ढ से आराम दिया गया।

रनों पर नियंत्रण रखना मेरा लक्ष्य

सिराज ने कहा, भारत के उनके पिछले दौरे पर, मैच जल्दी खत्म हो रहे थे। उस श्रृंखला में (2021 में) मुझे लगता है कि मैंने दो मैच खेले। इनमें से एक की पहली पारी में मैंने पांच ओवर फेंके और जो रूट और जॉनी बेयरस्टो के विकेट लिए। इसलिए मैं जितने भी ओवर फेंकूं, उसमें रनों पर नियंत्रण रखना मेरा लक्ष्य होगा। अगर मुझे विकेट मिलते हैं तो ठीक है, लेकिन मुझे धैर्य रखना होगा और बल्लेबाजों पर दबाव बनाना जारी रखना होगा। मैं हैदराबाद में अपने सभी प्रशंसकों का इंतजार कर रहा हूं। खेल के लिए आएं। हम उनसे बहुत प्यार करते हैं और उनके समर्थन की आशा करते हैं।

निरंतरता को प्रदर्शन का श्रेय दिया

सिराज ने खेल की विभिन्न परिस्थितियों और प्रारूपों में अच्छी तरह से ढलने के लिए अपने प्रदर्शन में निरंतरता को भी श्रेय दिया। उन्होंने कहा, मैं नई गेंद से गेंदबाजी करता हूं, इसलिए मेरी लाइन और लेंथ वही रहती है। मैं चीजें नहीं बदलता, चाहे वह सफेद गेंद हो या लाल। आपको पांच-छह मीटर की लैंथ में गेंदबाजी करनी होगी, क्योंकि नई गेंद के साथ आपको विकेट हासिल करने के लिए इसे पिच करना होगा। उन्होंने कहा, अगर गेंद स्विंग नहीं करती है, तो आपको लंबाई को थोड़ा समायोजित करना होगा। इसलिए मैं निरंतरता खोजने की कोशिश करता हूं और नई गेंद को उसी स्थान पर पिच कराता रहता हूं। चाहे वह नई गेंद हो या पुरानी, मैं इसी पर ध्यान केंद्रित करता हूं। उस निरंतरता ने मुझे अब तक विकेट लेने में मदद की है।

मैदान के अंदर अपने स्वभाव पर बोले सिराज

मैदान के अंदर और बाहर अपने स्वभाव में अंतर के बारे में सिराज ने कहा, एक तेज गेंदबाज के रूप में मुझे गुस्सा आता है जब कोई मुझे चौका मारता है। मुझे ऐसा लगता है कि मैं उनका हेलमेट तोड़ दूं या अगली गेंद पर उन्हें आउट कर दूं। इसलिए मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि मैं हमेशा उत्साहित रहूं और बल्लेबाज को डर महसूस कराऊं। 25 जनवरी को हैदराबाद में पहले मैच के बाद भारत और इंग्लैंड श्रृंखला के अन्य मैच विशाखापत्तनम (2-6 फरवरी), राजकोट (15-19 फरवरी), रांची (23-27 फरवरी) और धर्मशाला (7-11 मार्च) में खेलेंगे।

वेस्टइंडीज से भिड़ने के लिए ऑस्ट्रेलिया ने टी20 टीम की घोषणा की

नई दिल्ली- क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को आगामी तीन मैचों की श्रृंखला में वेस्टइंडीज के खिलाफ 14 सदस्यीय टी20आई टीम की घोषणा की, जो 9 फरवरी से शुरू होगी। बल्लेबाजी ऑलराउंडर मिशेल मार्श को कप्तान बनाया गया है जबकि ग्लेन मैक्सवेल की वापसी हुई है। टेस्ट और वनडे फॉर्मेट से संन्यास ले चुके डेविड वॉर्नर को टी20 टीम में शामिल किया गया है। वॉर्नर के अलावा टिम डेविड और मार्कस स्टोइनिस को भी टीम में रखा गया है। फरवरी के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20आई श्रृंखला से पहले अपने कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और स्टीव स्मिथ को आराम दिया गया है। 2022 में आरोन फिंच के टी20आई से संन्यास लेने के बाद ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने अभी तक 20 ओवर के प्रारूप में अपने स्थायी कप्तान की पुष्टि नहीं की है। दक्षिण अफ्रीका पर 3-0 की जीत के दौरान मार्श ने ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व किया। हालांकि विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने भारत दौरे के दौरान टीम की कमान संभाली। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी 50 ओवर की श्रृंखला से आराम देने के बाद कैरेबियाई टीम का सामना करने के लिए टी20 टीम में शामिल किया गया है। चूंकि हेजलवुड इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 की नीलामी के दौरान अनसोल्ड रहे, इसलिए वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला 33 वर्षीय खिलाड़ी के लिए विश्व कप से पहले 20 ओवर के प्रारूप में खेलने का आखिरी मौका होगा।

संक्षिप्त समाचार

लट्टू, हाथी-घोड़े से खेलेंगे 5 साल के रामलला

गर्भगृह में रखे गए हैं सोने-चांदी से बने कई खिलौने

अयोध्या (एजेंसी)। वनवास के बाद भगवान राम के महल लौटने का दृश्य तुलसी कुछ यूं खींचते हैं, 'होहिं सगुन सुभ बिबिधि बिधि बाजहिं गगन निसान। पुर नर नारि सनाथ करि भवन चले भगवान।' (विविध प्रकार के शुगन हो रहे हैं, आकाश में नगाड़े बज रहे हैं। नर-नारियों को अपने दर्शन से धन्य कर भगवान राम अपने महल में चले।) शताब्दियों की प्रतीक्षा के बाद सोमवार को अयोध्या का दृश्य यही था। सोमवार को रामलला अपने भव्य महल में स्थापित हुए। परिसर विभिन्न वाद्ययंत्रों की ध्वनि से गूंज उठा तो आकाश से हेलिकॉप्टरों के जरिए पुष्प भी बरसे। रामलला को जिन आभूषणों और वस्त्रों से सजाया गया है, उनका निर्माण अध्यात्म रामायण, वाल्मीकि रामायण, श्रीरामचरितमानस और आलवन्दार स्त्रोत में वर्णित राम की शोभा के अनुसार हुआ है। आभूषण लखनऊ के एक ज्वेलर्स अंकुर आनंद ने तैयार करवाए हैं। पीतांबर धोती और लाल रंग का पटुका या अंगवस्त्रम वाराणसी से आया है। इन पर सोने की जरी व तारों से वैष्णव मंगल चिह्न- शंख, पद्म, चक्र और मयूर अंकित हैं। इन्हें अयोध्या धाम में रहकर ही दिल्ली के डिजाइनर मनीष त्रिपाठी ने बनाया है। खेलने के लिए खिलौने भी रखे गए हैं। खिलौने- रामलला यहां पांच साल के बालक के रूप में विराजमान हैं, इसलिए उनके खेलने के लिए चांदी का झुनझुना, हाथी, घोड़ा, ऊंट, लट्टू और खिलौना गाड़ी भी गर्भगृह में उनके पास रखी गई है। मुकुट- इसे किरीट भी कहा जाता है। सोने के मुकुट में माणिक्य, पन्ना व हीरा जड़ा है। बीच में सूर्य अंकित है। मुकुट के दाईं ओर मोतियों की लड़ियां पिरोई गई हैं। कुंडल- मयूर आकृति का यह आभूषण भी सोना, हीरा, माणिक्य और पन्ने से बना है। कंठा- गले में पहनाए गए अर्धचंद्राकार आभूषण में मंगल का विधान रचते पुष्प व सूर्यदेव बने हैं। कंठे के नीचे पन्ने की लड़ियां बनी हैं। रंग-बिरंग फूलों की आकृति वाली वनमाला भी धारण करवाई गई है। हृदय पर मणि- रामलला ने हृदय पर कौस्तुभमणि धारण की है, जिसे एक बड़े माणिक्य और हीरों के अंलकरण से सजाया गया है। यह माना जाता है कि भगवान विष्णु व उनके अवतार इस मणि को धारण करते हैं। स्वर्ण वैजयंती माला भी पहने हैं, जिस पर कमल, चंपा, पारिजात और तुलसी का अंकन है। पदिक- नाभिकमल के ऊपर यह हार पहनाया गया है। इसे पंचलड़ा भी कहते हैं, हीरे व पन्ने की इसमें पांच लड़ियां हैं, जिसके नीचे अलंकृत पेंडेंट लगा है। कमर में रत्न जनित करधनी है, जिसमें छोटी-छोटी पांच घंटियां भी लगी हैं। दोनों बाहों में रत्नजणित भुजबंद और कंगन भी पहने हैं। अंगुलियों में मोतियों की लटकन वाली अंगूठियां हैं। पैरों में छड़ा व पैजनियां हैं। चरणों के नीचे कमल है, जिस पर सोने की माला सजाई गई है। धनुष-बाणः बाएं हाथ में सोने का धनुष और दाएं हाथ में बाण है।

दिल्ली में पुरानी कार वालों के लिए गुड न्यूज

अब पुरानी कबाड़ में दीजिए, नई पर मिलेगी छूट

नई दिल्ली (एजेंसी)। यदि आप दिल्ली में रहते हैं और आपके पास 15 सा पुरानी पेट्रोल कार या 10 साल पुरानी डीजल कार है तो आपके लिए गुड न्यूज है। दिल्ली सरकार ने कबाड़ हो चुके वाहनों को स्क्रैप करने के लिए प्रोत्साहित करने का फैसला किया है। इसके अंतर्गत दिल्ली सरकार ने बेहतर उत्सर्जन मानकों वाले उनके नए गाड़ियों पर रोड टैक्स में 50,000 रुपये तक की सब्सिडी देने का फैसला किया है। अधिकारियों ने कहा कि ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने वाहनों को स्क्रैप करने पर एक मसौदा नीति तैयार की है। इसे सुझाव आमंत्रित करने के लिए जल्द ही जनता के सामने रखे जाने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि नीति को फिलहाल मंजूरी के लिए दिल्ली सरकार के वित्त विभाग को भेजा गया है। इसकी वजह है कि इसमें सब्सिडी के रूप में सार्वजनिक धन का खर्च शामिल है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि अपनी समय सीमा पूरी कर चुके बड़ी संख्या में वाहन शहर की सड़कों पर चल रहे हैं। ये वाहन पर्यावरण को प्रदूषित कर रहे हैं। परिवहन विभाग ने पहले ऐसे वाहनों को जब्त करना और उन्हें कबाड़ियों के पास भेजना शुरू कर दिया था। हालांकि, दिल्ली हाई कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद इस कवायद को रोकना पड़ा। कोर्ट के निर्देश पर अब सरकार ने वाहनों की स्क्रैपिंग पर पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। एक अधिकारी ने कहा, कॉमर्शियल और प्राइवेट वाहनों पर छूट के अलग-अलग स्लैब हो सकते हैं। नियमों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 15 साल पुराने किसी भी पेट्रोल वाहन और 10 साल पुराने डीजल वाहन को चलने की अनुमति नहीं है। सांख्यिकी पुस्तिका - 2023 के अनुसार, 2021-22 और 2022-23 में राजधानी में लगभग 55 लाख वाहनों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया गया था। हालांकि, केवल 1.4 लाख वाहनों को स्क्रैप किया गया, जबकि मालिकों ने 6.3 लाख वाहनों को एनसीआर से बाहर रजिस्टर्ड करने के लिए ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया था। एक अधिकारी ने कहा कि यह दर्शाता है कि लोग अभी भी अपने पुराने वाहनों को रखे हुए हैं, या तो उन्हें बेधड़क चलाया जा रहा है। इससे वायु गुणवत्ता संबंधी चिंताएं बढ़ रही हैं। इसके साथ ही ऐसी गाड़ियां आवासीय क्षेत्रों या पार्किंग स्थलों में खड़ी की जा रही हैं। अधिकारी ने कहा कि नई नीति लोगों को पुराने और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को हटाने और नए वाहन खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए लाई जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि लोगों को अपने वाहनों को स्क्रैप करने पर %जमा प्रमाणपत्र% जारी किया जाएगा। इसे रोड टैक्स में छूट का लाभ उठाने के लिए नया वाहन खरीदते समय रजिस्ट्रेशन कागजात के साथ संलग्न करना होगा। ये सर्टिफिकेट कुछ वर्षों तक वैध रहेगा। अधिकारियों ने कहा कि रोड टैक्स में रियायत केवल उसी श्रेणी के वाहनों के लिए दी जाएगी जिन्हें स्क्रैप किया जाएगा।

हरियाणा रोडवेज के ड्राइवर को बस में आया हार्ट अटैक

कंडक्टर ने थामा स्टीयरिंग और बचाई 20 यात्रियों की जान

करनाल (एजेंसी)। हरियाणा के करनाल जिले में नैशनल हाइवे पर मंगलवार रात को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दरअसल चंडीगढ़ से पलवल की ओर जा रही हरियाणा रोडवेज की बस के ड्राइवर को चलती बस में हार्ट अटैक आ गया। जिसके बाद बस में अफरा तफरी मच गई। लेकिन वहां पर परिचालक ने सुझबुझ का परिचय दिया। उसने बस का स्टीयरिंग थामा और उसे साइड पर लगा दिया। बस परिचालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने में टल गया। इसके बाद घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ड्राइवर को स्थानीय अस्पताल में दाखिल करवाया गया। बस परिचालक नरेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार के रात करीब साढ़े 11 बजे हरियाणा रोडवेज पलवल डिपो की बस सवारियों को लेकर फरीदाबाद के लिए रवाना हुई थी। जैसे ही अल सुबह करीब 2 बजे बस घरौंडा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने ओवर ब्रिज पर पहुंची तो अचानक ही बस ड्राइवर प्रताप की तबियत बिगड़ गई है। देखते ही देखते प्रताप चलती बस में ड्राइवर सीट पर ही बेहोश हो गया। परिचालक नरेंद्र ने बताया है वह उसके समीप ही कंडक्टर सीट पर बैठा था। जैसे ही बस का संतुलन बिगड़ा और बस डिवाइडर पर चढ़ गई तो बस में बैठी सवारियों में अफरा तफरी मच गई। हादसे के समय करीब 20 सवारियां बस में मौजूद थी। उसने सूझबूझ का परिचय देते हुए स्थिति को संभाला और प्रताप का हालत देखते हुए झट से बस का स्टीयरिंग थाम लिया। उसने चलती बस को समान्य हालत में लाते हुए बस सवारियों की मदद से प्रताप को ड्राइवर सीट से बाहर निकाला और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। बस को साइड में लगाकर बेहोश अवस्था में चालक प्रताप को घरौंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बस में बैठी सवारियों को अन्य बस के माध्यम से गतन्वय तक पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू कर दिया और अब बस चालक की हालत ठीक बताई जा रही है।

अब लता की आवाज में सुनें 'मेरे राम आएंगे' भजन

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा 'एआई' से बना यह मनमोहक गाना

नई दिल्ली (एजेंसी)। सोशल मीडिया पर इन दिनों स्वर कोकिला स्वर्गीय लता मंगेशकर की आवाज में मेरे राम आएंगे वायरल हो रहा है। इसके पहले की आप कुछ और सोचें, हम बता दें कि यह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (AI) की मदद से तैयार किया गया है लेकिन यह मनमोहक आवाज में यह गाना लोगों को बहुत पसंद रहा है। टेक्नोलॉजी की मदद से आज की तारीख में क्या संभव नहीं है। रामलला की मूर्ति का एआई वीडियो पिछले दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। उनकी मूर्ति का तैयार किया गया जीवंत स्वरूप लोगों को पसंद आया। वहीं अब स्वर कोकिला स्वर्गीय लता मंगेशकर की आवाज में मेरे राम आएंगे गाना हर तरफ छा गया है। इस गाने को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से तैयार किया गया है। यह मनमोहक गीत सोशल मीडिया तेजी से वायरल हो रहा है। इस गाने की इतनी मधुर आवाज है कि आप भी इसे एक बार सुनकर दोबारा सुने बिना नहीं रह पाएंगे। वैसे तो एआई की मदद से बनाए गए कई वीडियोज हमें स्क्रॉल करते हुए दिख जाते हैं लेकिन ये वाकई बेहद अलग और खास है। लता मंगेशकर भले ही अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन उनके गाने हमें हमेशा उनके होने का एहसास कराते हैं और यह रीक्रिएशन भी कुछ ऐसा ही है। पहली बार में सुनकर शायद आपको विश्वास भी ना हो कि यह गाने का एआई वर्जन है। इस गाने को अब तक 65 हजार व्यूज मिल चुके हैं और यह आंकड़ा काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। गाने को यूजर्स जमकर लाइक भी कर रहे हैं। यू-ट्यूब पर अपलोड किए गए इस गाने पर कई लोग कॉमेंट भी कर रहे हैं। एक शख्स ने लिखा है- जीवंत हो गई अमर लता मंगेशकर की मधुर वाणी, धन्यवाद बहुत बहुत धन्यवाद आपका। एक और यूजर ने लिखा है-एआई उनकी आवाज की एसेंस तो कॉपी कर सकती है लेकिन वो इमोशनल नोट्स नहीं कॉपी कर सकती है खासकर उनके आवाज की मिठास।

छात्रा ने अपने प्रेमी संग रची खुद के किडनैपिंग की साजिश

भागलपुर (एजेंसी)। बिहार में प्यार, अपहरण और फिरौती से जुड़ा चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिला नवगछिया में ये हैरान करने वाला केस सामने आया है। यहां एक लड़की ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर खुद के अपहरण की साजिश रच डाली। फिर अपने नाना से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगने लगी। जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए साजिश में शामिल लड़की और उसके प्रेमी सहित उसके दो अन्य दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। गिरफ्तार तीनों युवक नवगछिया के श्रीपुर के आयुष कुमार, आशीष कुमार और गौरव कुमार है। पूरा मामला नवगछिया थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 में रहने वाले अशोक ने 20 जनवरी को नवगछिया थाने में आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनकी नतिनी सुबह 10 बजे बनारसी लाल कॉलेज के लिए निकली थी। वो शाम 7-00 बजे तक घर नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू की। पहले कॉलेज गए वहां कुछ पता नहीं चला। इसके बाद जिस कोचिंग में वह पढ़ती है, वहां गए और पूछताछ की। कोचिंग संचालक ने बताया कि वो कोचिंग नहीं आई थी। इसके बाद सगे-संबंधियों से पूछताछ की गई। जब कुछ पता नहीं चला तो नवगछिया थाने में गुमशुदगी का आवेदन दिया। अशोक ने बताया कि 21 जनवरी को अपहर्ताओं ने उनकी नतिनी के मोबाइल से फोन किया और 10 लाख रुपये फिरौती देने की मांग रखी। अगर इसकी सूचना पुलिस को दी तो हत्या करने की धमकी भी दी गई। उन्होंने जब पूछा कि रुपए कहां पर देना तो अपहर्ताओं ने कहा कि इसकी सूचना बाद में देंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए नवगछिया एसपी सुशांत कुमार सरोज ने तत्काल एक टीम का गठन किया और आरोपियों के संभावित ठिकानों पर टीम ने छापेमारी की।

दिल्ली में 22 साल के युवक की चाकू मारकर हत्या

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली से सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां आनंद पर्वत क्षेत्र में 22 साल के लड़के की दिनदहाड़े चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोपी मृतक के पड़ोस में रहता है और डिलीवरी का काम करता है। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी और मृतक के बीच तीखी बहस हुई थी। इसके बाद शख्स की हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जायजा लिया। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मामले में जांच की जा रही है। वहीं घटना की खबर से आस-पड़ोस के लोगों में दहशत है। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही हत्या में इस्तेमाल हुआ चाकू भी बरामद कर लिया गया है। वहीं मृतक की पहचान कमल के रूप में हुई है। वह दिल्ली के पटेल नगर में पंजाबी बस्ती में रहता था। आरोपी का नाम सूरज है, वह डिलीवरी बॉय है। वह कमल का पड़ोसी था। आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। उसने पुलिस पूछताछ में खुलासा किया कि घटना के समय क्या हुआ था? आखिर उसने कमल की हत्या क्यों की। आरोपी सूरज ने पुलिस को बताया कि उसकी सूरज के साथ तीखी बहस हो गई थी। बहस बाद में गाली-गलौज में बदल गई। इसके बाद बात मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान उसने आपा खो दिया और आवेश में आकर कमल पर चाकू से हमला बोल दिया। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी को फौरन पास के एक अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मामले में आरोपी सूरज के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पाकिस्तान में चुनाव से पहले अल्पसंख्यक उम्मीदवारों को वोट न देने के फतवे जारी

इस्लामाबाद, एजेंसी। पूरी दुनिया जहां तकनीक और विकास के पीछे भाग रही है वहीं पाकिस्तान अभी भी धार्मिक मुद्दों में फंसा हुआ है । पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने वाली घृणित प्रसार शुरू होने से 8 फरवरी के आम चुनाव से पहले चिंताएं बढ़ गई हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस संबंध में कराची स्थित मदरसा द्वारा एक फतवा जारी किया गया वहीं, फेसबुक और एक्स प्लेटफार्मों पर फिर से एक पोस्ट सामने आया है जिसमें सुझाव दिया गया है कि मतदाता अल्पसंख्यकों के मुकाबले मुस्लिम उम्मीदवारों को प्राथमिकता देते हैं।

द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार फतवा जामिया उलूम इस्लामिया न्यू टाउन द्वारा जारी किया गया था। इसे जामिया बिनोरी टाउन

के नाम से जाना जाता है, जो गुरु मंदिर क्षेत्र के पास स्थित है। इस धार्मिक स्कूल को शहर के सबसे प्रभावशाली मदरसों में से एक माना जाता है। अल्पसंख्यक अधिकार कार्यकर्ता चमन लाल ने फेसबुक पर बिना तारीख वाले फरमान की एक तस्वीर साझा करते हुए कहा, %एक फतवा जारी किया जाता है कि दस लाख से अधिक अल्पसंख्यकों की आबादी से वोट लेना जायज है, लेकिन आज एक फतवा जारी किया गया है कि आम चुनाव में अल्पसंख्यक उम्मीदवारों को वोट देने की अनुमति नहीं है।

फतवा इस सवाल के बाद जारी किया गया क्या इस्लामी कानूनों के तहत गैर-मुस्लिम उम्मीदवार को वोट देने की अनुमति है? प्रश्न में आगे कहा गया कि एक प्रमुख राजनीतिक दल ने बेहतर मुस्लिम उम्मीदवार की उपस्थिति में सामान्य सीट के लिए एक हिंदू को नामांकित किया था, भले ही गैर-मुसलमानों के लिए आरक्षित सीटें थीं. जनता जानना चाहती है कि क्या इस स्थिति में किसी गैर-मुस्लिम को वोट देना इस्लामी दृष्टिकोण से स्वीकार्य है या नहीं, या क्या कोई तीसरा विकल्प है?

श्रीलंका ने किया इनकार, तो मालदीव ने दे दी चीन के जासूसी जहाज को इजाजत

माले, एजेंसी। चीन का एक जासूसी जलपोत मालदीव सरकार की अनुमति मिलने के बाद ईंधन भरने के लिए मालदीव के एक बंदरगाह पर लंगर डालेगा। चीन इसे एक रिसर्च और सर्वे का काम करने वाला जहाज बताता है। लेकिन अमेरिका और भारत सहित कई देशों का मानना है कि ये एक जासूसी जहाज है जो चीन के पड़ोसी देशों पर नजर रखता है। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन की रिसर्च शिप 'शियांग यांग होंग 3' मालदीव के जलक्षेत्र में रहते हुए कोई रिसर्च कार्य नहीं करेगा। हालांकि भारतीय रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि भारत जहाज की आवाजाही पर कड़ी नजर रख रहा है। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि चीन की सरकार ने 'पोर्ट कॉल' के लिए आवश्यक मंजूरी के वास्ते राजनयिक अनुरोध किया था। 'पोर्ट कॉल' का अर्थ है- यात्रा के क्रम में किसी जहाज

का बंदरगाह पर कुछ देर रुकना। बयान में यह भी कहा गया कि मालदीव हमेशा से मित्र देशों के जहाजों का स्वागत करने वाला गंतव्य रहा है और शांतिपूर्ण उद्देश्यों से असैन्य और सैन्य जलपोतों की मेजबानी करता रहेगा। इसमें कहा गया, ''इस तरह के पोर्ट कॉल न केवल मालदीव और उसके साझेदार देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार करते हैं, बल्कि मित्रवत देशों से आने वाले जहाजों का मालदीव के लोगों द्वारा स्वागत करने की सदियों पुरानी परंपरा को भी प्रदर्शित करते हैं।'' चीनी जहाज को अनुमति भारत और मालदीव के बीच संबंधों में तनाव के बीच दी गई है। मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सत्ता में आने और पदभार संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत चीन की यात्रा की थी। परंपरागत रूप से, मालदीव के राष्ट्रपति अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत भारत की यात्रा करते रहे हैं। घटनाक्रम से अवगत अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को इस शिप ने इंडोनेशिया में सुंडा जलडमरूमध्य के माध्यम से हिंद महासागर क्षेत्र में प्रवेश किया। इसके बाद से भारतीय नौसेना चीनी जहाज पर नजर रख रही है। जहाजों की आवाजाही पर नजर रखने वाली निजी वेबसाइट 'मरीन ट्रैफिक' के अनुसार आठ साल पुराना चीनी जहाज आठ फरवरी को माले के एक बंदरगाह पर लंगर डाल सकता है।

बाइडन को भी प्राइमरी जीतने का भरोसा

न्यू हैंपशर में रिपब्लिकन-डेमोक्रेट खेमे का मुकाबला रोचक

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में इस साल के अंत में राष्ट्रपति चुनाव का प्रमुख मुकाबला होगा। इससे पहले प्राइमरी और कॉकस चरण में प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला हो रहा है। रिपब्लिकन प्रत्याशी के रूप में ट्रंप ने न्यू हैंपशर प्राइमरी में जीत हासिल की। एक रिपोर्ट के मुताबिक पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बाद बाइडन को भी प्राइमरी में जीत हासिल करने का पूरा भरोसा है। अमेरिकी मीडिया के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक समर्थकों को एकजुट रखने के लिए बाइडन ने अनौपचारिक रूप से राइट-इन अभियान चलाया।

अमेरिकी सियासत में दो दिग्गजों की सीधी टक्कर

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक बाइडन के राइट-इन अभियान से पहले डेमोक्रेट खेमा हताश होने लगा था। न्यू हैंपशर में चुनावी अभियान के प्रति बाइडन की कथित उदासीनता, कम उत्साह और तुलनात्मक रूप से नाम की कम चर्चा को लेकर डेमोक्रेट खेमा शर्मनाक हार की आशंका से जूझ रहा था, लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है। बाइडन प्राइमरी में जीत की औपचारिक घोषणा के बाद पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को सीधी टक्कर देंगे।

81 साल के बाइडन की जीत प्रतीकात्मक होगी: सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक न्यू हैंपशर में बाइडन 21 उम्मीदवारों की सूची में शामिल नहीं थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका कारण डेमोक्रेट गुट में आंतरिक पार्टी संघर्ष के कारण उन्होंने प्राइमरी के साथ-साथ परिणामों के लिए भी पंजीकरण नहीं कराया। इसके बावजूद 81 साल के बाइडन की जीत को प्रतीकात्मक माना जाएगा। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से मिल रही सीधी और मजबूत टक्कर के बीच डेमोक्रेट खेमा न्यू हैंपशर प्राइमरी के परिणाम का स्वागत करेगा।

आंतरिक कलह के कारण डेमोक्रेट खेमा चिंतित; अब बदल चुके हैं समीकरण?: अमेरिकी चुनाव से पहले हुए कुछ सर्वे और स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रंप इस साल के अंत में चुनाव से पहले बाइडन के मुकाबले बेहतर स्थिति में दिख रहे हैं। काफी बड़ी संख्या में जनता बाइडन से असंतुष्ट भी दिख रही है।

इन कारणों से डेमोक्रेट खेमा चिंतित था और उसका मानना था कि बाइडन को पर्याप्त समर्थन नहीं मिलेगा। चिंता बढ़ने के बीच बाइडन के समर्थकों ने ग्रेनाइट स्टेट में राइट-इन अभियान को बढ़ावा देना शुरू किया। खुद बाइडन न्यू हैंपशर में प्रचार करने नहीं पहुंचे। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तरी वर्जीनिया में बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने चुनाव प्रचार की शुरुआत की। दोनों ने गर्भपात के अधिकारों का समर्थन करते हुए रैली की मेजबानी की थी। दक्षिण कैरोलिना में मिला समर्थन भी बाइडन को मिली बढ़त का अहम कारण है।

चुनाव से पहले सर्वे में हैरान करने वाले नतीजे: मिशिगन-जॉर्जिया दो अहम राज्य हैं। दोनों राज्यों में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, वर्तमान राष्ट्रपति बाइडन के मुकाबले मजबूत स्थिति में हैं। सीएनएन के सर्वेक्षण में पाया गया है कि दोनों राज्यों की बहुमत आबादी राष्ट्रपति बाइडन के काम से खुश नहीं है। एसएसआरएस की तरफ से कराए गए सर्वेक्षण के मुताबिक बाइडन के कार्यकाल में उनके प्रदर्शन, नीतियों और तत्काल कार्रवाई जैसे पहलुओं पर बड़ी आबादी के विचार नकारात्मक हैं। बाइडन के पास ट्रंप की तुलना में 2020 से भी कम समर्थक हैं। सीएनएन के मुताबिक, ये आंकड़े दोनों उम्मीदवारों के लिए संभावित चुनौतियों का संकेत देते हैं।

श्रमिकों को ले जा रहा विमान टेक-ऑफ के बाद दुर्घटनाग्रस्त, छह की मौत; बढ़ सकती है हताहतों की संख्या

ओटावा, एजेंसी। उत्तरी कनाडा में मजदूरों को खदान में ले जा रहा एक छोटा यात्री विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, इस हादसे में एक व्यक्ति की जान बच गई है। हालांकि, व्यक्ति की हालत के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है।

उड़ान भरने के तुरंत बाद ही विमान दुर्घटनाग्रस्त: विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद सेना और संघीय पुलिस मौके पर पहुंचीं। बचावकर्मियों ने मलबा बरामद किया। ट्रेंटन, ओंटारियो में संयुक्त बचाव समन्वय केंद्र ने कहा कि सुबह के 8-50 बजे उड़ान भरने के तुरंत बाद ही विमान से संपर्क टूट गया था। शहर के एक अस्पताल ने बताया कि उन्होंने अपने सामूहिक प्रोटोकॉल को सक्रिय कर दिया है। जबकि, आर्कटिक क्षेत्र के प्रमुख कोरोनर गार्थ एगरबर्गर ने कहा कि मृतकों की गिनती जारी है। उन्होंने इसके अलावा कोई अन्य जानकारी नहीं दी है।

जेटस्ट्रीम ट्विन टर्बोप्रॉप एयरलाइनर का संचालन करने वाली नॉर्थवेस्टर्न एयर ने बताया कि यह एक चार्टर विमान था, जो श्रमिकों को खदान तक ले जा रहा था। रनवे से 1.1 किलोमीटर दूर ही विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। फिलहाल फोर्ट स्मिथ से सभी विमानों को रोक दिया गया है। इस हादसे की जांच के लिए कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने एक टीम तैनात किया है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129